राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI No.: UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ, बुधवार 1 जनवरी 2025

राजधानी लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष 06, अंक 95, पृष्ट 12, मूल्य : 03 रूपया

**आप सभी देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाये**

नैनं छिंदन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेन्दन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

*"मानस मन में सदा रहेगी, तेरी स्मृतियों की बदली"*



परम् पूज्यनीय माँ की 22वीं पुण्यतिथि (01 जनवरी 2025) पर हम शत्-शत् नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

कभी ना विस्मृत होने वाली यादों के साथ


## स्मृतिशेष लालती देवी

पत्नी- श्री राजदेव सिंह पूर्व विधायक

ग्राम व पोस्ट बंसफ़ा, सिकरारा, जौनपुर



श्रीकला धनन्जय सिंह
अध्यक्ष जिला पंचायत जौनपुर



राजदेव सिंह
पूर्व विधायक रारी जौनपुर




धनन्जय सिंह
पूर्व सांसद जौनपुर

जितेन्द्र सिंह 'दादा', अभ्युदय सिंह

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## डॉ. सरफराज खान

जफराबाद

चेयरमैन प्रतिनिधि

संपर्क सूत्रः 9198315225

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



बड़ागांव यूथ क्लब अध्यक्ष व प्रधान पद के भावी उम्मीदवार

## रईस अहमद

संपर्क सूत्रः 9198315225

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## मोहम्मद वारिस हाशमी

वारिस टेंट हाउस

संचालक

सुल्तानपुर रोड बड़ागांव

संपर्क सूत्रः 9794797179

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## राधेश्याम दूबे

ग्राम प्रधान



जैतूपुर

ब्लाक भीटी

अंबेडकर नगर

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## डॉ. राम जीत



वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र पाती

अंबेडकर नगर

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## सोनू



प्रधान

ग्राम सभा किसनी

विकासखंड शुकुल बाजार


जनपद अमेठी

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## इफ्तिखार अहमद

पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि



शुकुल बाजार, अमेठी

प्रोपराइटर

सिराज फीलिंग सेंटर

महोना

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## डॉ. अंजू सिंह

सचिव प्रबंधक

ठाकुर बाड़ी महिला विकास कल्याण समिति

श्री गौरी शंकर मंदिर सिगरामऊ जौनपुर

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## मो. फारुक

प्रधान ग्राम



पंचायत सेमरहना

विकास खंड पचपेड़वा

बलरामपुर

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## मो० लतीफ

भवन निर्माण व



पेंटिंग हेतु

सम्पर्क करें -

8009334503

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## शहनवाज अहमद



सभासद

अबीरगढ़

टोला

वार्ड न 36

---

समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## अफसर अनमोल



समाजसेवी



# संक्षिप्त ख़बरें

## चार दिवसीय जिला स्तरीय सोहेल अहमद मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**जलालपुर अंबेडकर नगर।** चार दिवसीय सोहेल अहमद मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन जलालपुर कस्बे के वाजिदपुर में स्थित राजधानी पेंटहाउस ग्राउंड में आयोजित किया गया है। दिनांक 30- 12-2024 को मुख्य अतिथि डॉ आर आर शुक्ला विशिष्ट योजना जलालपुर और कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। खेल प्रेमियों के मांग पर मुख्य अतिथियों ने खेल के माध्यम से भी अपनी प्रतिभा दिखाई और उपस्थित लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल के महत्व पर भी प्रकाश डाला। हाजी कफील अहमद द्वारा मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र पहना कर माल्यार्पण करते हुए सम्मान किया गया।राजधानी पेंट हाउस हाजी कफील अहमद, एसपी गुप्ता, आकाशदीप जायसवाल ,ऋषिकेश सोनी ,सागर विश्वकर्मा, विकास गुप्ता, अतहर हाजी तफसील आदि के सौजन्य से बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया गया है। बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेल के प्रेमियों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक खेल को संपन्न करवाया और उपस्थित लोगों ने खेल का भरपूर आनंद लिया।

## परिवार ने अपने पूर्व प्रबंधक को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**अंबेडकर नगर।** जयराम वर्मा बापू स्मारक इन्टर कॉलेज नाऊ सांडा अंबेडकर नगर में विद्यालय के पूर्व प्रबन्धक स्व0 राकेश वर्मा का जन्मदिन विद्यालय प्रांगण में विद्यालय परिवार ने उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके मृदुल व्यवहार को याद कर सभी लोगों ने उनके पद चिन्हों पर चलने की शपथ ली।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार वर्मा, विद्यालय के प्रबन्ध समित के वरिष्ठ सदस्य।चक्रधारी वर्मा,बृजेश कुमार वर्मा, अमरेश वर्मा, विद्यालय के अभिभावक संघ अध्यक्ष गंगाराम कन्नौजिया, सुरेन्द्र कुमार, शिव पुजारी, राम कमल, रागुपति , नरेन्द्र भारती, ऊषा वर्मा, सुबरन, सुनील वर्मा, सभाजीत, कुंवर चन्द, भोला नाथ, संदीप वर्मा, धीरेन्द्र वर्मा, मेंहदी हसन, रामानन्द, अकरम, आदि आदि विद्यालय परिवार समलित रहें।

## मानक के विपरीत हो रहा नाले का निर्माण

**टांडा अंबेडकरनगर।** जनपद अंबेडकर नगर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा स्वीकृत की गई नाला निर्माण का संबंधित ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत सड़क से लगभग 4 फुट की गहराई पर नाले के स्थान पर नाली निर्माण करने का कार्य किया जा रहा है जिसे आगामी समय में दुरुपयोग किया जाना संभावित है सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत कोटे से करोड़ों का ठेका नाला निर्माण चक आसोपुर से बलुवहवा पोखरा स्थित नाले तक स्वीकृत है जिसमें संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क से लगभग 4 फीट गहरा नाली निर्माण कराकर कार्य योजना की पूर्ति की जा रही है। जो भविष्य में स्वत मिट्टी से पट सकता है पानी का बहाव जल निकासी संभव नहीं दिख रही है। जिसकी शिकायत जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला अधिकारी महोदय जनपद अंबेडकर नगर को स्वत संज्ञान लेकर जांच कार्यवाही किए जाने की मांग ग्रामीण जनता द्वारा की गई है।

## मण्डल अध्यक्षों का कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत




**देवरिया।** नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष अभय सिंह विशेन लार एवं सलेमपुर मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव का भाजपा कार्यकर्ताओ ने मुसैला, भरथुआ, पुरैना, महदहा, सलेमपुर एवं लार रोड मे स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह उत्सव नए नेतृत्व के साथ नए जोश और उत्साह का प्रतीक है, जो पार्टी को और मजबूती देगा।इस दौरान मण्डल अध्यक्ष लार रोड अभय सिंह विशेन ने भाजपा के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि पार्टी युवाओं को जिम्मेदारी देकर विकास की दिशा में कदम बढ़ा रही है। मण्डल अध्यक्ष सलेमपुर पुनीत यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं की यह नई टीम पार्टी के संगठन को और मजबूत बनाएगी। स्वागत कार्यक्रम का नेतुत्व अतुल कुमार मिश्र, राकेश राजभर, अजीत कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीशचंद्र तिवारी, निवर्तमान सांसद रविन्दर कुशवाहा, अमरेश सिंह बबलू, अशोक पाण्डेय, कन्हैया जायसवाल, अजय दूबे वत्स, अभिषेक जायसवाल, अनूप उपाध्याय, संजय कुशवाहा, मिथिलेश बाबा, विद्या पाठक, अमरेंद्र कुशवाहा, मदन मुरारी, प्रेमप्रकाश कुशवाहा, रामप्रताप, विनय सिंह, दीपक गोड़, अशोक सिंह, रवि कुशवाहा, अरुण सिंह, शेषनाथ, धीरेन्द्र राजभर आदि मौजूद रहे।

# सीओ, एएसपी, एसपी व डीआईजी से शिकायत करने के बाद भी नहीं दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

**● - पीड़ित मां माया देवी ने हत्या आरोपियों से जताई जान का खतरासोनहा पुलिस ने 15 दिन बाद भी दफ़नाये गये शव का नही करा रही पीएम - पीड़ित**




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती पुलिस से धीरे - धीरे पीड़ितों को न्याय मिलने की उम्मीद कम होती जा रही है । पीड़ितों को थाने से लेकर जिले के उच्च अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद भी न्याय नहीं मिल रहा है । पीड़ित मां ने पुत्री की हत्या का मुकदमा दर्ज करने के लिए सीओ रुधौली स्वर्णिम सिंह , अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह , पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी और डीआईजी दिनेश कुमार पी से शिकायत की थी 15 दिन बीतने के बाद भी सोनहा पुलिस ने न तो दफ़नाये गये शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम करा रही हैं और न ही हत्या का मुकदमा दर्ज कर रही है । सोनहा पुलिस हत्या के मामले को छिपाने में पूरा प्रयास कर रही है । आपको बता दें कि सोनहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जोगिया में दिनांक - 14 - 12 - 2024 को 15 वर्षीय लड़की प्रीती को चाचा समेत अन्य लोगों ने पीट - पीट कर हत्या कर दिया है और आनन फानन में शव को ठिकाने लगाने का आरोप मृतक लड़की प्रीती की मां माया देवी पत्नी चिनगी प्रसाद ने लगाया है । हत्या आरोपियों ने मृतक की मां माया देवी को भी 03 दिनों तक घर में कैद किये हुए थे और धमकी दे रहे थे कि यदि तुम घर से बाहर निकली या किसी ग्रामवासियों / रिश्तेदारों को फोन करके प्रीती के मृत्यु की सूचना दिया तो तुम्हे भी प्रीती की तरह मौत के घाट उतार दूंगा और तुम्हारे मायके वाले भी लाश को नहीं देख पायेंगे ।

थाना हर्रैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत - महुआ लखननपुर पो. महराजगंज निवासी मामा ने पुलिस चौकी असनहरा को प्रीती के हत्या की सूचना देने गये थे । चौकी प्रभारी असनहरा ने मामा रवीन्द्र कुमार को डाट कर भगा दिया और कहा कि तुम कौन होते हो प्रीती की हत्या का मुकदमा लिखावाने वाले । पीड़ित माया देवी के मायके वालों ने दिनांक - 19 - 12 - 2024 को पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी को लिखित सूचना देने के लिए गये थे लेकिन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नही थे । उसी दिन पीड़ित परिवार ने रुधौली क्षेत्राधिकारी को घटना की लिखित सूचना दिया था । मामा ने दिनांक - 20 - 12 - 2024 को मृतक की मां माया देवी को पुलिस बल के सहयोग से हत्या आरोपियों से मुक्त कराया और साथ अपने साथ ही मृतक की मां माया देवी को ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर लाया । दिनांक - 21 -12 -2024 को पीड़ित मां माया देवी ने अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ओम प्रकाश सिंह से उक्त प्रकरण में जांच कर कार्रवाई की मांग किया है । उक्त प्रकरण को अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल मामले की जांच सीओ रुधौली स्वर्णिम सिंह के साथ किया लेकिन जांच में क्या मिला ? क्या कार्रवाई हुई ? जिसका पता पीड़ित परिवार को नही है । पीड़ित परिवार को यह पता है मृतक प्रीती के हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज नही है । पीड़ित मां माया देवी ने बताया कि यदि जिले के पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों का ऐसा ही रवेया रहा तो मुझे खुद आत्म हत्या करना पड़ेगा क्योंकि हत्या आरोपियों द्वारा कभी भी मेरी हत्या कर सकते हैं । किसी तरीके से मायके में चोरी छिपे रह रही हूं । मेरे मायके वाले डरे हुए हैं । दो दिनों से लगाकर डीआईजी दिनेश कुमार पी के कार्यालय का चक्कर लगाने के बारे बाद भी डीआईजी कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों ने पीड़ित को डीआईजी दिनेश कुमार पी से नही मिलने दिया और पुलिसकर्मियों ने पीड़ित से कहा कि घर जाओं हत्या के मामले में जांच कर कार्रवाई होगी । पीड़ित माया देवी को तेज तर्रार डीआईजी दिनेश कुमार पी से पूरी उम्मीद है कि मृतक पुत्री प्रीती की हत्या मामले में मुकदमा दर्ज होगा और दफ़नाये गये शव का पोस्टमार्टम होगा । जाच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी

# बढ़ती ठंड के चलते स्कूलों में अवकाश घोषित 14 जनवरी बंद रहेंगे परिषदीय व कान्वेंट स्कूल



कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी–बस्ती

पत्रांक / बेसिक / 11724-32 / 2024–25 दिनांक– 30-12-2024

कार्यालय आदेश

सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ... 36431–604 / 2023–24 दिनांक ... निर्देशानुसार ... जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी–बस्ती के पत्रांक / 11... / 2024–25 दिनांक ... द्वारा जनपद बस्ती मे उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के ... संचालित विद्यालयों ... प्राप्त बेसिक विद्यालयों मे दिनांक–31.12.2024 से दिनांक–14 जनवरी, 2025 तक शी... घोषित किया गया है।

जिलाधिकारी महोदय ... द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार जनपद बस्ती मे उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों / मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों के साथ–साथ अन्य सभी बार्डो से मान्यता प्राप्त ... के विद्यालयों (कक्षा–1 से कक्षा–8 तक) मे भी दिनांक–31.12.2024 से दिनांक–14 ज... 2025 तक शीतावकाश घोषित किया जाता है।

उपरोक्तानुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाय, यदि उपरोक्त अवधि मे कोई भी विद्यालय संचालित पाया जाता है, तो कठोरतम कार्यवाही हेतु बाध्य होना पडेगा।

(अनुप कुमार तिवारी)

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आसमान में बादलों की आवाजाही के बीच उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बीते दिनों बारिश भी हुई है। वहीं, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी भी तेज हो गई है। इसका असर समूचे उत्तर भारत से लेकर उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। सुबह और शाम से लेकर अब दोपहर में भी कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। इसके चलते लोगों का घर से निकलना मुश्किल होने लगा है। बढ़ती ठंड को देखते हुए उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में भी 14 जनवरी तक के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस बाबत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है।

**बस्ती में 14 जनवरी तक स्कूलों में छुट्टी**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी की ओर से जारी आदेश में बस्ती में स्कूलों में 14 जनवरी 2025 तक के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया है। आदेश में उन्होंने कहा है कि जनपद बस्ती में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों, मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में 31 दिसंबर 2024 से14 जनवरी 2025 तक शीतावकाश घोषित किया गया है। जिलाधिकारी बस्ती के द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार जनपद बस्ती में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों, मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों के साथ-साथ अन्य सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त समस्त प्रकार के विद्यालयों (कक्षा-1 से कक्षा-8 तक) में भी 31 दिसंबर 2024 से 14 जनवरी, 2025 तक शीतावकाश घोषित किया जाता है।

# विश्व हिन्दू परिषद् गोरक्ष प्रांत द्वारा श्रृंगीनारी मंदिर पर पूजा अर्चना की

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा प्रांत मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क आयाम का मिलन एवं अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विश्व हिन्दू परिषद् गोरक्ष प्रांत के संगठन मंत्री राजेश जी, मंत्री नागेंद्र जी, सह मंत्री सगुण श्रीवास्तव जी विभाग संगठन मंत्री मनीष जी, कटरा कुट्टी हनुमान मंदिर के महन्त श्री चिन्मय जी , संत जानकी जी, दुर्गा दास जी, श्रृंगीनारी मंदिर के पुजारी राजू दास जी गोरक्ष प्रांत के मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क आयाम प्रमुख पंडित दिनेश मिश्र, राजेश जी ने प्रभु श्रीराम और भारत माता के चरणों में पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्य क्रम का शुभारंभ किया। कार्य क्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण करते हुए दिनेश मिश्र ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद् भारतीय संस्कृति के सकारात्मक चिंतन और जीवन मूल्यों को भारतीय समाज में आचरण और व्यवहार में स्थापित करने के लिए मंदिर अर्चक पुरोहित और कथावाचक का सम्मेलन आयोजित कर रहा है। सभी अतिथियों का माल्यार्पण तथा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। विश्व हिन्दू परिषद् गोरक्ष प्रांत के संगठन मंत्री राजेश जी ने कहा कि मंदिर अर्चक पुरोहित और कथा वाचक हिन्दू समाज को जागरूक करने का कर्तव्य निर्वहन करें। हिन्दू समाज के परिवार माता भगिनी को संस्कार से जोड़ने के हिन्दू विरोधी लव जिहाद, धर्मांतरण जैसे कुचक्र के प्रति सावधान करें। मंदिर में पाठशाला, मल्ल शाला, गोशाला और पाकशाला स्थापित किया जाए। मंदिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त कर हिन्दू समाज को सौंप दिया जाए। मंदिरों और हिन्दू समाज की रक्षा के लिए हिन्दू युवा शक्ति संगठित किया जाए। कटरा कुट्टी हनुमान मंदिर के महन्त चिन्मय जी ने कहा कि हिन्दू समाज को आर्थिक दृष्टि से शक्ति शाली बनाने के लिए संगठित होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। फल फूल, वस्त्र, छोटे छोटे कौशल के कार्य और व्यापार से हिन्दू युवा को प्रशिक्षित कर जोड़ने की आवश्यकता है। संत और धर्माचार्य का दायित्व है कि समाज को सही और सुरक्षित दिशा में चलने के लिए प्रेरित करें। भारत विश्व गुरु था विश्व गुरु है और विश्व गुरु रहे इसके हिन्दू समाज को शक्ति शाली और संगठित होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। विभाग के मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख के रूप में श्री राजेश पाठक,सह अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख के रूप में प्रदीप पांडेय की घोषणा गोरक्ष प्रांत के मंत्री नागेंद्र जी ने किया। कार्य क्रम में विश्व हिन्दू परिषद् मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की पालक कविता त्रिपाठी, भारती शुक्ला, प्रदीप पांडेय, प्रवीण सिंह, विवेक सिंह,डॉ विनोद कुमार शुक्ल, अनंत कृष्ण पांडेय, डा राज किशोर,धर्मेन्द्र, पारसनाथ मिश्र, शैलेंद्र द्विवेदी,ब्रज भूषण पांडेय सहित बड़ी संख्या में मंदिर अर्चक पुरोहित कथावाचक और धर्माचार्य उपस्थित थे ।

# प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीयटीवी मुक्त भारत टीवी मुक्त पंचायत की अच्छी पहल है

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में प्रदेश सरकार द्वारा100 दिवसीय सघन टीवी रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है जिसके के तहत वेम्हरी, धरमपुर ,सिंहा राजा ,दुबौलिया से सी एच् ओ पूर्णिमा मिश्रा , anm सीमा राव, एवं किरण पाल ,के द्वारा आशा के माध्यम से 60 साल से ऊपर टीवी के मरीज के घरों के मेंबर तथा धूमपान करने वाले अल्कोहलिक शुगर के मरीज एचआईवी से ग्रसित कैंसर से ग्रसित सभी को सरकारी वाहन द्वारा सी एच् सी दुबौलिया ले जाकर जांच कराया जा रहा है लैब पर्यवेक्षक संजय पांडे जी द्वारा गुणवत्ता रहित रिपोर्ट × हड्डु4 की रिपोर्ट तुरंत दिला कर चिन्हित मरीजों को उनकी तुरंत टीवी की दवा शुरू कराई जा रही है तथा उनको मिलने वाले डीबीटी को तुरंत उनके खाते में स्थानांतरण कराया जा रहा है मरीज को पोषण पोटली दिलाने का काम भी जिला पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान एवं सम्मानित अधिकारी कर्मचारी गण से दिलाया जा रहा है गांव वालों तथा ब्लॉक तहसील वालों में इस योजना को लेकर खुशी का माहौल है सरकार द्वारा यह पहला टीवी मुक्त भारत टीवी मुक्त पंचायत की अच्छी पहल है टीवी जांच कर्मचारी योग्यनम आशा बहू और ग्राम प्रधान जिला पंचायत सदस्य सम्मानित लोगों द्वारा टीवी खोज अभियान में सहयोग किया जा रहा है बस्ती जनपद में टीवी मुक्त भारत कार्यक्रम में बाढ़ चलकर हिस्सा लेने वाले एएनएम आशा बहू और कर्मचारी कड़ी मेहनत के बावजूद भी तलाश अभियान जारी है टीवी लोगों से ग्रसित युवक की विधियां एवं बच्चों का जांच जरूरी है जांच में अगर टीवी बैक्टीरिया मिलता है तो उसे दवा और तथा मिलने वाली सरकार द्वारा सुविधा दी जाती है ऐसे मौके पर सुपरवाइजर संजय पांडे सहित दर्जनों स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधान सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे।

# घने कोहरे में वाहनों विशेषकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टिव टेप चस्पा कराएंः एडीएम

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। एडीएम ने विगत दिनों खेरेश्वर चौराहे पर घटित दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए नेशनल हाईवे की अधिकारियों को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के उपरांत 12 घंटे तक सड़क पर चहुंओर बेतरतीब ढंग से मलवा बिखरा रहा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा मलवा हटाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने आरटीओ को नेशनल हाईवे अथॉरिटी से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क पर 12 घंटे तक फैला मलवा किसी अन्य दुर्घटना को आमंत्रित करता रहा, परंतु एनएचएआई द्वारा कोई सुध नहीं ली गई।

सारसौल चौराहे पर रोडवेज बसों के बेतरतीब ढंग से सड़क पर खड़े होने के संबंध में परिवहन निगम को निर्देशित किया गया कि वह सुनिश्चित कराएं कि बसें बस अड्डे के बाहर न खड़ी होने पाएं। एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि नेशनल हाइवे पर अवैध कट को एसडीएम से समन्वय कर तत्काल बंद कराएं। उन्होंने पश्चिमी बाईपास एवं खेरेश्वर के मध्य बनाए जा रहे अवैध एप्रोच मार्ग को तत्काल बन्द कराए जाने के भी निर्देश एनएचएआई को दिए। आईआरडीए एप्लीकेशन पर सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में आख्याएं अपलोड न करने पर थानाध्यक्ष क्वार्सी, गॉधी पार्क एवं अकराबाद के विरूद्ध एसएसपी को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि 720 प्रविष्टियों के सापेक्ष अभी तक 300 प्रविष्टियां अपलोड होना शेष है, जिनमें से सर्वाधिक उपरोक्त तीन थानाध्यक्षों द्वारा अपलोड कराई जानी है। बौनेर तिराहे पर स्थित रोड पर पुनः हुए अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने कहा कि वर्तमान में शीतलहर के साथ ही घना कोहरा आरंभ हो चुका है। उन्होंने मण्डी, गन्ना, यातायात विभाग एवं परिवहन निगम को निर्देशित किया कि सभी प्रकार के वाहनों विशेषकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर अभियान चलाकर रिफ्लेक्टिव टेप चस्पा कराएं। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लेखपाल और मुंशी पर मनमानी वसूली का आरोपः तहसीलदार को पत्र देकर किया कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती ।** बस्ती जिले के सभी तहसीलों में लेखपाल द्वारा फर्जी रिपोर्ट और घोटाला किया जा रहा है दूसरे के पत्ता भूमि पर फर्जी तरीके से ऊपर राइटिंग करके जमीन दूसरे के नाम पत्ता किया जा रहा है लेखपाल द्वारा अभय दोसौली की जा रही है ताजा मामला नगर पंचायत मुण्डेरवा के सभासद चन्द्रमोहन भट्ट के नेतृत्व में सभासदों और क्षेत्रीय नागरिकों ने तहसील बस्ती सदर को पत्र सौंपा। मांग किया कि राजस्व लेखपाल मनोज श्रीवास्तव और उनके मुंशी कमलेश वर्मा द्वारा जाति, आय, निवास प्रमाण-पत्र आदि बनवाने के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाते हुये उनके विरूद्ध कार्रवाई कराया जाय। पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत मुण्डेरवा में तैनात राजस्व लेखपाल मनोज श्रीवास्तव और उनके मुंशी कमलेश वर्मा द्वारा जाति, आय, निवास प्रमाण-पत्र आदि बनवाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। आवेदन करने पर 15 से 20 दिन के बाद रिपोर्ट लगाया जाता है। बाद में लेखपाल और मुंशी द्वारा आवेदक को फोन किया जाता है कि आधार कार्ड लेकर मुण्डेरवा बाजार में मिलो। मिलने पर 500 से लेकर दो हजार रूपये तक की मांग किया जाता है। रूपया न देने पर रिपोर्ट बिलम्ब करके मनमाना कारण बताकर आवेदक के फार्म को रिजेक्ट कर दिया जाता है। जो लोग रिश्वत दे देते हैं उनकी रिपोर्ट 42000 की लगा दी जाती है और न देने वालों का रिपोर्ट 72000 से 120000 रूपये तक लगा दिया जाता है। यही नहीं पेंशन बनवाने, वरासत लगवाने, खसरा खतौनी आदि बनवाने सहित योजनाओं का लाभ उठाने के लिये लेखपाल और मुंशी द्वारा रिश्वत की मांग की जाती है और न देने पर आवेदन रिजेक्ट कर दिया जाता है। इससे नागरिक परेशान है। ज्ञापन देने के बाद आलोक कुमार चौधरी सभासद, शिवकुमार, सभासद प्रतिनिधि अजय अग्रहरि, राम प्रकाश चौधरी, पंकज भट्ट, दिलीप भट्ट, रोहित भट्ट, सर्वेश भट्ट, अभय कुमार वर्मा, चंद्रशेखर, मुख्तार, समसुल, सावित्री देवी, प्रेम शिला, खुशबू, संगीता, पूजा चौधरी, राजमती आदि ने मांग किया कि रिश्वतखोरी पर अंकुश लगाते हुये दोषी लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराया जाय।

# महिला के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के रुधौली थानाक्षेत्र में एक महिला संग दुष्कर्म करने व अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसके साथ रेप किया गया। कोर्ट के आदेश पर रुधौली पुलिस ने एक प्राइवेट कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। रुधौली थानाक्षेत्र की रहने वाली 29 वर्षीय पीड़ित महिला ने तहरीर देकर बताया है कि अयोध्या जनपद के कुमारगंज थानाक्षेत्र का रहने वाला अरविन्द कुमार रुधौली क्षेत्र में स्थित एक डिलीवरी कम्पनी में काम करता था। वह यहीं कमरा लेकर रहता था। आरोप है कि बीते सितंबर महीने में उसे अकेला पाकर अपने आफिस में ले गया और कमरा बंद कर लिया। उसके साथ गलत हरकत करने लगा। मना करने पर चाकू दिखाकर धमकाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही अश्लील वीडियो भी बना लिया। धमकी दी कि अगर यह बात अपने पति से बताओगी तो तुम्हारे बच्चों को जान से मार देंगे। साथ ही अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसने बलात्कार किया। रुधौली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अरविन्द कुमार के खिलाफ रेप समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की विवेचना सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह को सौंपी गई है।

# शिवभक्त सेवा समिति का खेरेश्वरधाम में होगा चौदहवां अनुष्ठान



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** शिव भक्तों की प्रमुख संस्था शिव भक्त सेवा समिति द्वारा एक जनवरी बुधवार को देवाधिदेव महादेव का चौदहवां रुद्राभिषेक और नौ गृह यज्ञ सिद्धपीठ खेरेश्वर धाम में आयोजित किया जाएगा। धीरज पैलेस स्थित सिटी क्लब में आयोजित समिति की बैठक में संस्थापक मनीष अग्रवाल वूल और पंकज धीरज ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार नव वर्ष का आरंभ नए विक्रम संवत से होता है, लेकिन कैलेंडर वर्ष के प्रथम दिन से ही सर्व कल्याण के लिए हम लोगों से 14 वर्ष पूर्व ये अनुष्ठान प्रारंभ किया। ताकि भगवान शिव के आशीर्वाद के साथ नव गृहों का प्रताप भी सभी को मिले। इस अनुष्ठान को महामंडलेश्वर पूर्णानंद पुरी जी महाराज सम्पन्न कराएंगे। शिव भक्त कमल अग्रवाल ने बताया कि भक्तों की सुविधा के लिए सभी व्यवस्था पूर्ण कर ली गई हैं। बैठक में बताया गया कि बुधवार एक जनवरी को प्रातः 10 बजे रुद्राभिषेक अपराह्न 12 बजे नौ कुंडी यज्ञ और झांकियों सहित भजन कार्यक्रम के साथ परसादी का आयोजन होगा। बैठक में विनोद आशा इंडिया, बंटी चौधरी, विनीत गर्ग,मुरली अग्रवाल, सुमित वार्ष्णेय, आशीष, अजय, पीयूष, संजीव आदि सहित समिति के अन्य सेवक उपस्थित रहे।

# एडमिन कप में गंगा एकेडमी 126 रन से जीते



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** एडमिन कप के फाइनल मुकाबला डीएवी ग्राउंड पर गंगा एकेडमी व मास्टर स्टोक एकेडमी के मध्य खेला गया । जिसमें अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन से मेन ऑफ द मैच और मेन ऑफ द सीरीज प्रगति को मिला। मास्टर स्टोक एकेडमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी गंगा एकेडमी की तरफ से प्रगति ने सर्वाधिक 41 गेंदों में 56 रन व परी ने 22 रन और दिव्या ने 21 रनों की पारी खेली और मास्टर स्टोक की तरफ से कुशांक ने 46 रन दे कर 3 विकेट हासिल किए।

वहीं गंगा एकेडमी ने मास्टर स्टोक को 195 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य दिया और लक्ष्य का पीछा करने उतरी मास्टर स्टोक की टीम की शुरुआत बहुत खराब रही केवल एक मात्र खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा पार कर सका ,कृष्णा जिसने 24 रन बनाए। गंगा एकेडमी की तरफ से सर्वाधिक प्रगति 8 रन दे कर 4 विकेट प्राप्त किए। मास्टर स्टोक की टीम को 68 रनों पर ऑल आउट कर दिया। ये मुकाबला 126 रनों से अपने नाम कर लिया। प्रगति के हरफन मौला खेल के लिए उनको मेन ऑफ द मैच व मेन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। इस अवसर पर वहां एडमिन कप के स्पॉन्सर्स सुमित एडमिन व तरुन सैमसंग एवं दोनों एकेडमी के कोच सुशांत राजपूत,विजय वार्ष्णेय ने सभी विजेता उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया । व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने सभी युवा खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों को दी गयी विदाई



**अमेठी।** जनपद अमेठी में नियुक्त पुलिस उपाधीक्षक जगदीश कुमार, उपनिरीक्षक सन्तलाल यादव, उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह एवं लीडिंग फायरमैन अनिल कुमार सिंह को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी अर्पणा रजत कौशिक द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई, साथ-साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे- फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी/कर्मचारी गण को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार, प्रशिणाधीन पुलिस उपाधीक्षक व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## युवक ने लगाई गंगा में छलांग

**लालगंज रायबरेली।** मंगलवार को गेगासो गंगा घाट में उस समय हड़कम्प मच गया जब एक युवक ने गंगा के गहरे पानी में छलांग लगा दी। छलांग लगाते ही मौके पर मौजूद लोगो ने दौड़ लगाकर उसे बचाने का प्रयास किया। कुछ लोगो ने नाव के सहारे डूबने वाले स्थल तक पहुंचने की कोशिश की मगर उनके पहुंचने से पहले ही युवक गंगा में डूब बताया गया है गोताखोर और गेगासो पुलिस युवक को ढूढ़ने का देर शाम तक प्रयास करती रही। मगर समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नही चल सका। अज्ञात युवक कहां का है इसकी भी अभी तक कोई जानकारी हासिल नही हो सकी है।

## दलित युवक की दुकान में लगी आग, लाखों रुपए का नुकसान

### पुलिस ने नही दर्ज की घटना की प्राथमिकी

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज कस्बे के महेश नगर मोहल्ले में स्थित एक गुमटी को अज्ञात लोगो ने आग के हवाले कर दिया। जिससे गरीब दुकानदार का न केवल लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया बल्कि उसके अंदर रखी 10 हजार की नकदी भी जलकर राख हो गई। युवक तिकोना पार्क के नजदीक का रहने वाला गोपाल पेंटर का भाई राज है। वह महेश नगर स्थित एक निजी अस्पताल के बगल में फोटो बाइंडिग का कार्य करता था। मौके पर लोगो को आकर्षक फोटो मुहैया कराता था। मगर उसकी दुकान में आग लग जाने से उसकी रोजी रोटी तो गई ही साथ ही उसके क्रेताओं के मंशूबो पर पानी भी फिर गया। पीडित के अनुसार उसका करीब इस अग्निकांड में डेढ लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना की प्राथमिकी दर्ज कराने के लिये कोतवाली पुलिस को पीडित ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। मगर समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने जांच के नाम पर कोई कार्रवाई नही की है। पीड़ित के परिवार आगे रोटी रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

## इफको द्वारा आयोजित गोष्ठी में किसानों को दी गई जानकारी

**सिद्धार्थनगर** उसका बाजार ब्लॉक क्षेत्र के अमवा गांव में इफको एमसी के द्वारा मंगलवार को किसान गोष्ठी का अयोजन किया गया। किसान गोष्ठी में इफको एमसी के क्षेत्रीय अधिकारी योगेंद्र कुमार ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं के फसल में सही समय पर खरपतवारनाशी का दवा उपयोग करे जिससे खरपतवार पूर्ण रूप से नष्ट हो जाए और गेहूं उत्पादन में वृद्धि हो।

अपने संबोधन में सल्फर के बारे में बताया कि तिलहन के फसल में सबसे अच्छा कारगर है। तेल की मात्रा को बढ़ाता है। कृषि से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां दी। इस दौरान एग्रीजंक्शन वन स्टॉप शॉप के प्रोपराइटर अनंत कुमार मिश्र किसान चंद्रिका वर्मा, मोनू यादव, शहाबुल, भूपेनारायण, दशरथ, घरभरन, उमेश चंद्र, नसीर अहमद, रामकिशोर, पंकज आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

● कार्यशाला में मीडिया बंधुओ से सोलर रूफटॉप सिस्टम, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, पीएम आवास योजना, 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार की अपील की गई



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने उपस्थिति मीडिया बंधुओ से अपील करते हुए वर्तमान समय में जनपद में चल रही योजनाओं क्रमशः सोलर रूफटॉप सिस्टम की स्थापना, किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, पीएम आवास योजना तथा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के जन सामान्य में व्यापक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। कार्यशाला में सर्वप्रथम परियोजना अधिकारी यूपीनेडा केशव चौरसिया ने आनग्रिड सोलर रूफटॉप प्लांट की स्थापना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 1 किलो वाट के सोलर रुफटाप पर रुपए 45000, 2 किलो वाट पर रुपए 90000, 3 किलो वाट तथा उससे अधिक किलोवॉट के प्लाट की स्थापना पर रुपए 108000 की सब्सिडी शासन द्वारा दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अपने घरों पर सोलर रूफटॉप लगवाए और अनुदान के साथ ही बिजली बिल से भी राहत पाए। उन्होंने बताया कि प्लांट की अनुमानित लागत प्रति किलो वाट रुपए 65000 है इस योजना के अंतर्गत लगाए गए सोलर पैनलों की कार्य क्षमता अवधि 25 वर्ष है सोलर प्लांट कमिश्निंग के उपरांत सब्सिडी डीबीटी द्वारा सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाएगी इस प्लांट को लगवाने के लिए मात्र 7% की ब्याज दर से बैंक लोन की सुविधा भी उपलब्ध है 3 किलोवाट का प्लाट मात्र रुपया 1800 की आसान ईएमआई पर लगवा सकते हैं योजना का लाभ उठाने के लिए जन सामान्य, बेवसाइट https://pmsuryaghar.gov.inपर आवेदन कर सकते हैं। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि सोलर रूफटॉप सिस्टम सरकार की बहुत ही अच्छी योजना है इस योजना के तहत जन सामान्य अपने घरों पर सोलर सिस्टम लगवा कर अनुदान के साथ ही बिजली बिल में राहत भी मिलेगी। वहीं कार्यशाला में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को लेकर डीटीओ दीपक कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत टीबी मरीजों की पहचान करना उनके समुचित इलाज तथा जन जागरूकता को लेकर कार्य किया जा रहा है अब तक 80000 से अधिक संवेदनशील व्यक्तियों की जांच की गई है। सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी रोगी की जांच और इलाज की सुविधा मुफ्त उपलब्ध है उन्होंने बताया कि टीबी आमतौर से फेफड़ों में होती है लेकिन शरीर के अन्य अंगों में भी फैल सकती है

टीबी के लक्षण हैं दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, मुंह से खून आना, सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, वजन कम होना, भूख न लगना, थकान, गर्दन में गिल्टी आदि। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि इन लोगों में टीबी की संभावना ज्यादा होती है जो लोग 60 साल से ऊपर हैं, कुपोषित/कमजोर लोग, डायबिटीज रोगी, धूम्रपान एवं नशा करने वाले, इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले, इलाज पूरा कर चुके टीबी रोगी, एचआईवी ग्रसित व्यक्ति, मलिन बस्तियों में रहने वाले आदि। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य टीबी के लापता रोगियों को खोजना, टीबी रोगियों की मृत्यु दर को कम करना, टीबी के नए व्यक्तियों को संक्रमित ना होने देना है। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने मीडिया बंधुओ से इस योजना का जन सामान्य में व्यापक प्रचार प्रसार करने की अपील किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान समय में चल रही योजनाओं किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के संबंध में जन जागरूकता हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार प्रचार करने को कहा। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी स्वयं अथवा अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर जाकर अनिवार्य रूप से बनवा लें अन्यथा की स्थिति में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उन्हें नहीं मिलेगा इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शासन द्वारा फैमिली आईडी बनाए जाने का कार्य भी प्रारंभ किया गया है इसके तहत हर परिवार की अपनी एक पहचान होगी इसमें राशन कार्ड धारक के अलावा शेष बचे हुए लोगों की फैमिली आईडी बनाई जानी है इसके तहत आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनवाने में कोई परेशानी नहीं होगी साथ ही पेंशन आदि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फैमिली आईडी जरूरी है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्व जनपद में प्रारंभ हो रहा है इस योजना के तहत आवास विहीन परिवारों को पक्की छत मुहैया कराई जानी है जो पात्र लोग हैं इस योजना में अधिक से अधिक आवेदन कर सकें इसके लिए आप सभी लोग समय-समय पर अपने समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से उपरोक्त योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते रहें जिससे अधिक से अधिक जन सामान्य उपरोक्त योजनाओं से लाभान्वित हो सके। कार्यशाला के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# विराट दंगल महोत्सव का आज होगा शुभारंभ

● कुश्ती, घुड़दौड़, वॉलीबॉल सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन



स्वतंत्र प्रभात

**जामों अमेठी।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां काली की असीम कृपा से विराट दंगल महोत्सव मेले का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन कर्ता लल्लन मिश्रा ने बताया कि आज 1 जनवरी को घुडदौड़, दोपहर 2:00 बजे से दंगल, रात्रि बेला में जादू व सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे।2 जनवरी को महिला और पुरुष दौड का कार्यक्रम होगा जिसमें प्रदेश स्तरीय प्रतिभागी प्रतिभा लेंगे वॉलीबॉल, तीतर, एवं मुर्गा की लड़ाई जैसे कार्यक्रम भी किए जाएंगे, 3 जनवरी को प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल रस्सा कसी व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे, 4 जनवरी को विशेष प्रतियोगिताएं होंगे 5 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम के आयोजक लल्लन मिश्रा ने बताया कि दंगल मेले में आने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक वर्ष जनपद के कोने-कोने से दंगल देखने लोग आते हैं 5 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में अनेकानेक आयोजन किए जाते हैं जिसमें धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

# मुख्य चौराहों तथा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की मांग

● कूड़ा,कचरा,कागज जलाकर हाथ सेंकने को मजबूर ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़, रायबरेली।** सोमवार से चल रही सर्द हवाओं से हांड कपाती ठण्ड बढ़ गई है। कोहरे की धुन्ध के चलते सोमवार, मंगलवार दोनों दिन सुबह से शाम तक सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए। पड़ रही कड़ाके की ठण्ड के चलते अधिकांश लोग घरों से बाहर नहीं निकले। रोज मर्रा की जरूरतों से बाहर निकले लोग ठुठुरते नजर आए। ठण्ड से बचने के लिए राहगीर चौराहों पर अलाव ढूढ़ते रहे किन्तु ग्रामीण अंचल में कहीं अलाव जलते नजर नहीं आए। कहीं रहगीर एवं ग्रामीण कागज जलाकर तो कहीं कूड़ा जलाकर हाथ सेकते नजर आए। मनुष्यों के ही जीव जन्तु ठण्ड़ से कांपते रहे। क्षेत्र के चुन्नीलाल निवासी मनोज रावत, श्रवण कुमार, खजुरों निवासी मोहित विक्रम, निहालखेड़ा निवासी रोहित गौतम, गूढ़ा निवासी सोनू, दुर्गेश बहादुर सिंह, पूर्व कसना प्रधान रामकिशोर मौर्य,ओम प्रकाश रावत सहित ग्रामीणों का कहना है कि शीतलहर शुरू हो गई है ग्रामीण एवं राहगीर ठण्ड से ठुठुर रहे हैं किन्तु अभी तक तहसील प्रशासन ने ग्रामीण अंचल में किसी भी चौराहे अथवा सार्वजनिक स्थल पर अलाव जलवाना मुनासिब नहीं समझा, जिसको लेकर लोगों में तहसील प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। शिवगढ़ तृतीय से जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, शिवगढ़ द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी, शिवगढ़ प्रथम से जिला पंचायत सदस्य अनुपमा मिश्रा ने मीडिया के माध्यम से तहसील प्रशासन एवं जिलाधिकारी से सार्वजनिक स्थलों तथा मुख्य चौराहों पर अलाव जलवाने की मांग की है। महराजगंज उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने बताया कि महराजगंज तहसील क्षेत्र में नगर पंचायतों तथा गौशालाओं को मिलाकर कुल 16 स्थानों पर अलाव जलवाए गए हैं।

**सचित्र- पूर्व गूढ़ा प्रधान द्वारा जलवाया गया अलाव**

**पूर्व प्रधान रामहेत रावत ने जलवाया अलावा**



पड़ रही कड़ाके की ठण्ड में जब महराजगंज तहसील प्रशासन ने मुख्य चौराहा तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाना मुनासिब नहीं समझा तो आगे आए पूर्व गूढ़ा प्रधान रामहेत रावत ने राहगीरों एवं ग्रामीणों को ठण्ड में राहत पहुंचाने के लिए अपने पास से बांदा- बहराइच हाईवे किनारे अलाव जलवाकर सराहनीय कार्य किया। उन्होंने बताया कि पिछले 2 दिनों से सर्द हवाएं चल रही है हाईवे से गुजरने वाले साइकिल, मोटरसाइकिल सवार राहगीर ठण्ड से कांपते रहते हैं ऐसे में अलाव जलता देखकर राहगीर रुककर अपने हाथ सेंकने लगते हैं जिससे उन्हें काफी राहत मिलती है। उन्होंने तहसील प्रशासन के साथ की समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि मुख्य चौराहों तथा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जववाकर जरूरतमंदों की मदद करें।

# सोनभद्र के हज यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

● हज यात्रा 2025 के लिए द्वितीय किस्त जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ी

**सोनभद्र।** जिला अल्पसंख्यक अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने हज यात्रा 2025 हेतु जनपद सोनभद्र के चयनित आवेदकों को सूचित किया है कि हज कमिटी आफ इंडिया सर्कुलर-21 31 दिसम्बर,2024 के क्रम में आप सभी को अपनी द्वितीय किस्त रुपया 1 लाख 42 हजार जमा करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। द्वितीय किस्त जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 06 जनवरी,2025 निर्धारित किया गया है। धनराशि ऑनलाइन वेबसाइट व हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्डए डेबिट कार्डए नेट बैंकिंग, यूपीआई के माध्यम से जमा किया जा सकता है। धनराशि हज कमिटी आफ इंडिया के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते में भी प्रेषित की जा सकती है। साथ ही सर्कुलर-22 के अनुसार हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान कराये जाने हेतु प्रशिक्षक पद के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 04 जनवरी,.2025 कर दी गई है।

# बडहरिया विधानसभा क्षेत्र बहादुरपुर पंचायत मे जदयू कार्यकारिणी की हुई बैठक - प्रमोद कुमार पटेल

स्वतंत्र प्रभात





**गोपालगंज**/सिवान 110 बडहरिया विधानसभा क्षेत्र बडहरिया प्रखंड बहादुरपुर पंचायत मे जद(यू0) की बैठक विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार पटेल की उपस्थिति मे हरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता मे हुई द्य बैठक का संचालन प्रखंड महासचिव कृष्णा पटेल ने किया, बैठक मे विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार पटेल ने पंचायत अध्यक्ष का सत्यापन किया और नये सिरे से बहादुर पुर पंचायत मे जदयू पंचायत अध्यक्ष एवं पंचायत कार्यकारिणी का गठन किया जिसमे पंचायत अध्यक्ष पिंटू कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अनुराग कुमार यादव, सचिव शम्स शमद ऊर्फ राजू को चुना गया तथा कार्यकारिणी मे अशरफ अली, सुनीता देवी, मंजू देवी, बबलू सोनी, अनिल कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार कुशवाहा, राघो महतो, दीना साह, रामाकांत प्रसाद, नीतीश महतो, लीलावती देवी, मिथुन शर्मा, सजरुल नेशा को बनाया गया द्य विधानसभा प्रभारी ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया उसके पहले उपस्थित लोगों ने विधानसभा प्रभारी का पुष्प माला से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया द्यबैठक को सम्बोधित करते हुए कहाँ की आगामी विधानसभा चुनाव 2025 मेएन डी ए के सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे लड़ा जायेगा द्य बिहार मे पार्टी ने कहाँ है की 2025 फिर से मुख्यमंत्री नीतीश और 225 का लक्ष्य को हर हॉल मे कार्यकर्ता पूरा करेंगे इसके लिए कार्यकर्ता संकलपित्त है। विधानसभा प्रभारी श्री पटेल ने कहाँ की बिहार का विकास नीतीश कुमार के नेतृत्व मे आसमान छू रहा है। बैठक मे जिला सचिव सह बडह रिया प्रखंड संगठन प्रभारी सतेन्द्र सिंह, प्रखंड महासचिव प्रेम शंकर कुमार ऊर्फ कृष्णा पटेल, प्रखंड उपाध्यक्ष आफताब आलम ऊर्फ वकील मुखिया सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# सोनभद्र में परिषदीय विद्यालयों और न्यायिक प्रणाली में सुधार के लिए मंडलायुक्त का दौरा

● मीरजापुर के मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी ने सोनभद्र का दौरा कर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर समीक्षा की।



स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** आयुक्त विंध्याचल मण्डल मीरजापुर डॉ मुथुकुमार स्वामी बी ने मंगलवार को सर्किट हाउस सोनभद्र में परिषदीय विद्यालयों में मिड डे मील योजना के तहत बच्चों को बेहतर मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने व बच्चों के आधार कार्ड बनाने हेतु जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में हो रही देरी के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को मीनू के अनुरूप गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाये और उनके पठन-पाठन के कार्य को बेहतर बनाया जाये। मण्डलायुक्त ने विद्यालयों के बच्चों के आधार कार्ड बनाने में जन्म प्रमाण-पत्र की आ रही समस्या के बारे में समीक्षा किया।जिसके संबंध में उप जिलाधिकारी द्वारा बताया गया ब्लाक स्तर पर समय से रिपोर्ट आख्या उपलब्ध नहीं हो पाती है जिस पर कारण जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के प्रक्रिया में देरी होती है।मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का आधार कार्ड काफी संख्या में अभी तक नहीं बन पाया है। जिसे प्राथमिकता के आधार पर बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने व आधार कार्ड बनाने में जन्म प्रमाण-पत्र की आ रही समस्या के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए जन्म प्रमाण-पत्र को जारी किया जाये। जिससे बच्चों का आधार बन सके और उन्हें आधार कार्ड के माध्यम से मिलने वाले सरकारी लाभों से जोड़ा जा सके।इसी प्रकार से मण्डलायुक्त ने जनपद के उप जिलाधिकारी न्यायालय में लंबित मुकदमों के पत्रावालियों सम्बन्ध में समीक्षा बैठक किये। बैठक के दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा की ज्यादा से ज्यादा मुकदमो का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। 3 महीने से ऊपर के पत्रावालियों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार किया जाये, जिससे मुकदमों से सम्बन्धित मामलों में कमी आ सके।

# रास्ते के विवाद में वृद्ध महिला पर जानलेवा हमला

● शिवगढ़ थाना क्षेत्र के मानपुर मजरे अछई की घटना

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़, रायबरेली।** रास्ते के विवाद में पड़ोसी मां,बेटे तथा बेटी ने 65 वर्षीय वृद्ध महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। महिला की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने महिला को शिवगढ़ सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है, घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अन्तर्गत मानपुर मजरे अछई की है। जानकारी के मुताबिक 65 वर्षीय वृद्ध महिला फूलमती पत्नी जगन्नाथ व उसके पड़ोस की रहने वाली राजरानी पत्नी छत्रपाल के बीच रास्ते को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। सोमवार को दोनों पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ गई की राजरानी पत्नी छत्रपाल, देवीशरण पुत्र छत्रपाल तथा ममता पुत्री छत्रपाल ने वृद्ध महिला पर जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले जाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के पश्चात वृद्ध महिला फूलमती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़िता फूलमती का आरोप है कि गांव के काफी लोग खड़े थे उसे क्या पता था पड़ोस की रहने वाली राजरानी और उनकी बेटी ममता, बेटा देवीशरण उन्हें मारने लगेंगे। पीड़िता ने बताया कि पहले मां-बेटी ने लाठी डण्डे से हमला कर दिया बाद में बेटे ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक डॉ.प्रेमशरन ने बताया पैर की हड्डी में फैक्चर है हालत गम्भीर देखते



हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं शिवगढ़ थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया राजेंद्र कुमार की तहरीर पर राजरानी, देवीशरन, ममता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है जांच पड़ताल की जा रही है, जब पुलिस पहुंची गांव के काफी लोग मौके पर इकट्ठा थे कुल्हाडी से हमले की बात अभी तक सामने नहीं आई है। ग्रामीणों ने लाठी, ठण्डे,थूनी से मारपीट की बात बताई है।

# एस आई दिनेश सिंह ने जूता पहना कर दिखाई दरिया दिली

स्वतंत्र प्रभात

**(रायबरेली)** ठिठुरन भरी सर्द में जब नंगे पांव एक युवक घूमता हुआ नजर आया तो एक दरोगा का दिल पिघल उठा और दरियादिली दिखाते हुए तत्काल उसे रोका और उससे बात की हालत माली होने के कारण वह नंगे पांव ठिठुरन भरी सर्द में घूम रहा था, इस दरोगा ने युवक को अपने साथ दुकान पर ले जाकर उसे जूते दिलाए इस दौरान दरोगा की दरियादिली देखकर लोगों ने दिल से सराहना की। शहर कोतवाली में तैनात दरोगा दिनेश सिंह क्षेत्र भ्रमण में थे इस दौरान उन्हें डिग्री कालेज चौराहा स्थित एक युवक नंगे पांव घूमता हुआ दिखाई दिया जिस पर उन्होंने उसे रोका और उससे बात की बात चीत के दौरान पता चला कि युवक की आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक है, इस पर दरोगा ने दरियादिली दिखाते हुए युवक को अपने साथ जूते की दुकान पर ले गए और वहां जाकर उसे नए जूते दिलाए जूते पहनने के पश्चात युवक के चेहरे पर जहां मुस्कान



आ गई वहीं मौजूद लोगों ने दरोगा की दरियादिली की खुले मन से प्रशंसा की।

# गोंडा शहर में ट्रैफिक सुधार के लिए नई योजना

स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए जिला प्रशासन ने एक व्यापक योजना तैयार की है। इस योजना के तहत प्रमुख चौराहों और सड़कों पर यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी और संरचनात्मक सुधार किए जाएंगे।

प्रशासन ने ट्रैफिक लाइटों की मरम्मत और नए संकेतकों की स्थापना का निर्देश दिया है। प्रमुख बाजार क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या हल करने के लिए मल्टी-लेवल पार्किंग सुविधाओं की योजना भी बनाई गई है। साथ ही, जाम की समस्या से निपटने के लिए अतिक्रमण हटाने और सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा। स्कूल और कार्यालय के समय पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाने और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

जिला अधिकारी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की तैयारी की जा रही है।

# अमृत मिशन के तहत गोंडा में सीवर लाइन परियोजना पर कार्य शुरू

स्वतंत्र प्रभात

अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत) के तहत गोंडा में सीवर लाइन परियोजना पर कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुधारना और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। गोंडा में अभी तक सीवर लाइन की कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे जलभराव और स्वच्छता की समस्याएं आम थीं। सीवर लाइनों के निर्माण से जल निकासी की समस्या हल होगी और शहर को स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, स्वच्छता में सुधार से जलजनित बीमारियों को रोकने में भी सहायता मिलेगी। जिला प्रशासन ने वर्ष 2025 तक इस परियोजना पर काम करने का लक्ष्य रखा है। प्रशासन ने इसके लिए आवश्यक संसाधन जुटाने और तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया है। इस परियोजना के पूरा होने से शहरवासियों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा और गोंडा स्वच्छ




एवं विकसित शहर की दिशा में एक कदम आगे बढ़ेगा।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रहमों करम पर चल रहा अवैध वसूली का खेल

- स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर बना घूसखोरी का अड्डा
- जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर हो रही मनमानी वसूली

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** जिले के शिवरामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अवैध वसूली का खेल बड़े ही आराम से चल रहा है। यह स्वास्थ्य केंद्र न केवल अव्यवस्थाओं के लिए चर्चाओं में है, बल्कि अब यहां जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर घूसखोरी का मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, अस्पताल में जिम्मेदार अधिकारी आवेदकों से मनमाने तरीके से पैसे वसूल रहे हैं, जिससे गरीब और निचली जातियों के लोगों को कोई मदद नहीं मिल रही है। शिवरामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हाल ही में कुछ शिकायतें सामने आई, जिनमें कहा गया है कि जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए कर्मचारियों द्वारा 100 से 200 रुपए की घूस ली जा रही है। अधिकतर मामलों में, जिन लोगों के पास घूस देने के लिए पैसे नहीं होते, उनके बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनाने से भी इनकार कर दिया जाता है। यह घूसखोरी का खेल सिर्फ गरीबों के लिए ही नहीं, बल्कि आम लोगों के लिए भी एक बड़ा सिरदर्द बन गया है।

ग्राम भारतपुर तराव के निवासी शरद कुमार यादव ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अपने बेटे और बेटी के जन्म प्रमाण पत्र को अपडेट कराने के लिए स्वास्थ्य केंद्र का रुख किया था। जब वह वहां पहुंचे, तो प्रमाण पत्र बनाने वाले कर्मचारी ने उनसे प्रत्येक प्रमाण पत्र पर 220 रुपये की घूस मांगी। शरद कुमार ने पैसे देने से मना किया, लेकिन कर्मचारी ने उनकी बात अनसुनी करते हुए प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया। बाद में, मजबूरी में उन्हें 220 रुपये देने पड़े। यह मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। शरद कुमार ने इस मुद्दे को स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी से साझा किया। इसके बाद, चिकित्सा प्रभारी ने संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर अमित यादव से 220 रुपये वापस दिलवाए। हालांकि, यह घटनाक्रम सवाल खड़े करता है कि जब स्वास्थ्य केंद्र का प्रशासन इस घूसखोरी के बारे में जानता था, तो यह मामला लगातार कैसे चलता रहा।



सूत्रों के मुताबिक, यह घूसखोरी का खेल किसी एक कर्मचारी का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य केंद्र के उच्च अधिकारियों के संरक्षण में चल रहा है। जिले के कुछ जिम्मेदार अधिकारी इस अवैध वसूली के खेल में संलिप्त बताए जा रहे हैं, जिससे यह खेल बड़े पैमाने पर चलने की संभावना जताई जा रही है। इस घूसखोरी के कारण गरीबों और आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं और उनके अधिकार प्राप्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग में चल रहे इस घूसखोरी के खेल पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जबकि इस मुद्दे को लेकर आम लोगों में आक्रोश है। लोगों का मानना है कि यदि इस तरह की अव्यवस्थाएं जारी रही तो न केवल स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी, बल्कि समाज में विश्वास की भी कमी आएगी।

स्वास्थ्य विभाग को अब इस मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि यह घूसखोरी का खेल जल्द से जल्द खत्म हो सके और आम जनता को उनकी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### थाना पनकी क्षेत्र में हुई पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट

**बाइक सवार तीन लुटेरों ने दिया लूट को अंजाम, मैनेजर के नहीं आई चोट, मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी।**



**कानपुर।** दिनांक 30 दिसंबर को पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक पेट्रोल पंप मैनेजर का रुपयों भरा बैग लुटेरों द्वारा लूट लिया गया और भाग गये। अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम ब्रिजेन्द्र सिंह ने बताया कि हीरा प्रसाद पुत्र स्व. अयोध्या प्रसाद निवासी आवास विकास थाना कल्याणपुर उम्र 52 वर्ष ने अवगत कराया कि वह इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप रतनपुर पर मैनेजर के पोस्ट पर कार्यरत है। रोज की भांति आज भी डीजल, पेट्रोल की बिक्री के पैसे को एक बैग में लेकर पंप के मालिक अमित नारायन के घर ई ब्लॉक पनकी जा रहे थे। पनकी कटरा रेलवे क्रासिंग ओवर ब्रिज के ऊपर बाइक सवार तीन लड़के पीछे से बैग छीन कर भाग गए। मैनेजर उपरोक्त के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है, पूर्ण रूप से स्वस्थ है और अपने आवास पर मौजूद है। उक्त घटना के सम्बन्ध में वादी से तहरीर प्राप्त कर अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

### धोखाधड़ी में प्रॉपर्टी डीलर सहित आठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई**

**शाहगंज, जौनपुर।** क्षेत्र के कौडियां गांव स्थित एक भूखंड की हेराफेरी करके खरीद-फरोख्त करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रापर्टी डीलर सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अपर मुख्य न्यायिक दण्डधिकारी न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित सैयद अकबर काजमी ने आरोप लगाया कि उसकी पुश्तैनी जमीन कौडिया गांव में है। जिसकी रजिस्ट्री अभिलेखों में हेराफेरी करके गांव के ही निवासी अन्सार, नदीम, मो. नासिर, नसरीन बानों, हबीबा, आजम, अब्दुल्ला ने एक साजिश के तहत शाहगंज के पुरानी बाजार मुहल्ला निवासी फैजान पुत्र फरियाद को रजिस्ट्री कर दी और पीड़ित व उसके परिवार को जमीन खाली करने के लिए मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। सैयद अकबर काजमी के इस प्रार्थना पत्र पर न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया। अब कोतवाली पुलिस संबंधित धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके छानबीन कर रही है।

### गिरा मोबाइल वापस कर दोनों बेटियों ने ईमानदारी की मिशाल पेश किया

**तेजीबाजार (जौनपुर)-** स्थानीय थाना क्षेत्र के गौराकलां निवासी सुरेंद्र सरोज उर्फ नाटे अपनी स्कॉर्पियो वाहन से सुल्तानपुर जा रहे थे, रास्ते में परमानपुर लंभुआ पहुंचते ही उनका कीमती मोबाइल गिर पड़ा, उसी रास्ते से वैष्णवी मिश्रा और प्राची मिश्रा पुत्री वेद प्रकाश मिश्र घर जा रही थी तो सड़क पर गिरा हुआ मोबाइल मिला, तो इन दोनों ने मोबाइल वाले के घर फोन कर सूचित किया। इस संबंध में वैष्णवी और प्राची मिश्रा से संवाददाता ने फोन वार्ता किया तो इन दोनों बेटियों ने बताया कि हम लोग बारहवीं कक्षा में पढ़ते है और स्कूल से पैदल घर जा रहे थे तो रास्ते में मोबाइल गिरा हुआ मिला, सुरेंद्र के घर से फोन आने पर हमलोगों ने बताया कि आपका मोबाइल सुरक्षित मेरे यहां रखा हुआ है आकर ले लीजिए। इस नेक कार्य पर इनके माता पिता ने बेटियों की ईमानदारी की प्रशंसा की। आज इन दोनों बेटियों ने ईमानदारी की मिशाल पेश करके पूरे गांव और घर वालों का नाम रोशन कर दिया है।

## यशोदा नगर में राजाराम चौराहे से हमीरपुर रोड तक होगा चौड़ीकरण ! विधानसभा अध्यक्ष और मेयर ने किया शिलान्यास



- यशोदा नगर में बनेगी माडल रोड, तीन करोड़ साठ लाख की लागत से होगा निर्माण



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** यशोदा नगर में राजाराम चौराहे से नामक फैक्ट्री रोड होते हुए हमीरपुर रोड तक के मार्ग का तीन करोड़ साठ लाख की लागत से चौड़ीकरण होगा। आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और महापौर प्रमिला पांडेय ने हवन पूजन के बाद इसका शिलान्यास किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि यह रोड काफी दिनों से प्रस्तावित थी और आज इसका शिलान्यास हो गया है। अब जल्द ही यह सड़क माडल सड़क के रूप में विकसित होगी। इस सड़क का निर्माण कार्यकारी संस्था नगर निगम की देखरेख में होगा। इस सड़क के बन जाने के बाद यशोदा नगर का विकास काफी तेज गति से होगा।

## सनिगवां मार्ग बहा रहा है अपनी दुर्दशा पर आंसू

- तीस हजार की आबादी बेहाल दो वर्षो से खुदी पड़ी है सड़कलोगों ने बदला अपना रास्ता

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** स्मार्ट सिटी के अंतर्गत आने वाले कानपुर महानगर में ऐसी भी एक सड़क है जिससे निकलने में लोग या तो डरते हैं या फिर अपना रास्ता ही बदल चुके हैं। कानपुर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र की आबादी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहते कहते थक चुकी है लेकिन अभी तक इस सड़क के बनने का मुहूर्त नहीं निकाला है। कानपुर के प्रमुख चौराहे रामा देवी से मात्र एक किलोमीटर दूर जो वाहन नौबस्ता साइड से रामादेवी की तरफ आते हैं तो रामादेवी फ्लाईओवर से पहले एक रास्ता पुल के बगल से सनिगवां के लिए कटता है। जैसे ही इस रास्ते से होकर सनिगवां की तरफ चलते हैं तो एक सड़क का 100 मीटर का हिस्सा ऐसा हैं जहां से दो पहिया वाहन व तीन पहिया वाहन बिना गिरे नहीं निकल सकते।




चुनाव के समय में तमाम बड़े बड़े नेता अधिकारी इस मार्ग से निकले हैं लेकिन किसी का ध्यान इस सड़क पर नहीं गया। यहां के लोगों ने अब कहना बंद कर दिया है और अपना थोड़ा लंबा रास्ता पकड़ लिया है। लेकिन फिर भी जाने अंजाने में जो लोग निकलते हैं वो दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। चोट लग जाती है लेकिन चुप रहते हैं। इस मार्ग से भाभा नगर, अन्ना चौराहे, हाईवे सिटी, स्वर्ण जयंती विहार, चन्द्र नगरी, सनिगवां, सजारी, कांशीराम कालोनी, कुरिया, पिपरगंवा जाने वाले लोग निकलते हैं। और इस सड़क के दो वर्षों से बनने का इंतजार कर रहे हैं।

## सपा कार्यालय में मनाई गई लोकबंधु राज नारायण की 38 वीं पुण्यतिथि

- विदेशी कंपनियों के पेय पदार्थो के विरोधी थे राज नारायण - हाजी फजल महमूद



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** समाजवादी विचारक स्वतंत्रता आंदोलन के महान सेनानी लोक बंधु राज नारायण की 38 वीं पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के कार्य समिति पीडीए मिशन की युवा टीम पांचों विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्षों फ्रंटल संगठनों तथा 78 वार्डों के प्रभारियों की विचार गोष्ठी एवं परिचर्चा सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुई। विचार गोष्ठी एवं परिचर्चा का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। पुण्यतिथि व परिचर्चा में पूर्व सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने सर्वप्रथम लोकबंधु राज नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर फजल महमूद ने कहा कि लोक बंधु राज नारायण स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी तथा आजादी की लड़ाई में विशेष भूमिका उनकी रही उनके क्रांतिकारी तेवर से अंग्रेज उनका लोहा मानते थे। फजल महमूद ने कहा कि लोग बंधु राज नारायण का स्वर्गवास सन 1986 में हुआ और उनका अंतिम संस्कार बनारस में हुआ लोकबंधु राज नारायण ने छात्रों युवा औल समाजवादियों को सदैव प्रशिक्षण तथा समाजवाद की पाठशाला लगाकर कॉलेज की राजनीति में भाग लेने के लिए प्रेरित करते रहे।

## पौष मास अमावस्या मेले में श्रद्धालुओं को हल्का नाश्ता वितरित,पुलिस ने बढ़ाया सुरक्षा प्रयास




स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** पौष मास की अमावस्या पर चित्रकूट जिले के सीतापुर मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें हल्का नाश्ता वितरित किया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में यह कार्य किया गया। चौकी प्रभारी मण्डी समिति, उ0नि0 श्यामदेव सिंह ने विगत 15 माह से इस क्षेत्र में लगातार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए श्रद्धालुओं को न केवल सुरक्षा का अहसास कराया बल्कि उनके लिए हल्का नाश्ता भी वितरित किया। पौष मास की अमावस्या पर दूर-दराज से आए श्रद्धालु सीतापुर मेला क्षेत्र में भगवान राम के दर्शन के लिए पहुंचे थे। पुलिस द्वारा वितरित किया गया हल्का नाश्ता श्रद्धालुओं के लिए सहायक साबित हुआ, जिससे वे अपने धार्मिक अनुष्ठान में और भी अधिक श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग ले सके। इस दौरान पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए थे और मेले में किसी भी प्रकार की अराजकता से बचने के लिए कड़ी निगरानी भी रखी गई। पुलिस प्रशासन की इस पहल को श्रद्धालुओं ने सराहा और उनकी सुरक्षा के प्रति आभार व्यक्त किया। चित्रकूट पुलिस का यह कदम एक उदाहरण साबित हुआ कि जब प्रशासन और स्थानीय अधिकारी मिलकर काम करते हैं, तो धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोपरि रखा जा सकता है।

### तहसील स्तर पर होगा हमारी संस्कृति हमारी पहचान संस्कृति उत्सव




**अलीगढ़।** "उ0प्र0 पर्व- हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव-2024 के तहत ग्राम, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिताएं तहसील मुख्यालय पर 02 से 05 जनवरी के मध्य आयोजित की जाएंगी। प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग द्वारा मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र के क्रम में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने एवं प्रतिभावान कलाकारों को मुख्य धारा में लाकर उनका सम्मान करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील मुख्यालय पर गायन, वादन एवं नृत्य विधाओं में प्रतियोगिताओं में चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता 07 एवं 08 जनवरी को जिला मुख्यालय, 10 से 12 मण्डल मुख्यालय, 18 से 20 जनवरी को प्रदेश की राजधानी मुख्यालय एवं अंतिम रूप से चयनित सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां, सम्मान एवं पुरस्कार 24 से 26 जनवरी को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में की जाएंगी।

## गुजैनी पुलिस ने साउथ जोन में बैटरी चोरी का गिरोह पकड़ा





- दिन में रेकी कर रात्रि में घटना को देते थे अंजाम

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** साउथ जोन में पिछले दिनों हो रहीं ताबड़तोड़ ई-रिक्शा बैटरी चोरी के गिरोह को पकड़ने में गुजैनी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुजैनी पुलिस ने गिरोह के मुखिया चंदन साहू समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीसीपी अपराध ने प्रेस को बताया कि पकड़े गए अभियुक्त पहले एक पुरानी कार से रेकी करते थे और फिर बाद में घटना को अंजाम देते थे। पकड़े गए गिरोह में सरगना चंदन साहू के अतिरिक्त विवेक सिंह, रोहित सिंह,व दिनेश सिंह शामिल हैं। इनके खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तारी के बाद धारा 35/317(2)/3(5) के तहत कार्यवाही की गई है। अभियुक्तों के कब्जे से 16 ई-रिक्शा बैटरी, 1 मारुति जेन, एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घटना के खुलासे के लिए सीसीटीवी कैमरों की काफी मदद मिली है। गुजैनी थानाध्यक्ष विनय तिवारी, उपनिरीक्षक सैयद जुबैर शरीफ़, उपनिरीक्षक सूरज कुमार का विशेष योगदान इस घटना के खुलासे में रहा।

## चोरों के हौंसले बुलंद नवाबगंज में सर्राफ की दुकान में चोरी





- मिर्केट की दुकान में चोरी होने से दुकानदारों में दहशत, डाग स्क्वायड, फील्ड यूनिट, डीसीपी सेंट्रल मौके पर पहुंचे।

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सराफा बाजार में रात्रि में चोरों ने हरीशंकर सर्राफ की दुकान पर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। जब कि रात्रि में बराबर पुलिस पिकेट लगी रहती है। जो पुलिस कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है। चोरी की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी भी घटना स्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। डीसीपी ने बताया कि चोर पीछे से चढ़कर दुकान में घुसे हैं। फील्ड यूनिट और डाग स्क्वायड मौके पर पहुंचा है और घटना का बारीकी से पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी एफआईआर दर्ज नहीं हुई है एफआईआर दर्ज होने के बाद पता लगेगा कि कितने का माल चोरी हुआ है। उन्होंने कहा कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा होगा।

## पुत्र वधु पक्ष के साथ मारपीट में पिता की मौत

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना गोण्डा क्षेत्र में ससुरालीजनों द्वारा पुत्र वधु पक्ष के साथ मारपीट में पिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। गांव नगला बलराम में ससुरालीजनों के द्वारा पुत्रवधू पक्ष के साथ मारपीट की गई थीं। जसमें उपचार को ले जाते समय पिता निसार की मौत हो गई थी अन्य कुछ लोग घटना में घायल हुए थे। इधर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेज दिया था। इधर पुलिस ने मंगलवार की सुबह करीब 11:00 बजे शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## पूर्व संध्या पर डीएम और एसपी ने दी जनपदवासियों को शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** नव वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जनपदवासियों, प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों और मीडिया बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर जनपदवासियों की सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और दीर्घायु की मंगल कामना की। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने कहा कि नए वर्ष की शुरुआत सकारात्मक सोच और अच्छे





कार्यों से हो, ताकि समाज में शांति और भाईचारे का वातावरण बना रहे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा से करें और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भी सभी नागरिकों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नए साल में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि जनपद में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहे। साथ ही, उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को उनके समर्पण और मेहनत के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें नए वर्ष में और अधिक मेहनत से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### सार्वजानिक सूचना

मैं मोहित यादय उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र श्री रामपाल यादव निवासी रिसहा पुरवा विभूति खंड लखनऊ का निवासी हूँ। यह कि राजकुमार यादव मेरा भाई है। जिसका समाज विरोधी गतिविधियों, कार्यकलापों एवं व्यवहार व बर्ताव के कारण मेरी एवं परिवार के सदस्यों की छवि धूमिल करने के कारण राजकुमार यादव को अपनी समस्त चल, अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ द्य यदि कोई भी शख्स इनसे लेन-देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं व मेरा परिवार किसी भी प्रकार से देनदार, जिम्मेदार नहीं होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नव वर्ष के आगमन के चलते हुडदंग आतिशबाजी व हर्ष फायरिंग पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध,शिवा जी दुवे

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मालूम को कि नव वर्ष के आगमन के चलते लोग प्रतिबंध पटाखे व हर्ष फायरिंग करते है। ऐसे मे अफरा-तफरी व हुडदंग को विल्कुल बर्दाश्त नही किया जायेगा। हैदराबाद थानाध्यक्ष शिवा जी दुवे ने पत्रकारो को बताया कि नव बर्ष के आगाज मे लोग रातो को जागकर डीजे तेज हॉर्न व हर्ष फायरिंग करते है जिससे कोई अप्रिय घटना घट सकती है।वही कुछ लोग नये शाल के जश्न मे कई दिनो तक सार्वजनिक स्थलो पर डीजे बजाकर मौहौल भी खराब करते है ऐसे लोगो को सचेत किया जा रहा है। वही कस्बा ममरी, अजान, जडौरा, घरधनियां ,कोटबारा, केशवापुर,महेशपुर,रोशन नगर सहित ऐक दर्जन गावों मे हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुवे ने मय हमराहियो के साथ पैदल गश्त आम जनमानस को सचेत कर आश्वस्त किया है। वही हैदराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने बाले होटलो, ढावो,रेस्टोरेंट के मालिको को भी सादगी से नव वर्ष मनाने के लिये दिशानिर्देश दिये है। किसी को भी अनजाने ब्यक्ति को अपने यहां कमरा आदि न दे उनकी आईडी जरूर देखे।

## आक्रोशित हिंदू समुदाय के लोगों ने सिसैया चौराहा किया जाम



**धौरहरा खीरी** दिनांक 31/12/24 को सिसैया चौराहा हिंदू समुदाय के लोग रोड जाम किया क्योंकि लतीफ अहमद ईसानगर ने हिंदू समुदाय के देवी देवताओं को अभद्र भाषा का प्रयोग किया था इससे नाराज हिंदू संगठन के लोग रोड जाम किया सूचना मिलने पर थाना ईसानगर व थाना धौरहरा पी.पी. सिंह पुलिस अधीक्षक धौरहरा एसडीएम राजेश कुमार धौरहरा पुलिस प्रशासन मौजूद रहा ष्प धौरहरा व एसडीएम धौरहरा ने लोगों को आश्वासन दिया कि अभी 20-25 मिनट में इसका निस्तारण किया जा रहा है हिंदू संगठन में कन्हैया बाजपेई अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नव वर्ष 2025- गोंडा जिला प्रशासन का विकास लक्ष्य

**गोण्डा।** गोंडा जिला प्रशासन ने नव वर्ष 2025 के लिए शिक्षा, बुनियादी ढांचे और शहरी विकास के क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इन विकास योजनाओं का उद्देश्य जिले की प्रगति को गति देना और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। गोंडा प्रशासन की ये योजनाएं जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। शिक्षा, स्वच्छता और यातायात में सुधार से जिले के नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा। नव वर्ष 2025 में इन लक्ष्यों को पूरा करना जिले की प्रगति की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## गोंडा में तीन मॉडल वेंडिंग जोन बनेंगे

**गोंडा शहर में तीन मॉडल वेंडिंग जोन बनेंगे।** पहला जोन सिंचाई विभाग ऑफिसर्स फील्ड हॉस्टल से बाउंड्री तक बनेगा, जहां 40 पटरी दुकानदारों को स्थान मिलेगा। दूसरा जोन गांधीपार्क के मेन गेट से एलबीएस चौराहे की ओर बनेगा, जिसमें 34 दुकानदारों को स्थान दिया जाएगा। तीसरा जोन नेकी की दीवार से जीआईसी गेट तक बहराइच रोड पर बनेगा, जहां 31 दुकानदारों को जगह मिलेगी।दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत वेंडिंग जोन की मंजूरी मिली है। इसका संचालन वेंडर मैनेजमेंट कमेटी और नगर पालिका परिषद की देखरेख में होगा। यह योजना स्ट्रीट फूड और यातायात सुधार में मददगार साबित होगी।

## राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोंडा में शुरू होगी पढ़ाई

**गोंडा** स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में इस वर्ष से छात्रों की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि वर्ष 2025 तक कॉलेज का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। इसके तहत सभी आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं को और मजबूत किया जाएगा। कॉलेज के शुरू होने से गोंडा और आसपास के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिलेगी, जिससे उन्हें दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह संस्थान न केवल छात्रों के लिए शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगा।कृषि महाविद्यालय-कृषि प्रधान जिले के किसानों को उन्नत तकनीकों और नई कृषि विधियों की जानकारी देने के उद्देश्य से यह महाविद्यालय स्थापित किया जा रहा है। इससे कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में सुधार होगा।

# जिला अधिकारी के पांच संकल्पों से नए साल में खीरी को मिलेगी नई पहचान

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** लखीमपुर खीरी, 31 दिसंबर- नया साल वर्ष 2025 लखीमपुर खीरी के लिए नया सवेरा, नई उम्मीद की किरण और नई सौगात लेकर आया है। डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने नव वर्ष पर खीरी को एक हजार परिषदीय विद्यालयों को अपना खेल मैदान, हवाई पट्टी का विस्तार कर विकास को उड़ान देने, गोला कॉरिडोर को जमीन पर साकार करने, लखीमपुर डिपो को नया ठिकाना और मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण को पूरा करने का संकल्प लिया है। जिलाधिकारी के इन पांच संकल्पों से खीरी को वर्ष 2025 पर नयी पहचान मिलेगी। वहीं डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने ईश्वर से खीरीवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि और शांति प्रिय जीवन की मंगलकामना की।

**एक हजार परिषदीय विद्यालयों को मिलेगा अपना खेल मैदान**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अनूठी पहल मिशन मैदान (MaiDAN—Maintaining and Developing Arenas for Ne&tGen) के तहत प्रथम चरण में जिले के 1000 परिषदीय विद्यालयों को अपना खेल मैदान (गेमिंग जोन) मिलेगा। वृहद स्तर पर स्थान उपलब्धता वाले 205 परिषदीय विद्यालयों में हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित किए जाएंगे। 765 विद्यालयों में खो-खो कबड्डी वालीबाल और बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित होगे। वही खेल मैदान की अनुपलब्धता वाले 30 विद्यालय चिन्हित किए गए हैं, जहां रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन विकसित किए जाएंगे, इसमें कैरम, चेस, माइंड गेम, सिमेट्री गेम, टेबल टेनिस खेल गतिविधियां होंगी।

**अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को मिलेगा बढ़ावा**

बताते चलें कि छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 1,000 स्कूलों में उच्च गुणवत्ता वाले आउटडोर खेल के मैदान बनाने की एक अभिनव परियोजना शुरू की है। परियोजना का उद्देश्य वॉलीबॉल, बैडमिंटन और कबड्डी जैसे खेलों के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और स्पष्ट रूप से चिह्नित खेल क्षेत्रों का निर्माण करना है। साथ ही सीमित स्थान वाले स्कूलों के लिए रचनात्मक समाधान प्रदान करना है। ऐसे स्कूलों में मजबूत और आधुनिक ढांचे का उपयोग करते हुए, छत पर खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं, जो सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जगह का अधिकतम उपयोग करते हैं। इस पहल में स्थानीय संसाधनों के उपयोग और मनरेगा टीमों की भागीदारी के माध्यम से सामुदायिक सहयोग, स्थिरता और विस्तार की संभावनाओं को भी सुनिश्चित किया गया है। ये खेल के मैदान छात्रों में टीमवर्क, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देंगे, जिससे उनके समग्र विकास और कल्याण में योगदान मिलेगा।

**गोला कॉरिडोर और मेडिकल कॉलेज का सपना होगा साकार**

वर्ष 2025 में जनपद खीरी में जहां एक ओर शिव की पावन नगरी छोटी काशी में गोला कॉरिडोर का सपना जमीन पर साकार होगा। वही मेडिकल कॉलेज का भी भवन बनकर तैयार हो जाएगा, जो जिले की चिकित्सा शिक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**वर्ष 2025 में हवाई पट्टी का होगा विस्तारीकरण**

प्रदेश की योगी सरकार के दिशा निर्देश पर जिले की पलिया तहसील के मुजहा गांव में बनी हवाई पट्टी के विस्तारीकरण का काम वर्ष-2025 में ज़मीन पर साकार होगा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बताती है कि कुल 265 हेक्टेयर भूमि हवाई पट्टी के विस्तारीकरण में शामिल की जानी है, जिसके सापेक्ष सरकारी भूखंडों का पुनग्रहण एवं श्रेणी परिवर्तन की कार्यवाहिया पूरी करने के साथ ही कुल 150 हेक्टेयर जमीन किसानों से क्रय की गई। शेष पर युद्धस्तर पर काम जारी है, जो वर्ष 2025 में पूरी कर ली जाएगी।

**वर्ष 2025 में मिलेगा लखीमपुर डिपो को मिलेगा नया ठिकाना**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बताती है कि वर्ष 2025 में लखीमपुर नगर वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग लखीमपुर रोडवेज बस स्टेशन की शिफ्टिंग का काम प्राथमिकता पर कराया जाएगा। इसके लिए उपयुक्त जमीन उपलब्ध कराकर वहां सभी सुविधाओं से सुसज्जित बस स्टेशन बनाने के काम कराया जाएगा। इसके बनने से लखीमपुर डिपो को अपनी बस मिलने के साथ साथ लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

**वर्जन**


नव वर्ष पर मैंने खीरी को पांच नई सौगात देने का संकल्प लिया है। इससे जहां लखीमपुर खीरी को नयी पहचान मिलेगी, वहीं युवाओं के सपनों को खेल के जरिये नया प्लेटफॉर्म मिलेगा। वह आगे चलकर नेशनल और इंटरनेशल खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना सुनहरा भविष्य बनाएंगे। नव वर्ष पर मैं ईश्वर से कामना करती हूं कि खीरी वासियों के सभी सपने पूरे हों। वह स्वस्थ्य, समृद्ध और शांति प्रिय जीवन व्यतीत करें, ऐसी मेरी ईश्वर से मंगलकामना है।

# एसडीएम राजीव निगम ने दिव्यांग फरियादी को पहनाया कंबल

**● भीषण ठंड में जले तहसील परिसर में अलाव रात्रि में भी राहगीरों को कही बाटे कंबल तो कही जलवाये अलाव**

स्वतंत्र प्रभात

2 **निघासन खीरी।** जनपद में अपनी एक अलग पहचान दरियादिली व कार्यशैली के लिए एसडीएम राजीव निगम जाने जाते हैं ड्यूटी से कोई समझौता न करते हुए दिन रात अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूर्णतः ईमानदारी व ज़िम्मेदारी से करते है कुछ ऐसा ही तहसील परिसर में हुआ प्रत्येक दिन की तरह एसडीएम राजीव निगम अपने दफ्तर में बैठे हुए थे तभी सूचना मिली कि एक दिव्यांग फरियादी अपनी समस्या लेकर के आया एसडीएम राजीव निगम तत्काल दफ्तर से बाहर निकल करके फरियादी की समस्या को सुना व लेखपाल को बुला करके त्वरित निस्तारण भी किया इतना ही नहीं दरियादिली एसडीएम ने दिव्यांग को कंबल भी पहनाया साथ ही भीषण ठंड से बचने के लिए निर्देश दिए एसडीएम की कार्यशैली आए दिन चर्चा में बनी हुई है हर गरीब पीड़ित अस्थाई की मदद करते आए दिन दिखायी देते हैं जैसा कि बढ़ते ठंड में असहाय गरीबों की मदद के लिए समस्त लेखपालों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी शख्स क्षेत्र में ठंड की वजह से ना हो परेशान इसलिए सभी को कंबल देना अति आवश्यक है इतना ही नहीं रात्रि के समय जब एसडीएम राजीव निगम



क्षेत्र में निकालते हैं तो राहगीरों का हाल-चाल पूछते हुए उनको कंबल व आवश्यक जगहों पर अलाव की व्यवस्था भी करवाते हैं साथ ही संदिग्ध वाहनों की जांच पड़ताल करते हुए राहगीरों से पूछताछ भी करते है एसडीएम की कार्य शैली को क्षेत्रवासी काफी सराहना कर रहे हैं साथ ही तहसील में आने जाने वाले लोगों ने एसडीएम की कार्यशैली को सराहा है।

# मैगलगंज कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ में 24 घंटे के अंदर ही लूट की घटना का सफल अनावरण किया

स्वतंत्र प्रभात

चार आरोपी गिरफ्तार माल बरामद

6 मितौली खीरी। मैगलगंज कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही लूट की घटना का सफल अनावरण किया।पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार,मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त के पैर में लगी गोली। अभियुक्तों के पास से नकदी व चोरी का सामान भी हुआ बरामद। 24 घंटे के अंदर ही लूट की घटना का खुलासा होने के चलते ग्रामीणों में पुलिस के प्रति बढ़ा विश्वास।

पकड़े गए चारों अभियुक्त मैगलगंज व पसगवां थाना क्षेत्र के निवासी है ।अंधेरे का फायदा उठा पांचवा अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर हुआ फरार। रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मैगलगंज पुलिस टीम द्वारा 04 नफर अभियुक्त 01.रामजी पुत्र भोजपाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम ढखौरा,.राज पुत्र राजवीरपाल हाल निवासी कस्बा बरबर थाना पसगवां मूल निवासी ग्राम पड़री थाना उमरी जिला भिंड म0प्र0 उम्र करीब 22 वर्ष,.विमलेश पुत्र रामसरन निवासी कस्बा बरबर थाना पसगवां उम्र करीब 27 वर्ष, 04.अभिषेक सिंह उर्फ गोलू पुत्र पुनीत सिंह निवासी ग्राम सेमराजानीपुर थाना पसगवां उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त रामजी पुत्र भोजपाल नि0ढखौरा के दांए पैर मे गोली लगी जिसे इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र पसगंवा भेजा गया जहाँ से अभियुक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया अभियुक्त रामजी उपरोक्त का इलाज जिला अस्पताल लखीमपुर मे चल रहा है अभियुक्त 05.कपिल पुत्र डब्बू कुमार निवासी ग्राम बेलहरा थाना पसगवां मौके से अन्धेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, अभियुक्तों के कब्जे से दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर,तीन अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर,तथा ग्राम सदरपुर मे हुई चोरी से सम्बन्धित 14300 रुपये चोरी के एक




जोडी जेवरी(मोटी पायल) सफेद धातु,कान का कुंडल पीली धातु,दो जोड़ी पायल सफेद धातु तथा लूट की घटना से सम्बन्धित माल एक पीठू बैग,एक अदद चश्मा,एक अदद डायरी,एक अदद चार्जर व 2000 रुपये तथा अभियुक्तों की जामा तलाशी से दो अदद मोबाइल फोन व घटना मे प्रयुक्त दो अदद मोटर साइकिल यू0पी0 31 बीसी 8030, यूपी 31 सीसी 9962 बरामद किया गया। अभियुक्तों के विरुध्द नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

# भतीजे को मौत के घाट उतारने वाला अपराधी अनिल पहुंचा सलाखों के पीछे

**● सगे चाचा ने दो वर्षीय मासूम सगे भतीजे को उतारा था मौत के घाट**

स्वतंत्र प्रभात




03.. **निघासन खीरी-** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिक भतीजे की उसके ही सगे चाचा ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई थी जो की कस्बे के इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी कौशल निषाद के छोटे पुत्र हिमांशु (2) को आरोपी अनिल ने कस्बे से दो किलोमीटर दूर ले जाकर के गन्ने के खेत में धारदार हथियार से मार दिया था उसके बाद थाने में जाकर के कहा कि मैंने अपने भतीजे को मार दिया है तत्काल कोतवाल महेश चंद ने आनन फानन में मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था साथ ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया था जिसको धारा 103 के तहत पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष भेज दिया है जबकि कोतवाल महेश चंद की सूझबूझ से अपराधी अनिल सलाखों के पीछे जा पहुंचा कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र,उपनिरीक्षक आदित्य कुमार यादव,महिला उपनिरीक्षक महिमा पाण्डेय,हेड कांस्टेबल अनिल कुमार,कांस्टेबल अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत 25 परिवारों होगें लाभान्वित

स्वतंत्र प्रभात



**पीलीभीत** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उ0प्र0 कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत प्राप्त दावा पत्रावलियों के निस्तारण के सम्बन्धी में समीक्षा बैठक कल देर शाम गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर लिया जाये, जिससे कि पात्र पीड़ित परिवार को योजना से लाभान्वित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील वार प्राप्त हुये कृषक दुर्घटना दावा पत्रों की पत्रावलियों का अवलोकन करने के उपरान्त ही पीडित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की सहमति प्रदान की गई। इस दौरान जनपद की पांचों तहसीलो से कुल प्राप्त आवेदन 50 में से 25 पीड़ित परिवारों को रू. 05-05 लाख की आर्थिक हेतु स्वीकृत प्रदान की गई। जनपद की पांचों तहसीलों में 50 कुल आवेदन में से 25 स्वीकृत, 13 निरस्त एवं 12 आवेदन दावों की पुनः जांच करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रॉयल फरूडेंस डिग्री कॉलेज में खेले गए लीग मैच

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** स्वर्गीय गुंजल त्यागी मेमोरियल जूनियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2024..25 में आज लखीमपुर टाइगर्स और लखीमपुर। चैंप्स के मध्य खेला गया। जिसमे लखीमपुर चैंप्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लखीमपुर चैंप्स ने 36 ओवर के मैच में 29.4 ओवर में 257 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लखीमपुर लिटिल चैंप्स की ओर बल्लेबाजी करते हुए आदर्श वर्मा ने 77 रन कार्तिक मिश्र ने 65 रन,श्रेष्ठ प्रताप सिंह ने 28 व राजेश ने 25 रन बनाए। लखीमपुर टाइगर्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए अलिफ अहमद ने 03 विकेट अखिल गिरी ने 02 विकेट लिए। जवाब में लखीमपुर टाइगर्स ने 27 ओवर में 207 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लखीमपुर टाइगर्स की ओर से बल्लेबाजी करते हुए, प्रबल मौर्य ने 65 रन ओर गौरव शर्मा ने 35 रन ओर शौर्य वर्मा ने नाबाद 30 रन बनाए।लखीमपुर लिटिल चैंप्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए सूर्य कटियार ने 04 विकेट, कार्तिक मिश्र व श्रेष्ठ प्रताप सिंह ने 02..02 विकेट हासिल किए। कार्तिकेय मिश्र को हरफन मौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तृप्ति अवस्थी (सचिव, लखीमपुर खेरी हॉकी एसोसिएशन )जी के




द्वारा दिया गया फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रबल मौर्य को दिया गया ।मैच के दौरान मीनाक्षी शर्मा, रविन्द्र रावत,मनोज त्रिपाठी,अभिषेक शुक्ला, रवि शंकर तिवारी,मसीह अहमद खान,नीरज शुक्ल, विशाल वर्मा, श्याम मोहन उपस्थित रहे।

# चोरों पर कार्यवाही करने से बचती नजर आ रही शारदा नगर पुलिस

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** थाना शारदा नगर पुलिस द्वारा विनोद यादव के खेत में ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना भर रहे चोरों को पुलिस अब पकड़ना नहीं चाहती क्योंकि पुलिस ने गन्ना किसान से प्रार्थना पत्र लेने की आवश्यकता नहीं समझ रही है सूत्रों के हवाले से पता चला है कि मामले को रफा दफा करने के लिए क्षेत्रीय छोट भैया नेता और पुलिस का जोड़ बन गया है और पुलिस इसमें मोटी रकम लेकर मामले को यूं ही रफा दफा कर देना चाहती है पुलिस पुलिस को ट्रैक्टर ट्राली स्वामी और चोरों का पूरा पता चल गया है लेकिन पुलिस इसमें मोटी कमाई करना चाहती है ट्रैक्टर ट्राली थाने में हुआ खड़ा है जिसमें किसान का गनना भरा हुआ है पुलिस और नेता किसान यादव पर दबाव बना रही है। ष कि इस मामले में अब किसान कुछ ना करें पुलिस चोरों ट्रैक्टर ट्राली मलिक को बचाना चाहती है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है गन्ना किसान को न्याय कैसे मिलेगा इससे चोरों के हौसले बुलंद होंगे जिले के ईमानदार पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा की छवि और आदेश का मजाक बना रही है शारदा नगर थाना पुलिस अब




देखना है कि गन्ना चोरी का खुलासा करती है पुलिस या नहीं जबकि शारदा नगर थाना पुलिस को गनना चोर व ट्रैक्टर मालिक सब कुछ का पता है।

# फर्जी पत्रकारों के खिलाफ सभी संगठन एक होकर देश में अभियान चलाये-उपमन्यु

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** उत्कल पत्रकार संघ उड़ीसा राज्य ईकाई के द्वारा ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट मथुरा का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अपने सम्मान में आयोजित पत्रकार समारोह को संबोधित करते हुए ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमल कांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा देश भर के अंदर व्हाट्सएप और सोशल साइट से फर्जी पत्रकारों की एक फौज खड़ी हो गई है जो न केवल पत्रकारों की छवि को खराब कर रही है बल्कि समाज के हर वर्ग को ब्लैकमेलिंग एवं शोषण कर रही है इसके विरुद्ध देश भर के सभी संगठनों के पत्रकारों को एकजुट होकर के मुकाबला करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता उत्कल पत्रकार संघ, उड़ीसा राज्य ईकाई के अध्यक्ष विभूति भूषण कर ने करते हुए बताया कि उत्कल पत्रकार संघ 1945 मे गठित राज्य का सर्ब पुरातन पत्रकार संघ है। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने एक स्वर से श्री उपमन्यु के विचारों पर सहमति भी जताई तथा उड़ीसा राज्य के पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल बहुत जल्द उत्तर प्रदेश में प्रयागराज कुम्भ एवं ब्रज और अयोध्या भ्रमण पर भी आएगा। समारोह की अध्यक्षता उत्कल पत्रकार संघ के अध्यक्ष विभूति भूषण कर ने की तथा संचालन संघ के कोषाध्यक्ष राजन चौधरी ने किया। भुवनेश्वर पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष प्रताप चन्द्र प्रधान, साधारण सचिव जीतेन्द्र कुमार महान्ति, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप बैशाख, पवित्र महारथा, भरत् बेहेरा, मनोज प्रधान टुलु पात्र, रणजीत पटनायक, प्रकाश साहु, आदि ने समारोह को संबोधित करते हुए देश भर में पत्रकारों को एकजुट होने का संकल्प लिया।

# नए साल में फरह में 223 एकड़ में एमवीडीए विकसित करेगा आवासीय योजना

**● रहीमपुर में 223 एकड़ क्षेत्र की आवासीय योजना के लिए भूमि खरीदने को चल रहा है कार्य**

**15 जनवरी तक 125 एकड़ जमीन का हो जाएगा क्रय**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण अपना आशियाना खरीदने के लिए मन बना रहे लोगों के लिए नए साल में फरह के समीप एक आवासीय योजना लांच करेगा। जिले की सबसे बड़ी कालोनी के लिए प्राधिकरण जमीन खरीदने का कार्य कर रहा है। फरह में बनने वाली आवासीय कालौनी में फार्म हाउस जैसी कई और बेहतरीन सुविधाओं से युक्त रहेगी। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण इस वर्ष हनुमत विहार और गोविंद विहार आवासीय योजनाओं को लांच कर चुका है। दिल्ली आगरा नेशनल हाईवे स्थित रहीमपुर में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण 232 एकड़ क्षेत्रफल की फरह आवासीय योजना विकसित कर रहा है। इसके लिए 70 एकड़ जमीन का क्रय किया जा चुका है। अगले सप्ताह यह आंकड़ा 85 एकड़ और जनवरी माह में 125 से 150 एकड़ तक पहुंच जाएगा। इसी के साथ जनवरी माह में विकास प्राधिकरण इस योजना को लॉन्च करेगा।


मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि फरह आवासीय योजना में कॉमर्शियल और आवासीय के साथ यहाँ नॉलेज पार्क, फार्म हाउस, वेयर हाउस और ग्रुप हाउसिंग के भूखंड भी होंगे। इस योजना पर 664.70 करोड़ खर्च हो रहे हैं। इसमें 339.45 करोड़ रुपये जमीन की खरीद और 325.25 करोड़ विकास पर खर्च होंगे। उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि इस योजना के लिए 75 करोड़ रुपया मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत शासन से मिल गए हैं। वर्तमान में जैत स्थित गोविंद विहार आवासीय योजना के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इस योजना को दिसंबर माह में ही लॉन्च किया गया है। राल स्थित हनुमत विहार आवासीय योजना के प्लाट की प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है। इस तरह मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण जनपद में निरंतर आवासीय योजना ला रहा है। फरह के बाद छाता आवासीय योजना की तैयारी रहेगी। इसके लिए शासन से 100 करोड़ रु की धनराशि मिल गयी है।

# आंगनबाडीः 97 प्रतिशत लाभार्थियों का मोबाइल सत्यापन पूरा

**● काम में लापरवाही पर तीनों परियोजनाओं के सीडीपीओ को वेतन रोका**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पोषण अभियान के साथ साथ विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि जनपद में पंजीकृत लगभग तीन लाख लाभार्थियों के सापेक्ष 97 प्रतिशत लाभार्थियों के मोबाइल नंबरों का सत्यापन हो चुका है, लेकिन तीन प्रतिशत लाभार्थी अभी अवशेष हैं, जिनकी कुल संख्या 8892 है। इसमें सर्वाधिक लाभार्थी संख्या 2202 गोवर्धन, 1336 नौहझील और 1033 नंदगांव में बचे हुए हैं। तीनों परियोजनाओं के सीडीपीओ को चेतावनी जारी करते हुए एक सप्ताह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने समिति को बताया की हॉट कुक योजना के संचालन के लिए सभी कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर बर्तन ख़रीदने के लिए निदेशालय से बजट प्राप्त हो गया है और इसका टेंडर निकाल दिया गया है। नंदगांव, नौहझील और मांट की सीडीपीओ ने बताया कि उनके कार्यालय विकास खंड परिसर में संचालित हैं, लेकिन उनके कार्यालय में बिजली नहीं आती है। जिस कारण उन्हें शासकीय कार्य करने में परेशानी होती है। इसी प्रकार सीडीपीओ मांट और बलदेव ने कार्यालय जगह की कमी बताई। सीडीपीओ बल्देव ने बताया कि ब्लॉक परिसर में उन्हें जो कक्ष अभी तक कार्यालय चलाने के लिए मिला



हुआ था वहां अब कॉन्फ्रेन्स रूम बनाया जा रहा है और अब उनके बैठने के लिए कोई स्थान नहीं है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल सभी की संबंधित खंड विकास अधिकारियों को सीडीपीओ कार्यालय में बिजली उपलब्ध कराने और बैठने के लिए जगह उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी अजय कुमार वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त एवं उपायुक्त मनरेगा विजय पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा सहित सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सुरक्षा की दृष्टि से थाना अध्यक्ष सुरियावां द्वारा नगर पंचायत सुरियावा में किया गया पैदल मार्च



**भदोही**–सुरियावां मंगलवार 31 दिसंबर 2024 वह 1 जनवरी को देखते शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से थाना अध्यक्ष सुरियावा मय फोर्स द्वारा नगर के विभिन्न हिस्सों में पैदल ग्रस्त कर लोगों को शांति सुरक्षा का विश्वास दिलाया उन्होंने कहा कि नव वर्ष शांति एवं सुरक्षा के साथ मनायें अगर किसी भी प्रकार की कहीं पर भी अराजकता की गई तो अराजक तत्वों पर विशेष निज रखी जा रही है इस मौके पर थाना सुरियावा के समस्त सब इंस्पेक्टर पुरुष एवं महिला कांस्टेबल पैदल ग्रस्त कर लोगों को शांति एवं सुरक्षा का विश्वास दिलाया।

## महिला तायक्वोंडो प्रशिक्षक ने आसाम गोहाटी में लहराए परचम

### सवर्ण पदक के साथ सीनियर प्रशिक्षक के रूप में सम्मानित भी किया गया

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय मार्सल आर्ट गेम 2024 मेगा इवेंट मेंमीरजापुर से डा0 शशी पाण्डेय महिला तायक्वोंडो प्रशिक्षक ने आसाम गोहाटी में लहराए परचम सवर्ण पदक के साथ सीनियर प्रशिक्षक के रूप में सम्मानित भी किया गया व इन्होंने अब तक उत्तर प्रदेश मिर्जापुर से 50 वर्ष के आयु में होते हुए भी अब तक विभिन्न राज्यों व देशों में प्रतिभाग कर पदक हासिल कर अपने जिले व देश का नाम रोशन किया है अब तक डा0 शशी पाण्डेय के खिताब को देखते हुए भारत सरकार के तरफ से खेल गौरव पुरस्कार, प्राउड ऑफ इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, राष्ट्रीय सीनियर मार्शल आर्ट प्रशिक्षक पुरस्कारो से सम्मानित हुई, इनकी शिक्षा पी.एच.डी हिंदी साहित्य, संगीत से प्रभाकर व प्रवीण, एल एल. बी - उच्च न्यायालय अधिवक्ता प्रयागराज, तायिक्वांडो, कराटे, किक बॉक्सिंग से ब्लैक बेल्ट राष्ट्रीय, अन्तराष्ट्रिय व एशियन गेम में पदक व राष्ट्रिय स्तर जूरी कोच रेफ्री व अन्य उपाधि प्राप्त की है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया बच्चों का इलाज



**महराजगंज (जौनपुर)**– राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम के तहत मुख एवं दंत स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन सरकारी विद्यालय कौशिल्या देवी जायसवाल इंटर कॉलेज में किया गया। डेंटल सर्जन डॉ स्वीटी गुप्ता द्वारा बच्चों को तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया।साथ ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा बच्चों का स्क्रीनिंग और आंखों का परीक्षण डॉ कृष्ण कांत निगम,डॉ संजय यादव द्वारा आंखों का जांच करके निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया।टीम में डॉ कमलेश बौद्ध प्रधानाध्यापक हरेंद्र सरोज व समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

## खेतासराय में नहीं बना रैन बसेरा

### महाकुंभ मेला में जाने वाले यात्रियों के लिए भी नहीं बनाई गई कोई सुविधा

**खेतासराय(जौनपुर)।** ठंड ने अपना तीखा तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। लेकिन नगर पंचायत खेतासराय में मुख्य चौराहे पर रैन बसेरा का अभी तक कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। इससे कस्बे में आने जाने वाले यात्रियों , व्यापारियों और महाकुंभ मेला में स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। हालत यह है कि ठंड के इस मौसम में खुले आसमान के नीचे रात बिताते हैं राहगीर। अयोध्या से काशी को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे पर स्थित जिले का नगर पंचायत खेतासराय व्यापारिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है । यहां दो दर्जन इंटरमीडिएट कॉलेज और डिग्री कॉलेज है। इतने ही राष्ट्रीयकृत बैंक, स्वास्थ्य और विकास संबंधी आधा दर्जन कार्यालय भी मौजूद है । आवागमन की दृष्टिकोण से यह कस्बा बहुत ही खास माना जाता है। कस्बा के पूर्वी छोर पर खेतासराय रेलवे स्टेशन भी विकास की कड़ी में अपना अहम योगदान देता है। फल, सब्जी सराफ, रेडीमेड, फर्नीचर, किराना समेत कई छोटे बड़े कारोबार यहां होते हैं । बावजूद इसके इस कस्बे में अभी तक नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अस्थाई तौर पर रैन बसेरा ना बनाया चर्चा का विषय बना है। जबकि प्रयागराज स्थित महाकुंभ मेला में आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि सभी प्रमुख स्थानों पर रैन बसेरा बनाकर वहां रजाई गद्दा के अलावा चिकित्सीय उपकरण की व्यवस्था कराई जाए।

# नव वर्ष के अवसर जनपदवासियों को भदोही पुलिस की तरफ से बड़ा तोहफा

**● अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगों के खिल उठे चेहरे**

स्वतंत्र प्रभात




**भदोही**– पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 125 अदद गिरे/खोये विभिन्न कंपनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद, बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 23 लाख रूपये । डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त खोये/गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए एसओजी/स्वाट/सर्विलांस की टीम को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। मोबाईल फोन की बरामदगी हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा अथक प्रयास से विभिन्न कम्पनियों के कुल-125 मल्टीमीडिया मोबाइल कीमती लगभग 23 लाख रूपये बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

नव वर्ष के अवसर पर आज दिनांक-31.12.2024 को पुलिस अधीक्षक भदोही व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाईन, ज्ञानपुर सभागार कक्ष में बरामदशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में दिनांक 29.08.2023 को 101 मल्टीमीडिया मोबाइल अनुमानित कीमत 17 लाख रुपए, दिनांक 31.12.2023 को 152 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल सेट कीमती करीब 25 लाख रुपए, दिनांक 26.04.2024 को 101 मल्टीमीडिया मोबाइल अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये, दिनांक-06.09.2024 को 121 मल्टीमीडिया मोबाइल अनुमानित कीमत 21 लाख रुपये व आज दिनांक-31.12.2024 को 125 मल्टीमीडिया मोबाइल अनुमानित कीमत 23 लाख रुपये सहित कुल-600 मल्टीमीडिया मोबाईल फोन कीमती करीब 01 करोड़ 04 लाख रुपये बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया है।

**बरामदगी**

125 अदद विभिन्न कम्पनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल सेट कीमती लगभग-23 लाख रूपये।

99प्राप्त प्रार्थना पत्र के आवेदकों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही व स्वाट/सर्विलांस टीम को धन्यवाद प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

## जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को नव वर्ष 2025 की दी बधाई व शुभकामना



**भदोही** – नववर्ष 2025 पर जिलाधिकारी विशाल सिंह ने जनपदवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी है। जिलाधिकारी विशाल सिंह जनपदवासियों को नए वर्ष की बधाई देते हुए सभी के जीवन में बेहतर स्वास्थ्य, सुख समृद्धि की कामना की है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को भी अपने संदेश में कहा कि जनपद को समृद्धि एवं विकास के रास्ते पर ले जाने हेतु पूरी पारदर्शिता व सत्यनिष्ठा के साथ परियोजनाओं व लोक कल्याणकारी योजनाओं को संचालित करने हेतु अग्रसर हों जिससे जनपद में सुख, समृद्धि व विकास की धारा सतत गतिमान रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि नया वर्ष जनपदवासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए नई सफलता, खुशियां व सकारात्मक सोच को लेकर उनके जीवन में सुख समृद्धि लाए।

## आचार्य डॉ. लोकेश मुनि नववर्ष की पूर्व संध्या पर नाकोड़ा तीर्थ स्थित भगवान पार्श्वनाथ के मंदिर में भक्ति सभा में भाग लेंगे



**● "भारत के महर्षि सम्मान" से सम्मानित होने के बाद वे पहली बार अपनी जन्मभूमि पर लौटे।**

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली**– पूज्य आचार्य डॉ. लोकेश मुनि, जो राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र में जन्मे और शिक्षित जैन मुनि हैं। आज (अखबारों के अनुसार) वे दिल्ली से जोधपुर और फिर नाकोड़ा तीर्थ की यात्रा पर हैं। आपको बता दें कि जोधपुर एयरपोर्ट से वे पचपदरा, बालोतरा होते हुए विश्व प्रसिद्ध श्री नाकोड़ा तीर्थ पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम के बाद 1 जनवरी 2025 की सुबह जोधपुर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। आचार्य लोकेश मुनि नववर्ष की पूर्व संध्या पर नाकोड़ा तीर्थ स्थित भगवान पार्श्वनाथ के मंदिर में भक्ति सभा में भाग लेंगे और 1 जनवरी 2025 को नववर्ष के शुभारंभ पर शांति एवं ध्यान-प्रार्थना का आयोजन करेंगे। यह यात्रा उनके लिए विशेष है, क्योंकि वे ÷भारत के महर्षि सम्मान÷ से सम्मानित होने के बाद पहली बार अपने गृह क्षेत्र में लौट रहे हैं। समाचार में यह भी उल्लेख किया गया है कि उनके द्वारा स्थापित ÷अहिंसा विश्व भारती संस्थान÷ का निर्माण कार्य दिल्ली में पूरा हो चुका है और इसका उद्घाटन 2 मार्च 2025 को होगा। समारोह में श्री श्री रविशंकर, योग गुरु स्वामी रामदेव, केंद्रीय मंत्री और अन्य प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। यह यात्रा राजस्थान और खासकर नाकोड़ा तीर्थ के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और उनके आगमन को क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात बताया गया है।

# वरिष्ठ नागरिक संरक्षण संस्थान के कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न

स्वतंत्र प्रभात




**मीरजापुर।** वरिष्ठ नागरिक संरक्षण संस्थान के कार्यकारिणी की बैठक में सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में संस्थान के वरिष्ठ सदस्य एवं वरिष्ठ एडवोकेट विमला शंकर दुबे के निवास कैलाशपुरी कॉलोनी में सम्पन्न हुई द्य

जिसमें निम्न लिखित प्रस्ताव पारित किए गए द्य विधायक नगर पंडित रत्नाकर मिश्र द्वारा रुपया 8 लाख विधायक निधि से देने की घोषणा की गई थी इसपर यह निर्णय लिया गया कि विधायक जी से संपर्क करके अविलंब प्राप्त किया जाए ताकि निर्माण कार्य समय से सम्पन्न हो सके। पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुसार C M O से संपर्क करके 70 वर्ष तक एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड हेतु कैंप लगवाकर बनवाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। संस्था का 25 वर्ष पूर्ण होने पर निर्णय लिया गया कि रजत जयंती मनाई जाय द्य जिसके लिए मुख्य अतिथि के रूप में किसी मंत्री अथवा किसी अधिकारी को आमंत्रित किया जाय बैठक में आधार शीला पत्रिका छपवाने का निर्णय लिया गया इसमें श्री केदार नाथ सविता को संयोजक बनाया गया । सभा का संचालन संस्था के सचिव महेश चंद यादव द्वारा किया गया अंत में अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी द्वारा उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की गई इस बैठक में सर्व लालब्रत सिंह, महेश चंद यादव, विमला शंकर दुबे, अजय कुमार मेहरोत्रा, गोपाल दास टंडन, आनंद कुमार मिश्र, सीताराम मेहरोत्रा, केदारनाथ सविता, गणेश लाल विश्वकर्मा, अमरनाथ सिंह, ओम प्रकाश जी आदि उपस्थित रहे।

## कुसुम साइलेस ने कहा है कि उनका स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्कूल है - कुसुम साइलेस

**मीरजापुर।** नगर के मिशन कम्पाउंड स्थित माउंट कार्मल हायर सेकेन्ड्री स्कूल की प्रबंधक कुसुम साइलेस ने कहा है कि उनका स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्कूल है। उन्होंने लिखित प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि क्रिसमस डे के अवसर पर हमारे स्कूल परिसर में एक अन्य स्कूल ने कोई कार्यक्रम आयोजित किया था। उक्त स्कूल ने अपने स्कूल में जगह न होने के कारण माउंट कार्मल स्कूल परिसर की मांग की थी। बच्चों के प्रति सदाशयता दिखाते हुए माउंट कार्मल परिसर उक्त स्कूल को दे दिया गया था। साइलेस ने कहा कि इसके बाद कार्यक्रम आयोजित करने वाले स्कूल की ओर से यह प्रसारित एवं प्रचारित किया जा रहा है कि माउंट कार्मल स्कूल उसकी तीसरी शाखा है, जो पूर्णतया भ्रामक है। साइलेस ने कहा कि भ्रामक एवं तथ्यहीन दावे प्रचारित एवं प्रसारित करने वाले स्कूल एवं उसकी मदद करने वालों के प्रति कानूनी कार्रवाई की जाएगी क्योंकि उक्त स्कूल के भ्रामक प्रचार से शासन से मान्यता प्राप्त माउंट कार्मल हायर सेकेंड्री स्कूल की छवि धूमिल हुई है।

# 17 साल देश की सेवा कर घर लौटा फौजी स्वागत में जुटा गांव जवार

**● सेवानिवृत्त होकर लौटे सेना के जवान का जोरदार स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात




**भदोही।** 17 साल 17 दिन सरहद की सीमा पर मुस्तैद रह चुके विपुल सिंह सेना से सेवानिवृत्त होकर 31दिसंबर को अपने घर लौटे।विपुल सिंह पुत्र तेज़बहादुर सिंह का गृह जनपद भदोही स्थित कोनिया के बसगोती मवैया गांव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। जहां पत्नी रूबी ने शांतनू और जाह्नवी के साथ आरती उतारकर फूलों की बारिश कर स्वागत किया।कोनिया में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया।इस अवसर पर विपुल ने 2007 में भर्ती होने से लेकर जम्मू कश्मीर बीकानेर पंजाब अरुणाचल उत्तराखंड और दिल्ली से सेवानिवृत्ति के अपने सेना में सेवा के अनुभवों और रक्षक बेहतर सेवा सहित प्राप्त चार मेडल के बारे में जानकारी को भी साझा किया। विपुल सिंह के घर लौटने की सूचना मिलने पर कोनिया से बड़ी संख्या में युवाओ भाई परिवार गांव क्षेत्र के लोगों ने प्रयागराज पहुंचकर अगवानी। डीजे की धुन पर में मोटर साइकिलों की लंबी कतार के साथ युवा को लेकर पहुंचे। जहां उनका स्वागत हुआ, जिसके बाद युवा युवाओं का काफिला देश भक्ति गीत की धून में उनके गृह ग्राम कोनिया के बसगोती मवैया पहुंचा।

अपने इस स्वागत अभिनंदन समारोह को देखकर विपुल सिंह की आंखे नम हो गई विपुल सिंह ने उपस्थित सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया विपुल का कहना था कि भारत माता की सेवा कर चुका हूं अब अपनी जन्मभूमि की सेवा के लिए रिटायरमेट लेकर अपने गांव के लोगों गांव की मिट्टी के लिए समर्पित होने के लिए आया हूं।इस दौरान पूरा परिसर भारत माता की जय वन्दे मातरम जैसे देश भक्ति के नारे से गुंजायमान होता रहा।

# राष्ट्रीय स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए प्रस्थान करेंगे जनपद के बाल वैज्ञानिक

स्वतंत्र प्रभात




**मीरजापुर।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं संचार प्रौद्योगिकी परिषद भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित राष्ट्रव्यापी गतिविधि राष्ट्र व्यापी गतिविधि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के 31वी राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 का आयोजन भोपाल मे 3 जनवरी से 6 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा।इस राष्ट्रीय आयोजन मे राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित जनपद मिर्ज़ापुर के दो बाल वैज्ञानिक अपने लघुशोध प्रस्तुत करेंगे। इस आशय की सूचना देते हुए राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला समन्यवयक सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस बच्चों मे वैज्ञानिक शोध की प्रवृति बढ़ाने,वैज्ञानिक सोच विकसित करने,वैज्ञानिक विधि से कार्य करने की क्षमता विकसित करती है।इस कार्यक्रम मे 10 वर्ष से17 वर्ष के बच्चे अपने स्थानीय समस्या को संबंधित विषय से जुड़ी हुई चिन्हित कर, समस्या के समाधान के लिए लघुशोध प्रस्तुत करते है। इस गतिविधि मे प्रत्येक दो वर्षो के लिए एक मुख्य विषय निर्धारित किया जाता है जिस पर बच्चे अपने प्रोजेक्ट बनाते है।यह कार्यक्रम विद्यालय स्तर से शुरु होकर,नोडल स्तर, जिला स्तर, प्रदेश स्तर, राष्ट्रीय स्तर तक के लिए आयोजित किया जाता है।इस वर्ष की राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन कुछ तकनीकी कारणों से आयोजित नही किया गया।पिछले वर्ष का राष्ट्रीय आयोजन इस वर्ष भोपाल मे आयोजित हो रहा है। जिसमे अंशिका दुबे कम्पोजिट विद्यालय देवरी आमघाट का प्रोजेक्ट जूनियर वर्ग मे चयनित किया गया था।अंशिका ने अपना लघु शोध पत्र अपनी गाइड टीचर निधि सिंह के मार्ग निर्देशन मे तैयार किया।उन्होंने अपने स्थानीय स्तर पर किडनी मे होने वाली पथरी की समस्या का कारण उससे बचने के उपाय पर कार्य किया है। अनिकेत् पटेल विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल अदलहाट ने अपना लघु शोध पत्र अपनी गाइड टीचर निशा सिंह के निर्देशन मे सब्जियों एवं फलो को धोने एवं साफ करने की सरल मशीन पर कार्य किया। जनपद से अंशिका दुबे एवं अनिकेत पटेल एस्कॉर्ट टीचर आलोक सिंह एवं आर्यन प्रसाद के साथ सहरसा एक्सप्रेस से 1 जनवरी को प्रस्थान करेंगे।जहा पर अपने लघु शोध पत्र भोपाल मे होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम मे 3से6 दिसंबर तक प्रस्तुत करेंगे।

# विंध्य हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा गंगोत्सव एवं श्रद्धांजलि समारोह का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**मीरजापुर ।** विंध्य हेरिटेज फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर के पकाघाट पर गंगोत्सव एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया । मां गंगा की वार्षिक आरती कर संस्थापक सदस्य पद्मश्री अजिता श्रीवास्तव एवं आरती व्यवस्थापक मंडल के सदस्य आलोक मिश्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । मां गंगा की आरती कर मृतकों की आत्मा की सदगति के लिए प्रार्थना किया गया। गंगोत्सव में भक्तों ने सामूहिक रुप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। वैदिक एवं पौराणिक मंत्रों के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना कर आरती की गई।

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि जिले की धरोहर पक्का घाट को संरक्षित रखने के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी विमल कुमार दुबे एवं उनकी पत्नी डॉ. रचना विमल दुबे के निर्देशन में मां गंगा की आरती वर्ष 2017 से आरंभ किया गया । जो प्रतिदिन सायंकाल निरंतर जन सहयोग से जारी है । जनता के मिल रहे सहयोग के चलते ही जब कोरोना काल में मानव से मानव की दूरी थी । तब भी मां की आरती अनवरत जारी रहा । इसे पतित पावनी गंगा की कृपा बताते हुए कहा कि मां गंगा की सेवा करते हुए पद्मश्री अजीत आशीर्वाद एवं आलोक मिश्रा गोधाम प्रस्थान कर गए । वह हमारे बीच में नहीं है, लेकिन उनके किए गए प्रयास से हम सबको एक नई ऊर्जा के साथ सेवा कार्य में लगे रहने की प्रेरणा मिलती हैं । कार्यक्रम में संस्था सचिव नितिन अवस्थी ने भक्तों का स्वागत एवं आभार जताया। कार्यक्रम में अमरेश मिश्र, विभूति मिश्रा, आकाश दुबे मनीष रावत रामलाल साहनी, जेपी पटेल, विजेंद्र दुबे, राजकुमार उपाध्याय, जय श्रीवास्तव, राजा बाबू मिश्रा एवं आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## श्री प्रभात भजन बोल बम सेवा समिति द्वारा निकलने वाले प्रभात फेरी से भक्तिमय हो जाता है नगर

**चुनार, मीरजापुर ।** श्री प्रभात भजन बोल बम सेवा समिति द्वारा नगर में प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जाती है । प्रभात फेरी में ढोल,हरमोनियम के साथ भगवान का भजन करते हुए भक्त प्रातः 6.00 बजे से प्रतिदिन नगर के सभी मोहल्लों में अलग अलग दिनों भ्रमण करती है।जिसमें पूरा नगर भक्तिमय हो जाता है। समिति के अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि कि श्री प्रभात भजन बोल बम सेवा समिति की स्थापना 1980-1981 में हुई थी ।और तभी से प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम निरंतर चल रहा है। 108 दिनों तक चलने वाली फेरी का शुभारंभ कार्तिक पूर्णिमा को होता है और समापन महाशिवरात्रि पर्व पर शिव विवाह के साथ सम्पन्न होता है । यह कार्यक्रम विगत 45 वर्षो से निरंतर चला आ रहा है। प्रभात फेरी में मुख्य रूप से सुशील गुप्ता मुन्ना, संतोष कुमार गुप्ता,आशीष गुप्ता, सिद्धार्थ साहू, महेंद्र साहू, कौशलेंद्र गुप्ता, लवकुश गुप्ता, निलेश गुप्ता, छांगुर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहते हैं।

# नए साल के जश्न में गड़बड़ी करने वालों पर पुलिस की खास नजर

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ़।** नए साल की पूर्व संध्या पर शहर भर में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। नए साल के जश्न की आड़ में गड़बड़ी करने वालों पर पुलिस की खास नजर रही। शराबियों व हुरदंगियों की धरपकड़ को भी बैरियर लगाकर अभियान चलाया गया। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक के नेतृत्व में पुलिस ने सेंटर प्वाइंट, अमीर निशा, रेलवे स्टेशन, रामघाट रोड, रेलवे रोड, महावीर गंज, बारहद्वारी, रसलगंज, सासनीगेट चौराहे समेत शहर के विभिन्न बाजारों व प्रमुख स्थानों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान न्यू ईयर सेलीब्रेशन को लेकर बाइक व स्कूटी पर स्टंट कर मस्ती कर रहे युवाओं को रोक कर कड़ी हिदायत दी गई। ब्रेथ एनालाइजर मशीन के जरिये शराबियों की जांच की गई।

**वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित**

शाम चार बजे से ही न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर सेंटर प्वाइंट पर उमडने वाली भीड़ को देखते हुए सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई थी। गांधी आई तिराहे, रेलवे स्टेशन रोड, मैरिस रोड, एसबीआई तिराहे से वाहनों को सेंटर प्वाइंट की ओर नहीं आने दिया गया। वाहनों की पार्किंग प्रशासन ने सेंटर प्वाइंट से कुछ दूरी पर करा रखी थी। देहात व शहर के तमाम थानेदार होटल, ढाबों व न्यू ईयर सेलीब्रेशन पार्टी के दौरान हरेक गतिविधियों पर पैनी नजर रखे रहे। एसएसपी संजीव सुमन ने भी देर रात खुद शहर के ऊपरकोट, शाहजमाल, सेंटर प्वाइंट, जमालपुर, अमीर निशा समेत विभिन्न इलाकों में जाकर पुलिस सुरक्षा के साथ ही पैदल गश्त का निरीक्षण किया।

**स्टेशन पर भी दिखी मुस्तैदी**

स्टेशन पर सीओ सिविल लाइन, इंस्पेक्टर जीआरपी, आरपीएफ इंस्पेक्टर के नेतृत्व में डॉग स्क्वाड व एलआइयू की टीमों ने संयुक्त रूप से ट्रेनों की बोगियों के अलावा प्लेटफार्म पर सघन चेकिंग की। हालांकि, इस दौरान कोई भी संदिग्ध व्यक्ति व सामान नहीं मिला।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल गोपीगंज का आठवां वार्षिक कम्बल वितरण समारोह सम्पन्न

**●उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल गोपीगंज द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में मा0 विधायक ज्ञानपुर, डीएम, एडीएम ने वितरित किया कंबल**

**नर सेवा नारायण सेवा है- जिलाधिकारी**

**वंचितों, गरीबों को विधायक ज्ञानपुर ने कंबल वितरित कर प्रदान किया संबल**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही:**- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल गोपीगंज के बैनर तले आठवां वार्षिक कम्बल वितरण समारोह मा0 विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे, जिलाधिकारी विशाल सिंह, द्वय अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, शिवनारायण सिंह द्वारा चौधरी मैरिज प्वाइंट गोपीगंज में सम्पन्न हुआ। कम्बल वितरित करते हुए मा0 विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप जनपद में इस शीतलहर व कड़ाके की ठण्ड में बिना कम्बल के कोई नही सोयेगा। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल गोपीगंज द्वारा सामाजिक व मानवीय सेवा के क्रम में कम्बल वितरण की सराहना किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह से समाज के सम्पन्न व्यक्तियों को भी बढ़-चढ़कर सहभागिता करनी चाहिए।

जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनकर हर्ष की अनुभूति हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा भी तहसीलों, विकास खण्डो व नगरीय निकायों में शासकीय कम्बल का वितरण लगातार किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जनपद में प्रबुद्धजन, सक्षम व सम्पन्न व्यक्तियों से अपील किया कि ठण्ड के मौसम में कम्बल वितरण पर पुनीत कार्य में हिस्सा ले और इसे आगे बढ़ाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल गोपीगंज द्वारा किए गए सामाजिक व मानवीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि नर सेवा नारायण सेवा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल गोपीगंज नगर अध्यक्ष श्रीकान्त जायसवाल ने बताया कि व्यापारियों व पदाधिकारियों के सहयोग से यह आठवां वार्षिक समारोह कार्यक्रम है। बुर्जुगों, महिलाओं, गरीबों व असहाय लोगों को कम्बल वितरण कर हम सभी को आत्मिक संतुष्टि होती है। कार्यक्रम में चेयरमैन ज्ञानपुर घनश्यामदास गुप्ता, रामाकान्त गुप्ता, रतनलाल अग्रहरी, मो0रिजवान अंसारी, त्रिलोकीनाथ उमर, केशव प्रसाद जायसवाल, दिनेश उमर, दामोदर अग्रहरी सहित अन्य की उपस्थिति व विशेष सहयोग रहा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## प्रयागराज पुलिस ने फर्जी दरोगा को किया गिरफ्तार, ठेले वालों से करता था वसूली

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सराय इनायत क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को अपने को दरोगा बताने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पिछले कई दिनों क्षेत्र में एक दरोगा को ढाबों पर खाना खाकर पैसे नहीं देने और धमकाकर पैसे वसूलने शिकायत मिल रही थी। उन्होंने बताया कि गाजीपुर के मोहम्मदाबाद निवासी अरुण यादव अपने को दरोगा बताकर ढाबों पर खाना खाता था और पैसा मांगने पर अपने को दरोगा बताकर धमकाता था और पैसा नहीं देता था। इसके अलावा आसपास के ठेलों पर सामान बेचने वालों से भी पैसा वसूलता था। वह क्षेत्र में लोगों को खुद सराय इनायत में दरोगा पोस्टिंग की बात कहकर कमरा लेकर रहता था और बाद में बिना पैसे दिए ही खाली निकल जाता था। फिलहाल वह झांसी में रहकर कम्पटीशन की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पुलिस कार्यालय के दुर्गा भाभी सभागार में कार्यशाला का किया गया आयोजन



**कौशाम्बी।** आज दिनांक 31.12.2024 को पुलिस कार्यालय के दुर्गा भाभी सभागार में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में आयोजित कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त निदेशक अभियोजन एवं एडीजीसी क्रिमिनल के द्वारा जनपद कौशाम्बी के समस्त थानों के विवेचकों को महिला सम्बन्धी अपराधों की विवेचना के सम्बन्ध में समय-समय पर शासन एवं पुलिस मुख्यालय स्तर से निर्गत शासनादेशों, परिपत्रों, विवेचना हस्त पुस्तिका, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं उत्तर प्रदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा नियमावली 2024 में निहित सुसंगत प्रावधानों के बारे में बताया गया तथा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही/विवेचना की बारीकियों के सम्बन्ध में भलीभांति जानकारी दी गई।

## कौशाम्बी में मनाया गया विधायक का जन्मदिन



**कौशाम्बी।** जनपद में ब्राह्मण शिरोमणि मऊ मानिकपुर के विधायक हम सबके प्रेरणा स्रोत सरल स्वभाव ईमानदार छवि के रूप में पहचान बनाने वाले कौशाम्बी का नाम और गौरव बढ़ाने वाले हम युवाओं के दिलों की धड़कन हम सबके नेता आदरणीय अविनाश चन्द्र द्विवेदी के जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई हो उक्त बातें मनोज कुमार मिश्र एडवोकेट ने अपने आवास भरसवा में कहीं उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के कोने-कोने एक ईमानदार छवि के रूप में निष्ठावान कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पित कौशाम्बी की आन बान शान हमेशा सबके दुख में रहने वाले विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी के जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई हो हम सब एकजुट होकर उनके दीर्घायु की कामना करते हैं इस अवसर पर कुण्डा करेंटी के सातेन्द्र मिश्रा राजू,विकास मिश्रा ऊनों महेन्द्र मिश्रा गुड्डू सागर मिश्रा सुनील तिवारी गोपाल पाल मुकेश शुक्ला सोनू तिवारी मुकेश चतुर्वेदी प्रभात दुबे सीताराम भी पाल उमेश पाल आकाश दीपक सिंह एडवोकेट आलोक तिवारी आकाश पाल कमलेश मौर्य शुभम सिंह अंकित पाण्डेय अरविन्द ओझा आज लोगों ने विधायक के जन्मदिन पर एक दूसरे को बधाई देते हुए दीर्घायु की कामना की है।

## 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए करें आनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अम्बुज कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए परम्परागत माटीकला के कामगार एवं माटीकला में रूचि रखने वाले 15 लाभार्थियों के चयन के लिए आवेदन-पत्र आमन्त्रित किये गये हैं। इच्छुक व्यक्ति आवेदन वेबसाइट- upmatikalaboard.in पर दिनांक 03.01.2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिकारी जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कक्ष सं0-44, प्रथम तल, विकास भवन, मंझनपुर में सम्पर्क किया जा सकता है। अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन-पत्र पर विचार नही किया जायेंगा। 15 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त लाभार्थियों को रू0 1500 का मानदेय देय होगा एवं प्रशिक्षण के दौरान रहने व खाने की सुविधा भी उपलब्ध कराया जायेगा। प्राप्त आवेदन का साक्षात्कार दिनांक 04.01.2025 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कक्ष सं0-44, प्रथम तल, विकास भवन, मंझनपुर, कौशाम्बी में किया जायेगा।

# स्वच्छ सुव्यवस्थित महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करेगा बायो सीएनजी प्लांट- मुख्यमंत्री

● - महाकुम्भ में संगम जाने का सबसे सहज मार्ग होगा स्टील ब्रिज।

'वेस्ट टू वेल्थ' का बेहतरीन उदाहरण है बायो सीएनजी प्लांट,।

200 व्यक्तियों को रोजगार मिला, 56700 टन वार्षिक कार्बन उत्सर्जन में आएगी कमी।







**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** स्वच्छ और सुव्यवस्थित महाकुम्भ की परिकल्पना के साथ नैनी में प्रदेश का पहला एमएसडब्ल्यू बायो सीएनजी प्लांट क्रियाशील होने को तैयार है। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बायो प्लांट स्वच्छ प्रयागराज- सुव्यवस्थित महाकुम्भ के संकल्प की दिशा में एक प्रयास है, जो महाकुम्भ के बाद भी प्रयागराज नगर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

प्रदेश में म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट आधारित इस पहले सीएनजी प्लांट से 200 परिवारों को रोजगार भी मिला है। पीपीपी मॉडल पर संचालित होने वाले इस प्लांट का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा को साकार करता यह प्लांट आरएनजी (नवीकरणीय प्राकृतिक गैस) परियोजना, अत्याधुनिक और नवीनतम तकनीक के साथ नगर निगम के ठोस कचरे को बायोगैस में संसाधित करने के लिए सबसे उन्नत और कुशल सुविधाओं में से एक है। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित इस परियोजना के अंतर्गत प्रयागराज शहर में घरों, होटल-रेस्टोरेंट्स और मंदिरों से हर दिन निकलने वाले औसतन 200 टन गीले कचरे से लगभग 21500 किलो बायो ष्ट्हत्न और 209 टन जैविक खाद बनेगी। प्लांट की कुल क्षमता 343 टन प्रति दिन उत्पादन की है। हर दिन प्लांट से 21.5 टन बायो ष्ट्हत्न के साथ 109 टन ठोस जैविक खाद और 100 टन तरल जैविक खाद बनेगी। इससे 56700 टन वार्षिक कार्बन उत्सर्जन में कमी आ सकेगी।

एक दिनी दौरे पर प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने फाफामऊ में गंगा नदी पर निर्माणाधीन सिक्सलेन पुल के विकल्प के रूप में बन रहे स्टील ब्रिज का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के महाकुम्भ में यह स्टील ब्रिज तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए संगम तक आवागमन का सबसे सहज साधन होगा। स्टील ब्रिज से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, अयोध्या, गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान की ओर से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्हें नगर में नहीं जाना पड़ेगा। गंगा किनारे रिवर फ्रंट रोड से ये वाहन सीधे महाकुम्भ मेला में प्रवेश कर सकेंगे। भारत सरकार के सौजन्य से बन रहे इस स्टील ब्रिज के लोड टेस्टिंग का काम भी पूरा हो गया है। लगभग 450 मीटर लंबे दो लेन के इस स्टील ब्रिज में 4500 टन लोहे का प्रयोग हुआ है। इसके लिए तीन किमी की एप्रोच रोड का भी निर्माण कराया गया है। इससे पहले स्नान घाटों की तैयारियों को परखने के क्रम में मुख्यमंत्री ने संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हर एक तीर्थयात्री का स्नान सुरक्षित हो, इसके लिए व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। महाकुम्भ को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री रखा जा रहा है, कैरी बैग से लेकर होर्डिंग-बैनर तक कहीं भी प्लास्टिक नहीं, जो कुछ होगा सब बायोडीग्रेडेबल होगा। इसे लेकर जागरूकता भी बढ़ाई जाए। घाट प्रबंधन और श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए 05 हजार कुम्भ सेवा मित्र की तैनाती की गई है। इनका विधिवत प्रशिक्षण भी कराया जाए। मुख्यमंत्री ने किले के समीप तैयार हो रहे वीआईपी घाट का भी निरीक्षण किया और यहीं से त्रिवेणी संगम पहुंचकर संगम-पूजन भी किया और फिर बड़े हनुमान जी का दर्शन भी किया।

# कॉलेजियम न्यायिक नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद को रोकने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है सुप्रीम कोर्ट

**स्वतंत्र प्रभात**



भारत में न्यायिक नियुक्ति परिदृश्य को नया आकार देने वाले एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव में, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम उच्च न्यायालय के उन न्यायाधीशों की नियुक्ति को अस्थायी रूप से रोकने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है जो सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालयों में मौजूदा न्यायाधीशों के करीबी रिश्तेदार हैं। इस पहल का उद्देश्य न्यायपालिका के भीतर भाई-भतीजावाद की लंबे समय से चली आ रही धारणाओं को दूर करना और पहली पीढ़ी के वकीलों के लिए अधिक न्यायसंगत स्थान बनाना है। कॉलेजियम के एक न्यायाधीश द्वारा पहली बार सुझाए गए इस प्रस्ताव ने न्यायपालिका के शीर्ष अधिकारियों के बीच व्यापक बहस छेड़ दी है, जिसमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति ए एस ओका शामिल हैं। इस पहल को विविध पृष्ठभूमि और समुदायों से प्रतिभाओं के व्यापक और गहरे पूल को बढ़ावा देने के साधन के रूप में देखा जाता है, जिनका न्यायपालिका में कम प्रतिनिधित्व रहा है। मौजूदा व्यवस्था के तहत, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का चयन मुख्य रूप से उच्च न्यायालय के कॉलेजियम की सिफारिशों पर निर्भर करता है, जिसमें उम्मीदवारों की विस्तृत जीवनी और खुफिया रिपोर्ट शामिल हैं। हालांकि, यह प्रस्ताव एक नया मानदंड पेश करता है जो न्यायपालिका से पारिवारिक संबंध रखने वाले उम्मीदवारों को बाहर करता है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नियुक्तियाँ विरासत के बजाय योग्यता के आधार पर हों। इस प्रस्तावित रोक के अपने आलोचक भी हैं, जो तर्क देते हैं कि यह केवल उनके पारिवारिक संबंधों के कारण योग्य उम्मीदवारों को अनुचित रूप से नुकसान पहुँचा सकता है। हालांकि, समर्थकों का मानना है कि यह ऐसे वकीलों की पेशेवर संभावनाओं को नुकसान नहीं पहुँचाएगा, जो अन्य कानूनी क्षमताओं में सफलता और मान्यता प्राप्त करना जारी रख सकते हैं।

# प्रयागराज में 200 से अधिक सड़कों के साथ ही सिटी का हुआ सौंदर्यीकरण: सीएम योगी

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रयागराज में महाकुम्भ के दृष्टिगत समीक्षा बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में एक बार फिर प्रयागवासियों से आतिथ्य सेवा के साथ ही महाकुम्भ के दौरान स्वच्छता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने की अपील की। प्रयागराज वासियों से अपील होगी कि स्वच्छता और आतिथ्य सेवा का जो उदाहरण उन्होने 2019 कुम्भ में प्रस्तुत किया है, उससे अच्छा अवसर इस बार उनके सामने आ रहा है। इस बार भी हमारा प्रयागराज आतिथ्य सेवा के साथ-साथ स्वच्छता का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

**प्रयागराज सिटी का कायाकल्प लगभग पूरा।**

समीक्षा बैठक करने के बाद सीएम योगी ने पत्रकारों के साथ संवाद किया। उन्होंने बताया कि प्रयागराज सिटी का कायाकल्प लगभग पूरा हो चुका है। 200 से अधिक सड़कों का निर्माण हुआ है। इन्हें सिंगल से डबल लेन, डबल लेन से फोर लेन, फोरलेन से सिक्स लेन बनाया जा चुका है। 14 फ्लाईओवर या आरओबी में से 13 कंप्लीट हो गए हैं और एक फाइनल स्टेज की तरफ बढ़ रहा है। सिटी के अंदर सौंदर्यीकरण के कई कार्य किए गए हैं। सिटी के अंदर यह भी व्यवस्था की गई है कि रेलवे स्टेशनों पर भी होल्डिंग एरिया हों और उसके बाहर भी। उन्होंने कहा कि मेला प्राधिकरण ने यहां पर लगभग 5000 एकड़ क्षेत्रफल में प्रयागराज को जोड़ने वाले मार्गों पर संगम से 2 से 5 किलोमीटर की दूरी पर पार्किंग स्पेस भी चिन्हित करके उन्हें सक्रिय कर दिया है। हर पार्किंग स्थल पर चौकी भी होगी, सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था भी होगी और पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी होगा।

**देश और दुनिया प्रयागराज कुम्भ में आने के लिए उत्सुक**

उन्होंने बताया कि पहली बार पांटून ब्रिज की संख्या को बढ़ाकर 22 किया गया था, इस बार महाकुम्भ को देखते हुए 30 कर दिया गया है। इसमें 28 बनकर तैयार हो गए हैं और दो अगले तीन-चार दिन के अंदर बनकर तैयार होंगे। 12 किलोमीटर का अस्थाई घाट यहां पर तैयार किया जा रहा है और सभी लगभग तैयार हैं। अरैल की ओर भी एक पक्का घाट बन रहा है, जिसे अगले दो-तीन दिन के अंदर कंप्लीट कर लिया जाएगा। चेकर्ड प्लेट यहां पर लगभग 530 किलोमीटर के दायरे में बिछाई जा चुकी है और इसी प्रकार से शुद्ध पेयजल के लिए 450 किलोमीटर की पाइलाइन बिछाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मेला लगभग अपना शेप ले चुका है। 7000 से अधिक संस्थाएं अब तक आ चुकी हैं। डेढ़ लाख से अधिक टेंट की व्यवस्था मेला प्राधिकरण की ओर से की गई है। देश और दुनिया प्रयागराज कुम्भ में आने के लिए उत्सुक है। लोग उत्तर प्रदेश और देश के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक और धार्मिक समागम को अपनी आंखों से देखना चाहते हैं। उन्होंने



कहा कि 144 वर्ष के बाद महाकुम्भ का यह मुहूर्त आ रहा है और इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं डबल इंजन सरकार यहां युद्धस्तर पर कर रही है।

**मुख्य स्नान पर नहीं होगा कोई भी प्रोटोकॉल।**

सीएम योगी ने कहा कि 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा का पहला स्नान यहां पर संपन्न होगा। मकर संक्रांति यानी 14 जनवरी को दूसरा स्नान होगा जो अमृत स्नान भी होगा। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का स्नान होगा, जो मुख्य स्नान में से एक है, जिसमें सबसे ज्यादा भीड़ आएगी। हमारा अनुमान है कि इस दिन 6 से 8 करोड़ श्रद्धालु यहां पर आएंगे और उस अमृत स्नान में सहभागी बनेंगे। यह एक बहुत पवित्र मुहूर्त भी होगा। 3 फरवरी बसंत पंचमी है, फिर 12 फरवरी और 26 फरवरी, यह दो अतिरिक्त स्नान समेत यहां पर कुल छह स्नान होने हैं। मुख्य स्नान के दिन कोई भी प्रोटोकॉल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्नान के अवसर पर पूज्य संतों के लिए, श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्प वर्षा की व्यवस्था भी रहेगी।

# पंख प्रोजेक्ट के दिव्यांग प्रशिक्षुओं ने केक काटकर नव वर्ष आगमन का जश्न मनाया

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** ट्रेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पंख प्रोजेक्ट के प्रशिक्षुओं ने नव वर्ष की आगमन पर खुशियां मनाई। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने केक काटकर नव वर्ष आगमन का जश्न मनाया। पंख प्रोजेक्ट एक अनोखा प्रयास है, जिसका उद्देश्य 18 से 30 वर्ष तक के दिव्यांग प्रशिक्षुओं को रिटेल का प्रशिक्षण देकर उनकी रिटेल में रोजगार प्रदान कराना है। यह प्रोजेक्ट दिव्यांगों के लिए निःशुल्क चलाया जाता है, जिससे उन्हें अपने जीवन को स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिल सके। प्रशिक्षुओं ने नव वर्ष की आगमन पर अपने उत्साह और खुशी को व्यक्त किया।




उम्मीद है कि यह प्रशिक्षण उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई। उन्हें उम्मीद है कि यह नव वर्ष उनके लिए नई खुशियों और अवसरों का संचार करेगा। नव वर्ष के आगमन कार्यक्रम पर प्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव, प्रशिक्षक रूमाना परवीन, और कम्युनिटी मोबाइलाइजर फुरकान और विपिन कुमार कुशवाहा समेत पांचवे बैच के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। पंख प्रोजेक्ट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट www.trrain.org या आप ट्रेन ट्रस्ट के प्रयागराज केंद्र से मोबाइल नंबर 9451819362 पर संपर्क या ट्रैफिक चौराहा पर स्थित ट्रेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से सम्पर्क कर सकते है। उक्त जानकारी विपिन कुमार कुशवाहा ने दिया।

# जनपद के सरकारी/अर्धसरकारी विभागों में कमर्शियल वाहनों के स्थान पर निजी वाहनों का किया जा रहा संचालन

**स्वतंत्र प्रभात**

**महेन्द्र कुमार शुक्ल**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यालय परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश की पत्रांक संख्या 2234 दिनांक 24 दिसम्बर 2024 के द्वारा समस्त सहायक समस्त सम्भागीय परिवहन अधिकारीयों एवं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारीयों को निर्देशित किया गया है कि व्यावसायिक वाहनों के रूप में संचालन किया जा रहा है शहरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, छोटे कस्बों में निजी उपयोग के लिए पंजीकृत वाहनों का उपयोग कमर्शियल रूप से किया जा रहा है ऐसे वाहनों को कमर्शियल रूप में उपयोग करके जहां एक और राजस्व की हानि हो रही है वहीं दूसरी ओर राज्य की सकल घरेलू आय जी?एस?डी?पी? में कमी हो रही है निजी वाहन के रूप में पंजीकृत वाहनों का कमर्शियल रूप में उपयोग कड़ाई से प्रतिबन्धित करने हेतु दिनांक 26/12/2024 से 10/01/ 2025 तक विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने का सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है उक्त विशेष चेकिंग अभियान में बैंकों, सरकारी ऑफिसों हर सरकारी संस्थान, ऑन सड़क, निर्माण एजेंसियों, भारतीय खाद्य निगम, मेट्रो रेल, विश्वविद्यालय इत्यादि संस्थानों पर प्रायः किराये पर वाहनों का संचालन किया जाता है यदि कोई वाहन निजी उपयोग में पंजीकृत है और उसका कमर्शियल के रूप में उपयोग में किया जा रहा है तो उनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्रभावी प्रवर्तन निदेशालय से कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया गया है और निजी वाहनों का रूप में संचालित वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाये।

जनपद कौशाम्बी में लगभग सभी सरकारी विभागों में कमर्शियल वाहनों के स्थान पर निजी वाहनों का संचालन किया जा रहा है जिसमें एडीएम एसडीएम व तहसीलदार स्वास्थ्य विभाग में धड़ल्ले से मानकों को दरकिनार कर निजी वाहनों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। अब देखना यह है कि कौशाम्बी के जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा क्या कार्रवाई करते हैं। एआरटीओ तारकेश्वर माह्ल- ने बताया कि किसी भी विभाग में यदि कमर्शियल वाहन के स्थान पर निजी वाहन का संचालन पाया जायेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी उन्होंने कहा कि इससे ना निजी वाहनों में चलने वाले अधिकारियों/सवारियों को जान माल का खतरा होता है बल्कि सरकार को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

# उ. म. रेलवे महा कुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकुंभ रेल सेवा ऐप एवं वेब पोर्टल शुरू करेगा। महा प्रबन्धक

● - इसके माध्यम से दिशा-वार , मेला विशेष ट्रेन, स्टेशन पर यात्री आश्रय एवं सुविधाएँ, हेल्प लाइन नंबर एवं रेल टिकट बुक करने जैसी सुविधाए मिलेगी।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 13000 से अधिक गाड़ियां चलायी जाएंगी।

हिंदी, अंग्रेज़ी, गुजराती, मराठी, तामिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बंगला, उड़िया, पंजाबी एवं असमिया जैसी 12 भाषाओं में उद्घोषित की जाएंगी।




**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के महा प्रबन्धक उपेंद्र जोशी ने आज पत्र कार वार्ता में बताया कि उत्तर मध्य रेलवे महा कुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकुंभ रेल सेवा- 2025 ऐप एवं वेब पोर्टल शुरू किया गया है इसे आसनी से नेविगेट किया जा सकता है । ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से दिशा-वार ट्रेन, मेला विशेष ट्रेन, स्टेशन पर यात्री आश्रय एवं यात्री सुविधाएँ, हेल्प लाइन नंबर एवं रेल टिकट बुक करने जैसे विविध सुविधाएं मिल सकेंगी। रेलवे ने 01 नवंबर, से टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 जारी किया जो 01 जनवरी, 2025 से चौबीसों घंटे प्रति शिफ्ट चार ऑपरेटरों द्वारा संचालित किया जाएगा और मेला अवधि के दौरान उड़िया, तमिल/तेलगु, मराठी और बंग्ला जैसी भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए बहुभाषी उद्घोषणा प्रणाली शुरू की जा रही है । बहुभाषी उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को यात्रा संबंधित जानकारियां 12 भाषाओं- हिंदी, अंग्रेज़ी, गुजराती, मराठी, तामिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बंग्ला, उड़िया,पंजाबी एवं असमिया में उद्घोषित की जाएंगी।

महाप्रबंधक जोशी ने प्रेस वार्ता में बताया कि महाकुंभ -2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 13000 से अधिक गाड़ियां चलायी जाएंगी। 10,000 से अधिक नियमित गाड़ियां एवं 3000 से अधिक विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। इनमें से 1800 गाड़ियों छोटी दूरी के लिए, 700 गाड़ियां लंबी दूरी के लिए और 560 गाड़ियां रिंग रेल पर चलायी जाएंगी। प्रयागराज-प्रयाग-अयोध्या-वाराणसी प्रयागराज संगम-प्रयाग-जौनपुर-प्रयाग-प्रयागराज संगम; गोविंदपुरी-प्रयागराज-चित्रकूट-गोविंदपुरी एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी- गोविंदपुरी-प्रयागराज-मानिकपुर- चित्रकूट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मार्गों पर रिंग रेल की योजना तैयार कर ली गयी है। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूंसी सहित कुल 9 रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ मेला क्षेत्र में यूटीएस, एटीवीएम, एमयूटीएस, पूछताछ और पीआरएस सहित कुल 560 टिकटिंग पॉइंट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन काउंटरों से प्रतिदिन लगभग 10 लाख टिकट वितरित किए जा सकेंगे। रेलवे ने कुंभ मेल के दृष्टिगत अब अग्रिम रेलवे टिकट 15 दिन पूर्व लेने की सुविधा शुरू कर दी गयी है।

महाकुंभ -2025 में श्रद्धालुओं को अविस्मरणीय अनुभव देने के लिए प्रयागराज और आसपास के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे पर वृहत स्तर पर कार्य किया है। प्रयागराज-रामबाग के मध्य गंगापुल, फाफामऊ-जंघई दोहरीकरण, प्रयागराज जंक्शन पर नई सिग्नल प्रणाली, प्रयागराज के 9 स्टेशनों पर प्लेटफ़ार्मों की संख्या में 40 से 48 यात्री आश्रयों की संख्या में वृद्धि करके 11 से 28 कर दिया गए है,। इन आश्रयों की क्षमता बढ़कर 130,000 हो गयी है । स्टेशनों पर वाशिंग लाइन सहित वेटिंग रूम, वेटिंग हाल, स्लीपिंग पॉड, रिटायरिंग रूम, एग्ज़ीक्यूटिव लाउंज, बैटरी अपरेटेड कार, व्हील चेयर, खानपान सुविधा, प्राथमिक चिकित्सा, यात्री सुविधा केंद्र, पर्यटक बूथ, प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र एवं क्लाक रूम सुविधाओं को उन्नत किया गया है। प्रयागराज क्षेत्र में 438 करोड़ रुपये की लागत से 21 रोड ओवर ब्रिज एवं रोड अंडर ब्रिजों का निर्माण किया गया है।

महाकुंभ में अनुमानित भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे के सभी हिस्सों से रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस के 18000 हजार से अधिक जवानों को ड्यूटी पर प्रयागराज लाया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जाएग कि किसी भी स्टेशन पर क्रॉस मूवमेंट की संभावना न हो और यात्रियों की केवल यूनी डायरेक्शनल मूवमेंट सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान प्रयागराज जंक्शन पर सिटी साइड से प्रवेश एवं सिविल लाइन साइड से निकासी की व्यवस्था रहेगी।

किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी स्टेशनों पर प्राथमिक उपचार बूथ स्थापित किए जा रहे हैं और रैपिड एक्शन टीमें भी बनाई गई हैं। परिवहन से संबंधित चिकित्सा सहायता देने के लिए सभी स्टेशनों पर एम्बुलेंस भी तैनात रहेंगी। प्रयागराज जंक्शन पर 06 बिस्तर वाला आबज़र्वेशन रूम बनाया गया है जो यात्रियों को मेडिकल एड देने के लिए उचित मात्रा में सभी प्रकार के उपकरण जैसे, ऑक्सीजन सिलेंडर, कनसंट्रेटर, ई सी जी मशीन, ग्लूकोमीटर, नेब्यूलाइज़र, स्ट्रेचर आदि उपलब्ध कराए गए हैं।

सफाई के संबंध में विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए रेलवे कोचों की सफाई के लिए 1000 से अधिक स्टेशनों की साफ-सफाई के लिए लगभग 1000 से अधिक कर्मचारी तैनात किए है। यात्रियो को ठहरने के लिए यात्री आश्रयों की साफ़-सफाई के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाए जाएंगे। सुरक्षा तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु का पता लगाने और स्टेशनों पर तलाशी अभियान के लिए आरपीएफ की डॉग स्क्वायड टीमों को तैनात किया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी नियंत्रण कक्षों में लाइव फुटेज के साथ 1186 सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध रहेंगे। इनमें से करीब 116 कैमरों में असामाजिक तत्वों की पहचान करने के लिए एआई आधारित फेस रिकग्निशन सिस्टम उपलब्ध कराया गया है।

# जिलाधिकारी ने टी0बी0 ग्रसित 02 बच्चों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली वितरित कर अगले वर्ष-2025 के लिए जनपद के टी0बी0 उन्मूलन कार्यक्रम को नई गति प्रदान की

**स्वतंत्र प्रभात**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा टी0बी0 मुक्त भारत टी0बी0 मुक्त उ0प्र0 2025 के परिपालन में वर्ष 2024 के अन्तिम दिन जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा जनपद के टी0बी0 ग्रसित 02 बच्चों- शिवांश दिवाकर उम्र 05 वर्ष पुत्र रवि कुमार गौरा रोड भरवारी एवं अनुभव कुशवाहा उम्र 14 वर्ष पुत्र राम नारायण ग्राम रोही भरवारी को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली (जिसमें 01 किग्रा मूंगफली, 01 किग्रा भूना चना 01 किग्रा गुड़, 01 किग्रा सत्तू 01 किग्रा तिल/गजक एवं 01 किग्रा बॉर्नविटा) वितरित कर अगले साल 2025 के लिए जनपद के टी0बी0 उन्मूलन कार्यक्रम को नई गति प्रदान की गयी है। विदित रहे कि, वर्तमान में जनपद में टी0बी0 के कुल 1965 मरीज दवा ले रहें हैं, जिसमें 104 बच्चे सम्मिलित है। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम निःक्षय मित्र के रूप में 104 बच्चों को जनपद स्तरीय अधिकारियों को गोद दिलवाया है। ये अधिकारी बच्चों के इलाज के साथ-साथ छः माह तक चलाये जाने वाली दवा की निरन्तरता एवं उनके पोषण पर भी ध्यान देगें।

प्रत्येक माह पोषण पोटली वितरण के साथ-साथ इनके स्वास्थ्य का हाल-चाल भी लेते रहेंगें। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संजय कुमार ने जनपद के समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों तहसील/ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ समस्त ग्राम प्रधानों, प्रभावशाली व्यक्तियों से अनुरोध किया है कि वर्ष-2025 की शुरुआत से इस मुहिम में आगे आकर निःक्षय मित्र बनें एवं टी0बी0 रोग को जड़ से मिटाने में स्वास्थ्य विभाग को सहयोग प्रदान करें। उन्होंने यह भी बताया कि 100 दिन के इस अभियान में सभी एएनएम, आशा एवं आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लगाया गया है, जो अपने-अपने क्षेत्र के हर घर में दस्तक देंगी। घर के



सभी सदस्यां से क्षय रोग के लक्षणों से सम्बन्धित 10 सवाल करेंगी। इसी आधार पर रोगी का पता लगायेंगी। स्क्रीनिंग के बाद जिसमें क्षय रोग के लक्षण मिलेंगे, उनकी जॉच करायी जायेंगी। क्षय रोग की पुष्टि होने के बाद रोगी का उपचार कराया जायेंगा। मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी संयुक्त रूप से समस्त जनप्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर निःक्षय मित्र बनने के लिए अनुरोध करेंगें एवं जनपद को वर्ष-2025 तक टी0बी0 मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील करेंगे।

# एसडीएम ने फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर ईओ,चेयरमैन,सीएससी संचालकों को दिए निर्देश

● - रैन बसेरे का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात**

**अझुवा कौशाम्बी।** जनपद की आदर्श नगर पंचायत अझुवा पहुंचकर उपजिला अधिकारी सिराथू अजेन्द्र सिंह ने अधिशासी अधिकारी अझुवा रश्मि सिंह और चेयर मैन शान्ति देवी कुशवाहा के साथ बैठक कर उपस्थित सीएससी संचालकों को दिशा निर्देश दिए हैं उन्होंने किसानों से अपील की वे अपने नजदीकी सीएससी जनसेवा केन्द्रों पर स्वयं जाकर अपनी-अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें ।उन्होंने कहा फॉर्मर रजिस्ट्री जनहित व शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिन्दुओं में से एक है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता क्षम्य नहीं होगी उन्होंने कहा फॉर्मर रजिस्ट्री योजना किसानों से सम्बन्धित समस्त लाभ दिए जाने के लिए महत्व पूर्ण योजना है इसमें एक ही पोर्टल से किसानों को विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान किए जायेंगे ।अधिशाषी अधिकारी अझुवा रश्मि सिंह ने कहा 31 दिसम्बर दिन मंगलवार शाम 7 बजे से फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु नगर कार्यालय के पास स्थित रैन बसेरे में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नगर क्षेत्र के किसानों की



फॉर्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा आधार कार्ड,आधार कार्ड में लिंक मोबाइल और खतौनी लाकर अधिक से अधिक लोग फॉर्मर रजिस्ट्री करायें।एसडीएम सिराथू ने रैन बसेरे का निरीक्षण कर व्यवस्था की सराहना की है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## दारू प्रखंड में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से प्रखंड के लोग परेशान



**दारु** –दारू प्रखंड में ठंड का कहर दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। लेकिन 30 दिसंबर से ठंड काफी बढ़ गया है साथ ही ठंडी हवाओं से दारु प्रखंड के लोग काफी परेशान है। जिससे कंपकंपी ठंड काफी ज्यादा बढ़ गया है। जिससे शीतलहर और कंपकंपी ठंड की हवा चल रही है। लेकिन दारू प्रखंड के अंतर्गत दारू चौक ,पेटो चौक ,हरली, झुमरा चौक और डीपू चौक में अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे मानसिक रूप से बीमार, बेसहारा, विकलांग सारे लोग ठंडी हवाएं से काफी परेशान है । दारू प्रखंड के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और जिला प्रशासन इस और ध्यान दें। और अलाव की व्यवस्था जल्द से जल्द करें। ताकि ठंड से राहत मिल सके।

## जन सेवा मंच ने लगाया निशुल्क कैंप, 200 से अधिक लोगों को मिला लाभ



**रांची, झारखंड-** जन सेवा मंच द्वारा 31 दिसंबर, रविवार को वार्ड 28 के खादगढ़ा शिव दुर्गा मंदिर के समीप निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में वोटर कार्ड, राशन कार्ड, राशन कार्ड केवाईसी, और आयुष्मान कार्ड से संबंधित फॉर्म भरवाए गए। यह आयोजन रानी मिश्रा और सतीश मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। कैंप में लगभग 200 से अधिक लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। मंच ने घोषणा की कि ऐसे सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुणाल वर्णवाल, अमित अग्रवाल, अभिषेक मिश्रा, आनंद प्रकाश, उषा देवी, होलिका देवी, सुनील कुमार, विजय गुप्ता समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## बरही प्रखंड में 71वीं वार्षिक आदिवासी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**बरही-** बरही प्रखंड के खोड़ाआहार पंचायत के पांचमाईल गांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 31 दिसंबर को 71वीं वार्षिक आदिवासी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मशाल जलाकर किया। प्रतियोगिता में गोला फेंक, बिस्कुट रेस, बालक बालिका दौड़, बम ब्लास्ट, मेढक दौड़, मुर्गा लड़ाई, और महिला सुई-धागा दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन हुआ। चारमाईल, कुंडवा, खोड़ाआहार, कदवा, और पांचमाईल जैसे गांवों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त रेंजर दिलीप एक्का, वार्ड सदस्य पूनम कश्यप, और समाजसेवी एन.के. मेहता, प्रकाश यादव, मैगडली बाड़ा, सुबोध बाड़ा, और पिंटू कदवा समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता ने स्थानीय परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में अहम भूमिका निभाई और ग्रामीण समुदाय में उत्साह का संचार किया।

## 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री के लिए सुजीत सरकार चयनित



**राज्य क्रॉस कंट्री दौड़ में रहे चौथे स्थान पर**

**साहेबगंज, झारखंड-** झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ एवं पूर्वी सिंहभूम एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 31 दिसंबर को जमशेदपुर में संपन्न 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में जिले के राजमहल निवासी सुजीत सरकार पुरुष क्रॉस कंट्री दौड़ 10 किलो मीटर में चौथे स्थान पर रहे । इसके साथ ही सुजीत सरकार का चयन झारखंड क्रॉस कंट्री दौड़ पुरुष वर्ग की टीम में किया गया । जो आगामी 12 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में आयोजित 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री दौड़ में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा, जिलाओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव माधवचंद्र घोष, उपाध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव, अधिवक्ता ओम तत्सत कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू, खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव, अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल, एथलेटिक्स संघ के निमाई चौधरी, गौरव झा समेत जिले वासियों ने बधाई दी।

# संवेदनशील, सहिष्णु एवम उदार सनातननी धार्मिक, परम्पराओं का तथ्य विहिन, अनर्गल प्रलाप अशोभनीय- हिन्दु विचार मंच, पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात




**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** अयोध्या की अति पावनता पूर्ण भूमि पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में,श्रीराम मंदिर निर्माण,प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सहित देश के बहुसंख्यक सनातनी परम्पराओं के निमित्त्, धार्मिक अनुष्ठानों इन दिनों विशाल भव्य आध्यात्मिक कार्य क्रम महा कुम्भ मेला को लेकर, सांसद अबअखिलेश यादव तथा राकेश अचल ऐसे वरिष्ठ पत्रकार की टिप्पणी को अमर्यादित व निराधार है? बताते हुए हिन्दु विचार मंच पाकुड़िया इकाई ने, विभिन्न समाचार पत्रों एवम टी,भी चैनलों के डीबेटों से मिल रही सूचनाओं के आधार पर, पूरे दावों के साथ कहा है कि भारत की स्वतंत्रता काल से ही कांग्रेस,वामपंथी एवम सनातन संस्कृति, धर्म, मनुस्मृति आदि विरोधी हिन्दु बुद्धिजीवियों ने,सनातन धर्म परम्पराओं की बिना तथ्यों आधार हिन प्रमाणिक शास्त्रों, उपनिषदों, मनुस्मृतियों को बिना अध्ययन के ही टिप्पणियां करते रहे हैं, उतनी अनर्गल प्रलाप स्वतंत्र भारत के मुस्लिम धर्म गुरूओं ने नहीं की है। 13जनवरी से महाकुम्भ की तैयारी पूरी तत्परता से की जा रही है वहीं, मुख्यमंत्री द्वारा आमंत्रण पत्र देते हुए इस पूनीत अवसर पर कुम्भ आने की अपील को बे-सिर-पैर बता कर कटु आलोचना पत्रकार राकेश अचल ने की है।राकेश जी ने पूर्व मुख्यमंत्री के अखिलेश जी के माध्यम कहा है कि कुम्भ के लिए निमंत्रण नहीं दिये जाते हैं। दैनिक स्वतंत्र प्रभात सम्पादकीय,स्वतंत्र विचार 31दिसम्वर में प्रकाशित महाकुम्भ का न्यौता देने वाले आप कौन?इस पर मंच स्पष्ट शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया में कहा है आप कौन हैं,निंदा करने वाले?ऐसे पत्रकार व नेता अपने आप को हिन्दु कहते थकते नहीं हैं पर,करते रहे हैं हिन्दु संस्कृति, धार्मिक मूल्यों की निंदा।ऐसे लोग मुस्लिम आक्रांताओं की निंदा या मणिपुर में, कुकी ईसाई धर्मावलंबियों तथा रोहिंग्याओं की निंदा नहीं की।आप बंगलादेश देश में इन? दिनों हिन्दुओं पर किया जा रहा, अमानवीय पर क्यों सार्वजनिक रूप से विरोध नहीं किया?उल्टे भारत सरकार को कठघरे में खड़ा कर दोष मढ़ कर बच निकले।वहीं मानवीय आधार पर लेबनान पर खुब लिखे। आतंकियों,भू माफिया के विरोध में बोला।मंच ने कहा है कि अखिलेश यादव कहते हैं कि जितना धार्मिक आयोजन दस सालों में,इस सरकार में किया गया उतना वैज्ञानिक क्षेत्रों में नहीं।विचार मंच ने पूरा जोर देकर कहा है कि,पैंसठ सालों में तो सांस्कृतिक मूल्यों व स्थलों की उपेक्षा की गई लेकिन मजार, कब्रिस्तान बनाने से भारत की कितनी प्रगति हुई इसे भी,देश को बतावें।मंच ने कहा है क्या धार्मिक स्थलों से हो रही, आय भारत की सामुहिक प्रगति में नहीं लगता है?मंच कहा है आप सरकार की नीति गत आलोचना करें पर,सनातन संस्कृति, धर्म,मान्य परम्पराओं मनुस्मृति,धर्म शास्त्रों आदि के संदर्भ में बिना प्रमाणिक तथ्यों के आधार कदापि अनर्गल टिप्पणी न करें।यदि साहस है तो एक पत्रकार ने नाते,आप अफगानिस्तान सरकार की महिला विरोधी नीति की निंदा कर देखें। सनातन संस्कृति, धर्म आदि की अकारण निंदा इनका डी,एन,ए में है। ऐसे लोग विशेष कर वामपंथी बुद्धिजीवी व पत्रकार कहते हुए नहीं अघाते कि,चीन से भारत को शिक्षा लेना चाहिए पर वे यह क्यों नहीं कहते हैं राष्ट्रीयता जापान तथा इजरायल से सिखें?चीन जाकर स्वतंत्र पत्रकारिता कर देखें तब,समक्ष में आयेगा कि तानाशाह व भारतीय प्रजातांत्र में इतना फर्क क्यों?

# कोयला ट्रांसपोर्ट विवाद पर ग्रामीणों के साथ खड़े हैं, ग्रामीणों के हितों की रक्षा के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार - विधायक प्रकाश राम

स्वतंत्र प्रभात





**चंदवा, लातेहार, झारखंड-** कोयला ट्रांसपोर्ट को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच मंगलवार को लातेहार विधायक प्रकाश राम ने बिराटोली का दौरा किया। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने और समाधान का आश्वासन देने पहुंचे विधायक का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने कोयला गाड़ियों के परिवहन से होने वाली धूल, बर्बादी और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि उनके क्षेत्र में काम तो बहुत हो रहे हैं, लेकिन स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। साथ ही भारी वाहनों के कारण सड़कों की स्थिति बदहाल हो गई है।

विधायक प्रकाश राम ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनके हितों की रक्षा के लिए हर कदम उठाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आपसी समन्वय बनाकर निर्णय लेने की सलाह दी और कहा, ÷आपका विधायक आपके साथ खड़ा है।÷ इसके अलावा, उन्होंने क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों को भी चेतावनी दी कि यदि युवाओं के साथ छल किया गया तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने कहा कि लातेहार पिछड़ा क्षेत्र है, और यहां के युवाओं को रोजगार देना कंपनियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से आपसी विवाद से बचने और एकजुट रहने की अपील की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सोमनाथ गंझु ने की, जबकि संचालन संजीव कुमार ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और कई प्रमुख लोग मौजूद थे, जिनमें राजकुमार पाठक, रविराज, प्रकाश गंझु, बिनोद ठाकुर, आरती देवी, और खुशबू देवी शामिल थे। विधायक की इस पहल से ग्रामीणों में उम्मीद की किरण जगी है।

# एसआरटी कॉलेज धमड़ी में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की हड़ताल, सातवां वेतनमान लागू करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात



**मेहरमा-** सिद्धू कानू मुर्मू विश्वविद्यालय से संबद्ध एसआरटी कॉलेज धमड़ी में शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ ने सातवां वेतनमान लागू कराने की मांग को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। सोमवार को हड़ताली कर्मचारियों ने कॉलेज में तालाबंदी कर दी, जिससे विद्यार्थियों का पठन-पाठन पूरी तरह से ठप हो गया। शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अनुसार, 2016 से देशभर में सातवां वेतनमान लागू हो चुका है, लेकिन झारखंड के 13 अंगीभूत महाविद्यालयों में इसे अब तक लागू नहीं किया गया है। संघ के सदस्य अजय कुमार झा और अमित कुमार ने कहा कि सातवां वेतनमान लागू न होने से कर्मचारी आक्रोशित हैं और हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए हैं। शिक्षकेत्तर कर्मचारी रिमा कुमारी ने कहा, " 2016 से लेकर अब तक जितने भी कुलपति आए, उन्होंने केवल आश्वासन दिया। अगर हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।"संघ ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनकी मांगें पूरी नहीं हुई, तो भूख हड़ताल और चक्का जाम जैसे कदम उठाए जाएंगे। कर्मचारी अपने परिवार के भरण-पोषण में कठिनाई का सामना कर रहे हैं और आत्मदाह तक करने की बात कह रहे हैं।

**प्रभावित शिक्षा व्यवस्था**

हड़ताल और तालाबंदी के कारण कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रशासन की स्थिति**

अब देखना यह है कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस मुद्दे पर क्या कदम उठाता है और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की मांगों को कैसे संबोधित करता है।

# नया सिंघरावां में क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न, विधायक ने विजेता उप विजेता को किया पुरुस्कृत

**● खेल-कूद से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास भी होता है - मनोज कुमार यादव**

स्वतंत्र प्रभात



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखंड के नया सिंघरावां में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। खिताबी भिड़ंत में मेजबान नया सिंघरावां ने केलवा टीम को पांच विकेट से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। बतौर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केवला की टीम ने निर्धारित 12 ओभर में 100 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी नया सिंघरावां की टीम ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर रोमांचक मुकाबले को अपने नाम कर लिया। नया मैन ऑफ दी मैच नया सिंघरावां के दीपक कुमार और सीरीज नया सिंघरावां के ही रौशन यादव को दिया गया। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे सरल माध्यम है। खेल जीवन का अहम अंग है, जिससे जीवन में निखार आता है। खेल-कूद से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास भी होता है । आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय पंडित, उपाध्यक्ष शिवकुमार प्रजापति ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो ने भाग लिया था। विजेता व उपविजेता टीम को अतिथियो ने ट्रॉफी व नगद राशि देकर पुरुस्कृत किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, स्थानीय मुखिया संतोष सिंह, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चनद्रवंशी, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, नौसाद खान, बबलू खान, पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह, समाजसेवी सुरेंद्र यादव, दिनेश यादव, राजेश यादव, मो फहीम खान सहित अन्य। आयोजन को सफल बनाने में सचिव राजेश यादव, कोषाध्यक्ष सुधीर यादव सक्रिय सदस्य रोहित यादव, चंद्रदेव यादव, उपेन्द्र यादव, पारसनाथ राणा, मो सत्तार अंसारी, मो सद्दाम अंसारी, अल्लाउद्दीन अंसारी आदि ने महती भूमिका निभाई।

# असंतुलित होकर गिरा बाइक सवार, गंभीर

स्वतंत्र प्रभात



**चंदवा-** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर गुरीटांड़ के समीप मंगलवार सुबह एक बाइक सवार युवक सामने से आ रहे ट्रक से बचने के क्रम में असंतुलित होकर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके चेहरे व सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट के निशान हैं। घायल युवक की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के ही मड़मा निवासी राहुल गंझू पिता भोला गंझू (16) के रूप में हुई है। घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जंहा प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक को देखकर वह अपने वाहन से संतुलन खो दिया और दुर्घटना का शिकार हो गया।

# ठंढ़ भरी दोपहरी के साथ कुछ हर्ष-विषाद लिये विदा हो गया वर्ष 24

स्वतंत्र प्रभात




**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** नीले आसमान पर खिली धूप व ठंढ़ भरी दोपहरी के साथ कुछ हर्ष-विषाद लिये वर्ष 24 विदा हो गया। वहीं अंग्रेजी नववर्ष का अभिनंदन करने की पूरी तैयारी में प्रखण्ड के लोग जुटे रहे। नववर्ष के अवसर पर प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया से 22 किलो मीटर दूर दुर्गापूर डैम के अलावे घाघर, आमकोना, पाकुड़िया के नदी की पावन तट, गर्म झरना ऐसे प्राकृतिक सौंदर्य से निखरा स्थल पहुंच पिकनिक मनाने की तैयारी पूरे परिवार के साथ लोग करने लगे हैं। हम सनातनी अंग्रेजी नव वर्ष का स्वागत करते रहे हैं, कारण सनातन संस्कृति आध्यात्म प्रधान होने से हम सभी मत, पंथों के प्रति संवेदनशील व सहिष्णु रहे हैं। यद्यपि हम भारतीयों विशेष रुप सनातनियों को स्मरण रहे कि हमारा नव वर्ष चैत्र महीने से श्रीगणेश होता रहा है किसी की परम्पराओं एवम आस्था की निंदा करना हमारी प्रकृति कतई नहीं रही है। परन्तु हमें अपनी मान्य परम्पराओं पर जानकारी के साथ गर्व होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि चैत्र माह में ही विश्व की सृष्टि, श्रीराम जी का प्रकटीकरण नये हिन्दु संवत् इत्यादि हुआ। राष्ट्रपिता माहात्मा गांधी जी ने एक अवसर पर कहा था कि खिड़की खुली रहे। आशय यह है कि दुसरों का सम्मान करें पर अपना खो कर नहीं। यह सही है कि विदेशियों के लम्बे समय तक भारत में शासन रहने से भाषा व कई विषयों पर प्रभाव अवश्य पड़ा है पर हम उस पर निर्भर नहीं हैं। उपमा के तौर पर पानी, वाटर विदेशज हैं और प्रचलन में हैं लेकिन संस्कृत में जल, सलिल, नीर सहित कई पर्यायवाची शब्द हैं। संभवतः इतने पर्याय शब्द विश्व की किसी भाषा में उपलब्ध नहीं है। बहरहाल, 31 दिसम्बर की मध्य रात्रि को घड़ी की छोटी-बड़ी सूई बारह पर मिलते ही पाकुड़िया में युवकों ने गगन भेदी पटाखे फोड़ कर अंग्रजी नव वर्ष का अभिनंदन किया और हैप्पी न्यू इयर कहा।

# चान्हो पुलिस ने अवैध हथियार और चोरी की बाइक के साथ एक को दबोचा

**●प्रशासन की मुस्तैदी से टली संभावित वारदात**

स्वतंत्र प्रभात



**चान्हो-** चान्हो थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध हथियार और चोरी की बाइक के साथ एक को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना के आधार पर झिबरी मोड़ के पास छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया। गिरफ्तार युवक की पहचान अब्बास आलम (30 वर्ष), पिता नजमुद्दीन, निवासी पंडरा, कुंडू थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से एक छह चक्रीय रिवॉल्वर और एक चोरी की ञ्रङ्कस् बाइक (रजिस्ट्रेशन नंबर JH®WAM 5157) बरामद की। वरीय पुलिस अधीक्षक और खलारी पुलिस उपाधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल ने पूरे क्षेत्र को घेरकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस का मानना है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन प्रशासन की मुस्तैदी ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। चान्हो पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# माता-पिता का हद से ज्यादा इंटरफेयर करना भी, पति-पत्नी के रिश्ते को करता है खराब

स्वतंत्र प्रभात



**टूण्डला-** माता-पिता का हद से ज्यादा इंटरफेयर करना भी, पति-पत्नी के रिश्ते को करता है खराब ऐसा ही एक मामला टूण्डला में देखने को मिला काल्पनिक नाम रेखा पुत्री नरेश चंद निवासी नगला राधेलाल थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद की शादी करीब 02 महिने पहले ही सुनील कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार के साथ हुई थी। दोनों पति-पत्नी में सास के ज्यादा इंटरफेयर के कारण विवाद हो गया था। जिस आधार पर आवेदिका रेखा काफी परेशान थी और रोती हुई महिला रिपोर्टिंग चौकी टूण्डला पर आई व चौकी प्रभारी महिला म0उ0नि0 अलवीना पठान को आकर सूचित किया कि मेरे पति मेरी एक भी बात नहीं सुनते हैं अपनी माता की ही बातों में आते हैं और मेरा कोई भी ख्याल नहीं रखते हैं। अपनी माता जी के कहने पर मेरे साथ दुर्व्यवहार करते हैं। मेरे माता-पिता का देहांत हो चुका है। मैं अपने मायके भी नहीं जा सकती हूं। मैं अपने पति के साथ ही रहना चाहती हूं।

आप मेरी मदद कीजिए। उक्त सूचना पर म0उ0नि0 अलवीना पठान द्वारा न सिर्फ पति-पत्नी की ही बल्कि सास की भी काउंसलिंग की गई व तीनों को समझाते हुए उनकी गलतियों का एहसास कराया गया और वर्ष 2024 के जाते-जाते बिखरे परिवार को फिर से एक कराया व हिदायत दी कि अपने-अपने व्यवहार में परिवर्तन करते हुए, पुरानी बातों को भुलाते हुए नए साल में नई शुरुआत करो। अपने रिश्ते को मजबूत बनाओ। जिस पर दोनों पति-पत्नी पुलिस का धन्यवाद करते हुए मुस्कुराते हुए चौकी से रुखसत हुए।

# समाज कल्याण विभाग ने छात्रों को दिया आय प्रमाण-पत्र में सुधार का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात




**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामान्य वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्कूटनी के उपरांत पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत सही डाटा को एन.आई.सी. द्वारा जनपदीय लॉगिन में जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति के स्तर से निर्णयार्थ उपलब्ध कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि इस डाटा में यह देखा गया कि कई छात्रों ने अपने पिता के स्थान पर स्वयं के नाम से निर्गत आय प्रमाण-पत्र का प्रयोग छात्रवृत्ति के आनलाइन आवेदन में किया है। यह प्रक्रिया नियमों के खिलाफ है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी ऐसे मामलों में डाटा रिजेक्ट करने के निर्देश दिए गए थे, जिसमें छात्र द्वारा स्वयं के नाम से आय प्रमाण-पत्र का प्रयोग किया गया था। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में भी कई छात्रों ने इस प्रकार का आवेदन किया है, जो नियमों के अनुरूप नहीं है। ऐसे सभी आवेदन पत्रों को "छात्रों द्वारा अपने नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र का प्रयोग किया है" का उल्लेख करते हुए समिति के स्तर से निरस्त किया जाएगा। इसलिए, सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि वे इस सुधार अवधि में अपने आय प्रमाण-पत्र को ठीक करवा लें। छात्रों को इस दौरान अपने माता-पिता, अभिभावक या पति (जैसा लागू हो) के नाम से निर्गत आय प्रमाण-पत्र में संशोधन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। अधिकारियों ने छात्रों से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द अपने आय प्रमाण-पत्र को सही कराकर आवेदन में इसे अपडेट करें। इसके अलावा, किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए छात्र कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी चित्रकूट से संपर्क कर सकते हैं।

# अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने गौशाला का किया निरीक्षण, पशुओं की सुरक्षा के लिए दिए अहम निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उमेश चंद्र निगम ने कसाई स्थित स्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में मौजूद व्यवस्था और गोवंश की देखभाल की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि गौशाला में भूसा और पौष्टिक आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध था, साथ ही अलाव जलता हुआ पाया गया, जो ठंड के मौसम में गौवंश की गर्मी के लिए आवश्यक था अपर जिलाधिकारी ने गौशाला में उपस्थित गौरक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि गौशालाओं में हरा चारा भी दिया जाए, ताकि गोवंश को सही पोषण मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि गौशालाओं से सरकारी और प्राइवेट जमीन को टैग किया जाए, जिससे हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके और पशुओं को कोई समस्या न हो।

गौशाला में गोवंश के इलाज के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी पशु बीमार होते हैं, उन्हें तत्काल पशु डॉक्टर से इलाज करवाना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जाए। ठंड के मौसम को देखते हुए, अपर जिलाधिकारी ने गौशालाओं में साफ-सफाई बनाए रखने की बात कही और साथ ही ठंड से बचाव के लिए गौवंश के लिए बोरों और त्रिपाल से चारों ओर ढकने की व्यवस्था करने की सलाह दी। इस दौरान डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह और जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला में गौवंश की पूरी देखभाल की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ठंड में कोई भी पशु परेशानी का सामना न करे।

# 2024 की साइबर चुनौतियाँ और 2025 का सुरक्षा संकल्प



साल 2024 ने साइबर सुरक्षा के महत्व को गहराई से उजागर किया। साइबर अपराधों में वृद्धि ने यह स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल युग में सतर्कता और सावधानी हमारी प्राथमिक सुरक्षा कवच हैं। ये घटनाएँ केवल चेतावनी मात्र नहीं थीं, बल्कि यह समझाने वाली थीं कि सतर्कता और सावधानी ही हमारी सबसे बड़ी सुरक्षा है। एक साधारण-सी भूल हमारे जीवन में भारी संकट ला सकती है। यह वर्ष हमें यह सिखाने वाला भी था कि डिजिटल सुरक्षा केवल तकनीकी उपायों तक सीमित नहीं है, यह हमारे डिजिटल व्यवहार और आदतों में अनुशासन और सतर्कता का समावेश भी है। 2024 ने हमें दिखाया कि एक छोटी सी सतर्कता हमारे व्यक्तिगत डेटा, वित्तीय जानकारी और सम्मान की रक्षा कर सकती है। अब समय आ गया है कि 2025 को एक नई शुरुआत के रूप में लिया जाए। हमें 2024 की सीखों को अपनी आदतों में ढालना होगा और एक सुरक्षित डिजिटल भविष्य की नींव रखनी होगी। 2024 की चुनौतियों ने हमें जो सबक सिखाए, उन्हें 2025 के लिए मजबूत संकल्पों में बदलना हमारा उद्देश्य होना चाहिए, जो हमें साइबर अपराध से सुरक्षित रखेंगे। हर सुझाव को जीवन में लागू करके हम खुद को और अपने समाज को इन खतरों से बचा सकते हैं।

### 2025 के लिए डिजिटल सुरक्षा के 25 अहम सुझाव

1. OTP साझा नहीं करेंगे OTP (One Time Password), हमारे ऑनलाइन खातों की सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे किसी के साथ साझा न करना आपका पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है। किसी भी संदिग्ध कॉल, ईमेल, या मैसेज में OTP की मांग हो तो इसे अनदेखा करें। ऑथेंटिकेशन ऐप (जैसे Google Authenticator) का उपयोग करें, जो OTP के साथ एक अतिरिक्त सुरक्षा लेयर प्रदान करता है।

2. अनजान नंबर से वीडियो कॉल स्वीकार नहीं करेंगे - साल 2024 में सेक्सटॉर्शन जैसे अपराधों ने यह सिखाया कि अनजान नंबर से आने वाले कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। अनजान कॉल्स को ब्लॉक करना और पुलिस को रिपोर्ट करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। Truecaller जैसे ऐप अनजान नंबर की पहचान में सहायक हो सकते हैं।

3. जॉब फिशिंग से बचेंगे - जॉब फिशिंग में अपराधी बड़ी कंपनियों के नाम पर नकली नौकरी प्रस्ताव देकर निजी जानकारी चुराते हैं। ऐसे ऑफर को स्वीकार करने से पहले हमेशा जॉब का स्रोत और ऑफर की प्रमाणिकता को जांचें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और केवल अधिकृत वेबसाइट पर ही लॉगिन करें।

4. डिजिटल अरेस्ट के झूठे दावों से सतर्क रहेंगे - साइबर अपराधी खुद को पुलिस अधिकारी बताकर धमकाते हैं और धन उगाही करते हैं। ऐसे कॉल्स पर ध्यान न दें और परिवार या वकील से तुरंत संपर्क करें। किसी भी संदेहास्पद स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करें।

5. बिजली/गैस कनेक्शन कटने के झूठे संदेशों पर भरोसा नहीं करेंगे - ऐसे संदेश जो बिजली या गैस कनेक्शन कटने की धमकी देते हैं, केवल फ्रॉड का हिस्सा हैं। हमेशा आधिकारिक हेल्पलाइन पर संपर्क करें और दिए गए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। बिजली विभाग के लिए 1912, और गैस कनेक्शन के लिए 1800-233-3555 पर कॉल करें।

6. AI वॉयस क्लोनिंग से बचाव करेंगे - आजकल AI की मदद से आवाज की हूबहू नकल संभव है। ऐसी किसी भी कॉल पर सावधान रहें जहां आपसे निजी जानकारी मांगी जाती हो। हमेशा सत्यापन के लिए अतिरिक्त सवाल पूछें।

7. सोशल मीडिया प्रोफाइल को निजी रखेंगे - सोशल मीडिया पर अधिक जानकारी साझा करना जोखिम भरा हो सकता है। अपने प्रोफाइल को निजी रखें और केवल करीबी लोगों के साथ जानकारी साझा करें।

8. गूगल पर 'कस्टमर केयर' सर्च नहीं करेंगे - गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च करना असुरक्षित हो सकता है। हमेशा आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त करें।

9. फर्जी निवेश ऑफर्स को अनदेखा करेंगे (नकारेंगे) - सोशल मीडिया पर उपलब्ध आकर्षक निवेश योजनाओं से बचें। फर्जी ऐप्स और गारंटीड रिटर्न के झूठे वादों पर भरोसा न करें। SEBI हेल्पलाइन 1800-22-7575 का उपयोग करें।

10. क्रिप्टोकरेंसी निवेश में सतर्क रहेंगे - क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करते समय केवल प्रमाणित प्लेटफॉर्म का उपयोग करें। अनजान व्यक्तियों या समूहों की सलाह से बचें।

11. संदिग्ध ईमेल और फिशिंग लिंक से सतर्क रहेंगे - संदिग्ध ईमेल्स के लिंक या अटैचमेंट खोलने से बचें। किसी भी वेबसाइट पर लॉगिन करने से पहले उसकी प्रमाणिकता जांचें।

12. मोबाइल ऐप्स डाउनलोड करते समय सतर्क रहेंगे - केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ऐप्स डाउनलोड करें। किसी भी अनजान ऐप को अपने डिवाइस में इंस्टॉल न करें।

13. सार्वजनिक (पब्लिक) वाई-फाई का सीमित उपयोग करेंगे - पब्लिक वाई-फाई पर बैंकिंग और अन्य संवेदनशील कार्य न करें। VPN का उपयोग करना सुरक्षा के लिए लाभदायक हो सकता

14. साइबर बीमा और साइबर क्राइम रिपोर्टिंग को प्राथमिकता देंगे - साइबर बीमा जैसी सेवाओं का लाभ उठाएं, जो साइबर हमलों के नुकसान को कम करने में मददगार हो सकती हैं। संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन (1930) या नेशनल साइबर पोर्टल (cybercrime.gov.in) पर शिकायत दर्ज करें।

15. फर्जी लॉटरी और स्कीम से बचेंगे - ÷आपने लॉटरी जीती है÷ जैसे संदेशों पर ध्यान न दें। यह फ्रॉड का हिस्सा हो सकता है।

16. डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देंगे - अपने परिवार और दोस्तों को डिजिटल सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे।

17. पर्सनल डेटा एन्क्रिप्शन का उपयोग करेंगे - डिजिटल डेटा को सुरक्षित रखने के लिए एन्क्रिप्शन तकनीक का उपयोग करें।

18. पासवर्ड मैनेजमेंट में सुधार करेंगे - मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और पासवर्ड मैनेजर का सहारा लें।

19. टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को सक्रिय करेंगे - हर महत्वपूर्ण ऑनलाइन खाते के लिए W F A को सक्षम करें।

20. अनचाहे ऐप्स को अनइंस्टॉल करेंगे - फोन में अनचाहे और बिना उपयोग के ऐप्स को तुरंत हटा दें।

21. संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करेंगे - कोई भी अनजान ईमेल या मैसेज से लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी जांच करें।

22. डिवाइस अपडेट को प्राथमिकता देंगे - अपने डिवाइस का ऑपरेटिंग सिस्टम और सॉफ़्टवेयर हमेशा अपडेट रखें।

23. क्लाउड स्टोरेज की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे - क्लाउड स्टोरेज में डेटा को एन्क्रिप्ट करें और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें।

24. संदिग्ध कॉल्स को इग्नोर करेंगे - अनजान कॉल्स को ब्लॉक करें और उन्हें रिपोर्ट करें।

25. ऑनलाइन ट्रांजैक्शन को सुरक्षित बनाएंगे - केवल सुरक्षित वेबसाइट और नेटवर्क पर ही वित्तीय लेन-देन करें। NPCI हेल्पलाइन 1800 120 1740 का उपयोग करें।

2025 का वर्ष न केवल एक नया साल है, बल्कि यह हमारे लिए डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत और सशक्त दीवार खड़ी करने का अवसर है। यह समय है, जब हमें यह समझना होगा कि छोटी-छोटी सावधानियां ही हमारी और हमारे प्रियजनों की सुरक्षा की मजबूत नींव रखती हैं। चाहे वह मजबूत पासवर्ड का उपयोग हो, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को सक्रिय करना हो, या संदिग्ध कॉल्स और फर्जी संदेशों से सतर्क रहना—हर प्रयास हमें साइबर खतरों से बचाने की दिशा में बड़ा कदम है। इस वर्ष का संकल्प केवल व्यक्तिगत सुरक्षा तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह एक सामूहिक जिम्मेदारी भी है। जब हम अपने परिवार और समाज को डिजिटल खतरों के प्रति जागरूक करते हैं, तब हम एक सुरक्षित और मजबूत डिजिटल समुदाय का निर्माण करते हैं। साइबर सुरक्षा का ज्ञान केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि स्कूलों, कॉलेजों और संगठनों में भी प्रचारित किया जाना चाहिए। भारत में डेटा प्राइवेसी कानून को अपनाने और समझने की आवश्यकता है। याद रखें, सुरक्षा केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है; यह हमारी आदतों और सतर्कता का भी हिस्सा है। आइए, 2025 को ऐसा वर्ष बनाएं, जिसमें हर व्यक्ति एक जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनकर न केवल अपने, बल्कि समाज के लिए भी साइबर सुरक्षा की दीवार खड़ी करे। यही वह दिशा है, जो हमें एक सुरक्षित और उज्जवल डिजिटल भविष्य की ओर ले जाएगी। जागरूकता से हम अपने अधिकारों और सुरक्षा का बेहतर उपयोग कर सकते हैं।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## नए साल में पुराने जख्म न कुरेदें आप




नया साल हो या रूमाल तभी तक नया है जब तक कि वो आपके पास आया नहीं। नया होना पुराने का वजूद समाप्त नहीं करता ,बल्कि नयेपन की खुशबू बिखेरता आता है। नए का अहसास पुराने को मुकाबिल रखकर किया जा सकता है। नई कोंपल हो, नया अंकुर हो,नया पैगाम हो या नया जाम हो सभी आल्हादित कर देते हैं। नया आखिर नया ही होता है ,लेकिन यदा रखिये कि नया भी 'पानी केरा बुदबुदा 'ही है, पलक झपकते प्रभात के तारे की तरह छिप जाता है या पुराना हो जाता है। आज हमारे पास जो है वो कल पुराना हो जाएगा और कल जो हमारे पास आएगा वो नया कहलायेगा। नए और पुराने के बीच एक महीन सी लकीर होती है। अदृश्य लकीर। नया अल्पजीवी होता है फिर भी सभी को नए की दरकार होती है। जड़ हो या चेतन नयेपन को लेकर सदैव उत्सुक रहता है।नया स्वाद, नया कपड़ा, नया मौसम, नयी जगह, नया घर,नयी गाडी ,नयी नौकरी, नया -नया-नया। सब कुछ नया। किन्तु प्रकृति में एक तारीख और वर्ष संख्या ही ऐसी है जो नई कही जाती है ,बाकी सब 365 दिन में नया नहीं हो पाता।मनुष्यों को छोड़ शायद ही कोई नया साल मानता हो।

आज जो 31 है कल वो 1 हो जाएगा। आज जो 2024 है ,कल से वो 2025 हो जाएगा, लेकिन बाकी सब कुछ पुराना होगा ,फिर भी सब नए साल का जश्न मानकर स्वागत करेंगे। नए संकल्प लेंगे, नए सपने देखेंगे, नए ठिकाने तलाशेंगे, हालाँकि होगा सब कुछ पुराना है। जैसे नयी बोतल में पुरानी शराब। ये जुमला केवल जुमला नहीं है बल्कि एक हकीकत है। हम सनातनी तो जीवन और मृत्यु को भी इसी सिद्धांत के तहत लेकर चलते है। हमारी आत्मा अजर,अमर है। वो केवल देह बदलती है। हमेशा नई देह चाहिए आत्मा को। नए की तलाश ही हमें गतशील बनाये रखती है।

मजे की बात ये है कि हम एक तरफ नए की और भागते हैं और दूसरी तरफ पुराने के प्रति हमारी आशक्ति समाप्त नहीं होती। हम नया स्वीकार करने में हिचकिचाते हैं और पुराने को लगातार गले से लगाए रखना चाहते हैं। यादें इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। विरासत दूसरा बड़ा उदाहरण है। दुनिया में कोई ऐसा है जिसे नए के मुकाबिले पुराना अप्रिय लगता हो ! हम पुराने रिश्ते मरने नहीं देत। पुरानी तस्वीरें उठाकर फेंक नहीं देते। फिर आखिर क्यों हमें पुराने जख्म कुरेदने में मजा आता है। आखिर हम क्यों पुराने और गड़े हुए मुर्दे उखड़ते हैं ? ये बात अलग है कि हम पुराने से ऊबने लगते हैं। इसी ऊब से नयेपन की चाहत जन्म लेती है। नए साल में भी हमारे साथ अधिकांश चीजें पुरानी ही रहने वाली है। न हम बदलेंगे और न हमरे आसपास के लोग। हम उसी घर में रहेंगे जहां वर्षों से रहते आए हैं , लेकिन हम नयेपन का अहसास करने के लिए हफ्ते -दस दिन के लिए अपने ठिकाने बदल सकते हैं वो भी तब जब हमारे पास इसकी सामर्थ्य हो, अन्यथा झोपडी में रहने वाला किसान,मजदूर नयेपन से हमेशा वंचित रहता है ,नया सभी को चाहिए किन्तु कुछ नया हो तब न ! ! बुधवार को जब नया साल आएगा तब भी हमारे पास न सरकार नई होगी और न अखबार, न टीवी चैनल नया होगा और न कोई स्वाद। हाँ हमारे पास नए कपड़े हो सकते हैं, नया घर हो सकता है , नया वाहन हो सकता है ,नया मोबाईल सेट हो सकता है ,लेकिन अलप समय के लिए। हम नए दौर में प्रवेश जरूर करते हैं किन्तु ये नयापन टिकाऊ नहीं होता । आप याद करके देखिये और बताइये कि आपके पास नया क्या है ? नए केवल संकल्प हो सकते है। नया केवल सपना हो सकता है। नया केवल व्यवहार हो सकता है। नयी केवल शैली हो सकती है। नया केवल स्वाद हो सकता है हालाँकि हर नए के गर्भ में पुराना ही छिपा होता है। यानि नयापन एक 'मृग मरीचिका 'है। जो कभी हाथ नहीं आती और यही वो चीज है जो हमें निरंतर गतिशील बनाये रखती है।

नया साल आप सभी को मुबारक हो ये कामना हम भी करते हैं, क्योंकि आने वाले दिनों में कुछ तो नया हो। नए रिश्ते बनें, नयी सियासत शुरू हो। नया नेतृत्व सामने आये । नया भारत बने जिसमें संकीर्णता ,साम्प्रदायिकता, वैमनस्य की दुर्गन्ध न आती हो। एक ऐसी नई दुनिया हमारा सपना है जिसमें युद्ध न हो, केवल और केवल शांति हो। एक ऐसी दुनिया और एक ऐसा देश हो जहाँ भूख,गरीब। गैर बराबरी न हो कोई नया अवतार न हो। लेकिन ये सब कैसे हो, कोई नहीं जानता। आप अपने लिए अपना नया खुद तलाशिये, कोई सरकार आपको कुछ भी नया नहीं

दे सकती। दुनिया में हादसे और खुशियां समान रूप से नई और पुरानी होती आयीं है और होती रहेंगी।

मुझे हर साल नए साल के वक्त प्रेम धवन याद आते है। हम हिंदुस्तानी फिल्म याद आती है। मुकेश याद आते है। उषा खन्ना याद आतीं हैं क्योंकि उन्होंने जो आव्हान ,जो सलाह हम हिन्दुस्तानियों को दी है वो कोई और दे नहीं सकत। प्रेम धवन जी लिख गए हैं -

छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी
नए दौर में लिखेंगे, मिल कर नई कहानी
हम हिंदुस्तानी, हम हिंदुस्तानी

हम अपनी पुरानी ज़ंजीरों को तोड़ चुके हैं , इसीलिए क्या देखें उस मंज़िल को जो छोड़ चुके हैं ? क्योंकि चांद के दर पर जा पहुंचा है आज ज़मानानए जगत से हम भी नाता जोड़ चुके हैं। अब हमारे पास नया खून है नई उमगें है, नई जवानी है। हममें सोचना है की हम को कितने ताजमहल और बनाने हैं। हमें उन्हें खोदने की बात नहीं सोचना । हमें सोचना है कि कितने अजंता हम को और सजाने हैं। हमें तय करना है अभी कितने दरियाओं का रुख पलटना है , और कितने पर्वतों को राहों से हटाना है। हमें अपनी मेहनत को अपना ईमान बनाना है। हमें किसी अवतार की जरूरत नहीं है ,हमें अपने हाथों से अपना भगवान बनाना है। हमें राम,कृष्ण और गौतम की इस पुण्य भूमि पर ही सपनों से भी प्यारा हिंदुस्तान बनाना है ,न की कोई हिन्दू राष्ट्र। हमें नहीं भूलना चाहिए की हमने दाग गुलामी का धोया है जान लुटा के,हमें याद रखना है कि हमने दीप जलाए हैं, ये कितने दीप बुझा के। हमें याद रखना होगा कि हमने ली है आज़ादी तो फिर इस आज़ादी को रखना होगा ,हर दुश्मन से आज बचा के । ? हमें हकीकत को पहचानना होगा। क्योंकि हमारा हर ज़र्रा है मोती है ,जरा आँख उठाकर देखो। हमारी मिटटी केवल मिटटी नहीं है इसमें सोना है, हाथ बढ़ाकर देखो। हमारी गंगा भी सोने की है ,चांदी की जमुना है। इसकी मदद से चाहो तो पत्थर पे धान उगाकर देखो। किसी राज सत्ता या व्यक्ति के अंधभक्त बनकर हम ये सब नहीं कर सकत। नयापन हमारे लिए एक ख्वाब ही बनकर रह जाएगा। बहरहाल आप सब खुश रहें ,सुख-समृद्धि आपके कदम चूमे। यही नए वर्ष पर हमारी शुभ कामना है।

**राकेश अचल**

# यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनायें

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफ़ा लाने वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्वभर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहां पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र, हर तरह के ख़ान-पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पढ़े-लिखे बढ़िया अंग्रेज़ी जानने, बोलने वाले विद्यमान हैं जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं। 2025 तक भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक भारत में डिजिटल लेन-देन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे।

आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं।अब मेक इन इंडिया के बारे में तो विश्वभर में सब जानते ही हैं। यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 तक भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 2025 तक भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। नितिन गडकरी के नेतृत्व में भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सरकार शहरों को अधिक रहने योग्य और कुशल बनाने के लिए काम कर रही है। 2025 तक स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी। आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। सरकार स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है।

भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन, सेंसर और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिल रही है। 2025 तक कृषि क्षेत्र में अधिक डिजिटलीकरण होने की उम्मीद है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र किसानों के लिए आय बढ़ाने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने में मदद कर सकता है। 2025 तक खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उम्मीद है कि इस साल सेंसर, ड्रोन और जीपीएस जैसी तकनीकों का उपयोग करके किसान अब मिट्टी, पानी और उर्वरक का अधिक कुशलता से उपयोग करने लगेंगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार, मौसम की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों से तो जोड़ ही रहे हैं। सरकार कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश कर रही है जिससे नई फसलें, बेहतर कृषि तकनीकें और कीट नियंत्रण के नए तरीके विकसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम और कम लागत वाली पारंपरिक अन्न पर जोर देकर मोदी सरकार ने छोटे किसानों के लिए दूरगामी योजना तैयार की है । यह अब तक का दुर्भाग्य ही रहा है कि हमारी सभी पूर्ववर्ती सरकारों का ध्यान सिंचित भूमि की कृषि पर ही रहा है जो पिछले 75 वर्षों में और लाखों करोड़ रुपये का व्यय करने और बांधों और परियोजनाओं के निर्माण में लाखों एकड़ भूमि बर्बाद करने के बाद भी हम मुश्किल से 30-35 प्रतिशत भूमि ही सिंचित कर पाए हैं। प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए बरसात पर निर्भर पारंपरिक अन्न, दलहन और तिलहन की खेती करने वाले छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों की चिंता हमने की ही कहां? अब आशा करनी चाहिए कि सतत?अनुसंधानों और पारंपरिक फसलों के उत्पादन पर सरकार का ध्यान जाने से किसानों को लाभ होगा। साथ ही मिलेट्स का निर्यात बढ़ेगा और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा।

2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के संभावित परिणामों की बात करें तो कृषि उत्पादन में वृद्धि से देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत कृषि उत्पादों का निर्यात करके भारी विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है। हालांकि, कुछ चुनौतियां भी हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता होगी जैसे, छोटे किसानों को नई तकनीकों और बाजारों तक पहुंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है। भूमि और जल संसाधनों का संरक्षण करना आवश्यक है ताकि कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। इन चुनौतियों का समाधान करके भारत 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगा सकता है और एक मजबूत और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित कर सकता है। शिक्षा के लिए भी 2025 बेहद अहम हो सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई शिक्षा नीति शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है। यह नीति कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और अनुसंधान पर केंद्रित है। 2025 तक नई शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। ऑनलाइन शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक ऑनलाइन शिक्षा और अधिक सुलभ और किफायती होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत 2025 तक एक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रगति से देश के विकास को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, सरकार को अभी भी गरीबी, असमानता और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसी कई समस्याओं का समाधान करना बाकी है।

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित


**संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,**
**मो0: 7499472288**

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# एच-1 बी वीजा - ट्रंप खेमे में टकराव









एच-1बी वीजा एक गैर प्रवासी वीजा है। यह आमतौर पर उन्हें मिलता है जो अमेरिका में काम करने जाते हैं। अमेरिकी आईटी कम्पनियों में भारतीय आईटी प्रोफैशनल्स की जबर्दस्त मांग के चलते यह वीजा भारतीय सबसे अधिक हासिल करते रहे हैं। इन वीजाधारकों को उनके अनुभव, शिक्षा, नौकरी और जॉब एरिया के आधार पर न्यूनतम सैलरी की गारंटी दी जाती है। यह वीजा भारतीय युवाओं के लिए अमेरिकन ड्रीम के समान है। अमेरिका के दूसरी बार निर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान अमेरिका की आवर्जन नीति को मुख्य मुद्दा बनाया था। ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों को निकालने और अप्रवासन नीति को सख्त बनाने का वादा किया था लेकिन अब उन्होंने पलटी मार ली है। उन्होंने एच-1बी वीजा को शानदार कार्यक्रम बताया और योग्य पेशेवरों के विरोध को लेकर चल रही खबरों को खारिज कर दिया। ट्रंप के अत्यंत करीबी और प्रबल समर्थक एलन मस्क और ट्रंप सरकार में आर्टिफिशियल इटैंलीजेंस नीति का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन योग्यता आधारित अप्रवासन सुधारों की वकालत कर रहे हैं। दूसरी तरफ ट्रंप के वफादारों में से एक लारा लूमर और अन्य कट्टर समर्थक इस नीति का विरोध कर रहे हैं। आम धारणा है कि ट्रंप के रुख में परिवर्तन एलन मस्क और श्रीराम कृष्णन द्वारा अपनाए गए रुख के चलते आया है। इस मुद्दे को लेकर डोनाल्ड ट्रंप के खेमे में टकराव शुरू हो गया है। उनका कहना है कि मस्क और उद्यम पूंजीपति श्रीराम कृष्णन का रुख लोक लुभावन आदर्शों के साथ विश्वासघात है और उनके रुख में कहीं भी अमे?रिकी फर्स्ट नहीं है। इन दोनों पर आरोप लगाया जा रहा है कि उनकी नीति इंडिया फर्स्ट की है जो अमेरिकी श्रमिकों को कमजोर करेगी। एलन मस्क तो खुद एच-1बी वीजा पर अमेरिका में आए थे। ट्रंप खेमे के मैट गेट्ज, निकी हेली ब्राडकास्टर, ब्रेंडेन डिले आदि कई लोगों ने अप्रवासन नीतियों को लेकर एलन मस्क के विचारों का विरोध किया है। एलन मस्क एच-1बी वीजा की पुरजोर वकालत कर रहे हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी टेक कंपनियों को देश में काम कर रहे इंजीनियरों की संख्या दोगुनी करने की जरूरत है। मस्क ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "अगर आप चाहते हैं कि आपकी टीम चैंपियनशिप जीते तो आपको टॉप टैलेंट को भर्ती करना ही होगा, चाहे वे कहीं भी हों।" लॉरा लूमर का विरोध करते हुए मस्क ने लिखा 'अमेरिका में बेहतर इंजीनियरिंग टैलेंट की परमानेंट कमी है।

ये सिलिकॉन वैली को सीमित कर देने का मूलभूत कारण है। 26 दिसंबर को एक्स पर मस्क ने लिखा, 'आप क्या चाहते हैं, अमेरिका जीते या हारे? अगर आप दुनिया की सबसे बेहतरीन प्रतिभाओं को दूसरी तरफ जाने के लिए मजबूर करेंगे तो अमेरिका हार जाएगा। बात यहीं आकर खत्म होती है।'एलन मस्क का विवेक रामास्वामी ने भी समर्थन किया। उन्होंने एक लंबी पोस्ट लिखी। इस पोस्ट की कुछ बातें बहुत से लोगों को पसंद नहीं आई और एच-1बी पर छिड़ा विवाद और गहरा गया। रामास्वामी ने लिखा, 'कुशल विदेशी लोगों के बिना अमेरिका का पतन निश्चित है। अमेरिकी संस्कृति औसत दर्जे की तरफ बढ़ रही है। टॉप टेक कंपनियां अक्सर 'मूल' अमेरिकियों की तुलना में विदेश में जन्मे और पहली पीढ़ी के इंजीनियरों को नौकरी पर रखती हैं। इसका कारण जन्मजात अमेरिकियों की आईक्यू कम नहीं है। निकी हेली भी विरोध में कूद पड़ी हैं। उनका कहना है कि हमें अमेरिकियों में निवेश करना चाहिए। उन्हें प्राथमिकता देनी चाहिए न कि विदेशी श्रमिकों को । एच-1बी वीजा पाने वालों में सबसे ज्यादा 70 फीसदी भारतीय हैं। इसलिए इसकी नीति में बदलाव करने का सबसे बड़ा असर भारतीयों पर ही होगा।

इतने बड़े पैमाने पर भारतीयों का होना अमेरिका की टेक उद्योग में भारतीय प्रोफैशनल्स के महत्व को दर्शाता है लेकिन ट्रंप के समर्थकों को यह बात रास नहीं आ रही है जबकि एलन मस्क ने यह ऐलान कर दिया है कि इस वीजा कार्यक्रम को बचाने के ?लिए वे युद्ध तक कर सकते हैं जबकि उनके विरोधियों का कहना है कि विदेशी प्रोफैशनल्स को बुलाने से अमेरिका की स्थिति कनाडा और अन्य देशों जैसी हो जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यक्रम में एच-1बी वीजा पर महत्वपूर्ण प्रतिबंध लगाए थे लेकिन अब वे नरम रुख अपनाए हुए हैं। हाल ही में उन्होंने अमेरिकी विश्वविद्यालयों के विदेशी स्नातकों को ग्रीन कार्ड देने की घोषणा की थी। इससे भी अप्रवासन नीति को लेकर बहस छिड़ गई है। ट्रंप के शपथ लेने से पहले ही उनके खेमे में दरार पड़ने का राजनीतिक प्रभाव जरूर दिखाई देगा। विवाद तब शुरू हुआ जब ट्रंप ने भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन को एआई से जुड़े मामलों का सलाहकार बनाया। उनकी नियुक्ति को लेकर ट्रंप के अतिवादी समर्थकों ने नाराजगी जताई थी। एलन मस्क स्वयं बड़े उद्योगपति हैं इसलिए प्रतिद्वंद्वी उद्योगपति लॉबी द्वारा विरोध किए जाने की भी आशंकाएं प्रबल हैं। देखना होगा कि 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद ट्रंप क्या रुख अपनाते हैं। उनकी सनक कब कुछ बदल दे कहा नहीं जा सकता।

